हिन्दी-वाक्य-विन्यास

हिन्दी-वाक्य-विन्यास

आगरा विश्वविद्यालय द्वारा पी-एच० डी० की उपाधि
के लिए स्वीकृत शोध-प्रबन्ध

सुधा कालरा
एम० ए०, पी एच० डी०
हिन्दी विभाग मॉडर्न कालिज फॉर विमैन
दिल्ली विश्वविद्यालय

लोकभारती प्रकाशन
१५-ए महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद-१

लोकभारती प्रकाशन
१५ ए, महात्मा गांधी मार्ग
इलाहाबाद १ द्वारा प्रकाशित

मूल्य ४० ००

प्रथम संस्करण १९७१

रूपक प्रिंटर्स
नवीन शाहदरा दिल्ली ३२
द्वारा मुद्रित

परम पूजनीया मा
एवं
श्रद्धेय पिताजीको
सादर समर्पित

स्वानुभूति

इस पुस्तकका प्रारम्भ फरवरी १९६२ मे शोध प्रबन्धके रूपमे हुआ। किसी भी प्रकारके भाषा विषयक अध्ययनकी प्रत्येक अवस्थामे कई प्रकारकी कठिनाइया आती हैं। हिन्दीमे स्थिति और भी गभीर है क्योकि भाषा अध्ययनमे वैज्ञानिक दृष्टिकोणका अभाव रहा है। प्रस्तुत प्रयासको अन्तिम रूप देनेमे बहुतसे लोगोंका सहयोग मिला जिनका उल्लेख करना मैं अपना परम कर्तव्य समझती हूँ।

स्वर्गीय डॉ० यदुवशीकी मैं हृदयसे आभारी हूँ जिन्होंने ६१ ६२ मे ही यह चुनौती भरा विषय सुझाया, जिसकेलिए उस समय न कोई परम्परा थी और न रूपरेखा। यहा तक कि ६५ ६६ मे (जबकि प्रस्तुत शोध प्रबन्ध स्वीकृत हो चुका था) अमेरिकामे इसी विषयपर हुए शोध कार्यकी लेखिकाने लिखा कि हिन्दीमे इस प्रकारके वैज्ञानिक अध्ययनका अभाव है। डॉ० यदुवशीकी असामयिक मृत्युसे आज भी मैं अपने-आपको उनके अमूल्य दिशा निर्देशसे वचित पाती हूँ। मैंने दिवगत डा० यदुवशीकी अन्त दृष्टिको यथासम्भव इस पुस्तकमे साकार करनेका प्रयास किया है।

डॉ० हरदेव बाहरीने वाक्य विवेचनकी अनेक पद्धतियाको स्पष्ट करके इस शोध-कार्यमे सहयोग दिया।

डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्याकी मैं विशेष रूपसे आभारी हूँ जिन्होने विवेच्य विषयके महत्त्व, कार्यकी दिशाओ और रूपरेखाको सुलझाकर शोध प्रबन्धको वैज्ञानिक रूप देनेमे अपना समय और अमूल्य मत दिया।

दिल्ली विश्वविद्यालयके तत्कालीन विभागाध्यक्ष डॉ० नगेन्द्रके आद्यन्त पथ प्रदर्शन और अनेक प्रकारकी सहायतासे ही यह कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका।

परम स्नेहमयी डॉ० निर्मला जैनकी सतत प्रेरणा इस शोध प्रबन्धकी रचना और इस रूपमे प्रस्तुत करनेमे सदैव सक्रिय रही।

जहाँ एक ओर अधिकाश प्रकाशक सामा य विषयाकी पुस्तकें ही छापना चाहते है वहा लोकभारती प्रकाशनका इस पुस्तकको छापनेका साहस निश्चय ही श्लाघनीय है। पुस्तकके सफल और सुचारु मुद्रणम रूपक प्रिटसके सभी काय कर्ताओके अथक परिश्रम एव धयका बहुत बडा हाथ है। इस कायको सम्पन्न करनम मुझे अपने पति श्री अशोककुमार कालरासे अनवरत प्रेरणा और सहयोग मिला जिससे पुस्तक अल्प अवधिम ही इतन सुदर रूपम छप पाई।

जनवरी १९७१ सुधा कालरा

संक्षिप्त-रूप तालिका

अ०	अकारान्त	गौ० कर्म	गौण कर्म
अक्रिधा०	अकर्मक क्रिया धातु	जिज्ञा०	जिज्ञासार्थक
अभूत०	अपूर्ण भूत	निषेध०	निषेधार्थक
अधि०	अधिकरण	प्रश्न०	प्रश्नार्थक
अन्य०	अन्यपुरुष	प्रेक्रिधा०	प्रेरणार्थक क्रिया धातु
अपा०	अपादान	पू०	पूरक
अवि०	अविकारी	पूभूत०	पूर्णभूत
आ०	आकारान्त	बहु०	बहुवचन
आदर०	आदरार्थक	भवि०	भविष्यत् काल
आज्ञा०	आज्ञार्थक	भाव०	भाववाच्य
इ०	इकारान्त	भूत०	भूतकाल
इच्छा०	इच्छार्थक	भूत० कृ०	भूतकालिक कृदन्त
ई०	ईकारान्त	वर्त०	वर्तमानकाल
उ०	उकारान्त	वर्त० कृ०	वर्तमानकालिक कृदन्त
उ०	उद्देश्य	कर्तृ०	कर्तृवाच्य
उ० विस्तार	उद्देश्यविस्तार	कर्तृ कर्म०	कर्तृ कर्मवाच्य
उभय०	उभयलिंग	कर्म०	कर्मवाच्य
उत्तम०	उत्तमपुरुष	कर्मपू०	कर्मपूरक
ऊ०	ऊकारान्त	क्रि०	क्रिया
एक०	एकवचन	क्रि० वि०	क्रियाविशेषण
ओ०	ओकारान्त	क्रिवाश	क्रियावाक्यांश
औ०	औकारान्त	क्रियार्थक सं०	क्रियार्थक संज्ञा
कर्तावि०	कर्ताविस्तार	कृ०	कृदन्त

वि०	विशेषण
विका०	विकारी
विधा०	विधानार्थक
विबो०	विस्मयबोधक
सनिघा०	सकर्मक क्रिया धातु
समा०	समानाधिकरण
समु०	समुच्चयबोधक
सव०	सर्वनाम
सहाक्रि०	सहायक क्रिया
स्त्री०	स्त्रीलिंग
स०	संज्ञा
संकेत०	संकेतार्थक
संदेह०	संदेहार्थक
संभा०	संभावनार्थ
सवाश	संज्ञावाक्यांश
सम्॰वि०	सम्बन्धसूचक विशेषण
संयुक्रि०	संयुक्त क्रिया

उपस्थापन

वाक्य मनुष्यकी भाषागत अभिव्यक्तिका सबसे महत्त्वपूर्ण उपादान है। मनुष्य वाक्यमे ही सोचता है और अपनी मानसिक प्रक्रियाको इच्छा और आवश्यकताके अनुसार वाक्यके रूपमे ही अभिव्यक्त करता है। आधुनिक भाषा विज्ञानमे अभी तक किए गए अनुसधानसे इस तथ्यकी पुष्टि होती है कि भाषाकी न्यूनतम सार्थक इकाई वाक्य ही है। अनुभूतिकी अभिव्यक्तिमूलक आकाक्षासे भाषाका जन्म हुआ। सामान्यत भावो, विचारो और इच्छाओके अभिव्यक्ति-मूलक सकेतसमूहको भाषा कहा जा सकता है। भाषा अभिव्यक्तिका प्रधान माध्यम तो है किन्तु एकमात्र साधन नही क्योकि विभिन्न ध्वनियो, सकेतो, मुद्राओ और आगिक चेष्टाओके द्वारा भी मनुष्य अपना अभिप्राय व्यक्त कर सकता है। व्यवस्थित भाषाके अभावमे प्रारम्भिक मानवने भी भाषासे इतर इन्ही माध्यमो द्वारा अपनी बात समझानेका प्रयास किया होगा। इनमसे कुछ ध्वनिया विशिष्ट अर्थोमे रूढ हुई होगी जिनसे भाषाकी रूपरेखा निश्चित हुई। सभ्यताके विकासके साथ साथ भाषाका स्वरूप भी विकसित हुआ।

भारतीय और पाश्चात्य विद्वानोने भाषाकी व्याख्या करते हुए इसके सक्रिय पक्षको अधिक महत्त्व दिया है। भर्तृहरिने 'वाक्यपदीय' मे कहा है कि शब्द व्यापार या भाषण प्रक्रिया दो बुद्धियोके बीच आदान प्रदानका एक माध्यम है।[1] वन्द्रेय भाषाको उन सकेतोकी व्यवस्था मानते हैं जो पारस्परिक विचार विनि-

---

1 भर्तृहरि— वाक्यपदीय'

शब्द कारणमर्थस्य स हि तेनोपजन्यते
तथा च बुद्धिविषयादर्थाच्छब्द प्रतीयते — २ ३ ३२
तथा — बुद्ध्यर्थादेव बुद्ध्यर्थे जाते तदपि दृश्यते — २ ३ ३३

वि०	विशेषण	स्त्री०	स्त्रीलिंग
विका०	विकारी	स०	सना
विधा०	विधानाथक	सकेत०	सकेताथक
विबो०	विस्मयबोधक	सदेह०	सदेहाथक
सक्रिधा०	सकमक क्रिया धातु	सभा०	सभावनाथ
समा०	समानाधिकरण	सवाश	सज्ञावाक्याश
समु०	समुच्चयबोधक	सबं०वि०	सम्बधसूचक विशेषण
सव०	सवनाम	सयुक्रि०	सयुक्त क्रिया
सहाक्रि०	सहायक क्रिया		

उपस्थापन

वाक्य मनुष्यकी भाषागत अभिव्यक्तिका सबसे महत्त्वपूर्ण उपादान है। मनुष्य वाक्योंमें ही सोचता है और अपनी मानसिक प्रक्रियाका इच्छा और आवश्यकताके अनुसार वाक्यके रूपमें ही अभिव्यक्त करता है। आधुनिक भाषा विज्ञानमें अभी तक किए गए अनुसंधानसे इस तथ्यकी पुष्टि होती है कि भाषाकी न्यूनतम सार्थक इकाई वाक्य ही है। अनुभूतिकी अभिव्यक्तिमूलक आकांक्षासे भाषाका जन्म हुआ। सामान्यतः भावों, विचारों और इच्छाओंके अभिव्यक्तिमूलक संकेतसमूहको भाषा कहा जा सकता है। भाषा अभिव्यक्तिका प्रधान माध्यम तो है किन्तु एकमात्र साधन नहीं क्योंकि विभिन्न ध्वनियों, संकेतों, मुद्राओं और आंगिक चेष्टाओंके द्वारा भी मनुष्य अपना अभिप्राय व्यक्त कर सकता है। व्यवस्थित भाषाके अभावमें प्रारम्भिक मानवने भी भाषासे इतर इन्हीं माध्यमों द्वारा अपना भाव समझानेका प्रयास किया होगा। इनमेंसे कुछ ध्वनियाँ विशिष्ट अर्थोंमें रूढ़ हुई होंगी जिनसे भाषाकी रूपरेखा निश्चित हुई। सभ्यताके विकासके साथ-साथ भाषाका स्वरूप भी विकसित हुआ।

भारतीय और पाश्चात्य विद्वानोंने भाषाकी व्याख्या करते हुए इसके सक्रिय पक्षको अधिक महत्त्व दिया है। भर्तृहरिने 'वाक्यपदीय' में कहा है कि शब्द व्यापार या भाषण प्रक्रिया दो बुद्धियोंके बीच आदान प्रदानका एक माध्यम है।[1] स्टर्टेवेंट भाषाको उन संकेतोंकी व्यवस्था मानते हैं जो पारस्परिक विचार विनि

---

१ भर्तृहरि—'वाक्यपदीय'

शब्दः कारणमर्थस्य स हि तेनोपजन्यते
तथा च बुद्धिविषयादर्थाच्छब्दः प्रतीयते ३ ३ ३२

माध्यम समझा है।[1] गार्डिनर तो भाषाको सामाजिक क्रिया ही मानते हैं।[2] येस्पर्सन इसे मानवीय सक्रियता कहते हैं।[3] ब्लाक एवं ट्रेगर भाषाको मौखिक प्रतीकोंकी यादृच्छिक व्यवस्था मानते हैं जिसके द्वारा समाज परस्पर सम्बद्ध रहता है।[4] अतः उच्चारण अवयवों द्वारा निःसृत निरर्थक वर्णात्मक ध्वनि समूहके माध्यमसे मानव समाज अपनी अनुभूतियोंका आदान प्रदान करते हैं उसे भाषा कह सकते हैं।

भाषा विवेचनके दो मुख्य अंग हैं—व्याकरण और अभिधान। व्याकरणके अन्तर्गत ध्वनिविचार, रूपविचार और वाक्यविचार आता है। अभिधानका सम्बन्ध अर्थ-तत्त्वकी व्याख्या, पद संग्रह तथा व्याकरणिक अनुशासनसे अधिक है। इन दोनोंका परस्पर सम्बन्ध भाषाविज्ञानके क्षेत्रमें विवादका विषय रहा है। किन्तु इस अध्ययनकी सीमित परिधिमें यह विवेचन सम्भव नहीं है। इन दोनों वर्गोंका पारस्परिक सम्बन्ध चाहे जो भी हो उद्देश्य एक ही है अभिधेयकी अभिव्यक्ति और इस अभिव्यक्तिका चरम अवयव वाक्य है।

भारतीय और पाश्चात्य विद्वान् वाक्यको भाषाकी एक अविभाज्य और सतत पूर्ण इकाई स्वीकार करते हैं। इस मान्यताके मूलमें यह तर्क है कि मनमें भाव और विचार एक वाक्यके रूपमें ही उत्पन्न होते हैं और इसी रूपमें इनका आदान प्रदान होता है। वन्द्रेयका मत है कि मानव विचार प्रक्रिया एक आन्त

---

1 *Vendreys J — Language A Linguistic Introduction to History* Page 7
The most general definition of language that can be given is that it is a system of signs By signs we understand all those symbols capable of serving as a means of communication between men

2 *Gardiner—Speech and Language* Page 64
That the act of speech is a social act seeing that it necessarily involves two persons and may possibly involve more if there is a number of listeners

3 *Jesperson Otto—Philosophy of Grammar* Page 77
The essence of language is human activity—activity on the part fo one individual to make himself understood by another and activity on the part of that other to understand what was in the mind of the first

4 *Bloch & Trager—Outline of Linguistic Analysis* Page 5
A language is a system of arbitrary vocal symbols by means of which a social group co-operates

कि भाषाके समान है जिसमें व्यक्त भाषाके समान ही वाक्य परस्पर सम्बद्ध रहते हैं। हमारे सोचनेका और वार्त्तालापका माध्यम वाक्य ही है।[1]

इस सम्बन्धमें भाषा विषयक विवेचनमें कई प्रकारके मत मिलते हैं। यास्क जैमिनी और अन्य भाषाविदोंकी रचनाओंमें परस्पर विरोधी मत पाए जाते हैं। एक मत यह है कि प्रत्येक वर्णमें निश्चित अर्थ होता है और शब्द वर्णोंका समूह होता है अतः शब्दका अर्थ वर्णोंके संघातपर आधारित रहता है। दूसरे मतानुसार शब्दों या पदोंका अर्थ पृथक् पृथक् होता है और ये स्वतन्त्र इकाइयाँ हैं जिनके संयोगसे वाक्यकी रचना होती है। इस मान्यताके आधारपर शब्दोंको परस्पर स्वतन्त्र और स्वतः महत्त्वपूर्ण वर्गोंमें विभाजित कर दिया गया। एक अन्य मत है कि शब्दका कोई निश्चित अर्थ नहीं होता। शब्द केवल अपनी निषेधात्मक और प्रतीकात्मक शक्तियोंके द्वारा कार्य करते हैं। वाणीकी इकाई वाक्य ही हो सकती है क्योंकि केवल अर्थवत्ता मात्रसे ही वाणीकी इकाई सिद्ध नहीं की जा सकती। इस प्रकार वर्ण, शब्द और वाक्य तीनों ही वाणीकी इकाई सिद्ध किए जाते रहे। इस सम्बन्धमें भर्तृहरिके आठ वादोंके विश्लेषणसे यह स्पष्ट हो जाता है कि यद्यपि वाक्य शब्दसंघातसे बनता है, शब्दोंकी स्वतन्त्र सत्ता नहीं है अपितु वाक्य शब्द समूहसे उत्पन्न एकात्मक और समग्र प्रतीति है। वाक्यान्तर्गत प्रयुक्त होनेवाले पद स्वतन्त्र अर्थात्मक महत्त्व होनेपर भी एक दूसरेके बिना अधूरे प्रतीत होते हैं। अभिव्यक्तिकी आकांक्षा जितने पदोंसे निवृत्त हो जाए उसीका नाम वाक्य है। वाक्य एक अविभाज्य अक्रम और अपद इकाई है जिसमें क्रमिक ध्वनियाँ और शब्द केवल एक दूसरेके उपकारक हैं तथा वाक्य एक उपचीयमान अथवा द्योतक है। शब्द और शब्दसमूह केवल बाह्य आकार हैं। वाणीका जन्म और ग्रहण बुद्धि की विषयगत एकाग्रतासे होता है। अतः जो बुद्धिगत एकता प्रदान कर सके वही वाक्य है। भर्तृहरिके अतिरिक्त कुछ अन्य भारतीय मनीषियोंकी धारणाएँ भी इस मतकी पुष्टि करती हैं। जैमिनी (मीमांसा) विश्वनाथ (साहित्यदर्पण) रुद्रट (काव्यालंकार) केशवमिश्र (तर्कभाषा) और पतंजलि (महाभाष्य)

---

1 *Vendreys J —Language* Page 68
But thinking is really an inner language in which the sentences are linked together just as in articulate speech
Like the verbal image the sentence is a basic element in language Two people talking to each other exchange sentences We learn to speak in sentences and think in sentences

भी वाक्यकी महत्ताको स्वीकार करते हैं।¹ इससे पाश्चात्य भाषावैज्ञानिक भी प्राचीन भारतीय मतकी पुष्टि करते हैं कि वाक्य अभिव्यक्तिकी एक स्वतन्त्र इकाई है जिसकी व्याख्या अपूर्ण एवं परस्पर आश्रित अर्थोंमें की जाती है।²

वाक्यकी रचनाका मूल आधार आन्तरिक भावना या प्रयास माना है। इस वर्णोच्चारण और शब्दस्थितिका महत्त्व गौण है किन्तु यह वाक्यम अन्तर्निहित

---

१ जैमिनी—'मीमांसा'
'अर्थैकत्वादेकं वाक्यं साकांक्षं चेद्विभागे स्यात्' २ २ ४६
विश्वनाथ—'साहित्यदर्पण'
'वाक्यंस्याद् योग्यताकांक्षासत्तियुक्तः पदोच्चयः
रुद्रट—'काव्यालंकार'
वाक्यं तत्राभिमतं परस्परं सम्बन्धोपवृत्तीनाम्
समुदाय शब्दानामेव पराणामनाकाङ्क्ष २।७
केशवमिश्र—'तर्कभाषा
वाक्यंत्वाकांक्षा योग्यतासन्निधिमतां पदानां समूह पृष्ठ ८७
पतञ्जलि—'महाभाष्य
आख्यात साऽव्ययकारकविशेषणं वाक्य
सक्रिय विशेषण च आख्यात सविशेषणम एकतिङ ।

2 *Gardiner A H—Speech & Language* Page 88
A sentence is a word or set of words revealing an intelligible purpose
Vendreys J—Language A Linguistic Introduction to History Page 68
We can then define the sentence as the form in which the verbal image is expressed and understood through the medium of sounds
Long Ralph B—The Sentence and its Parts Page 9
Sentences are linguistic units of a certain magnitude
Curme George O—English Grammar Page 97
A sentence is an expression of a thought or feeling by means of a word or words used in such form and manner as to convey the meaning intended
Stokoe H R—The Understanding of Syntax Page 37
A sentence is a word group which expresses a complete thought
Jesperson Otto—Philosophy of Grammar Page 87
A sentence is a (relatively) complete and independent human utterance—the completeness and independence shows by its standing alone

नही हैं। इसलिए भत हरि वाक्यको स्फोटात्मक स्वीकार करते हैं। आभ्यन्तर स्फोटके फलस्वरूप उच्चरित वाक्य अर्थ ग्रहण करनेकेलिए अन्वय-व्यतिरेकका आश्रय नही लेता। अर्थ प्रतीति पहले ही क्षणमे आपातत हो जाती है। वाक्यार्थ अविभाज्य है किन्तु लोक-व्यवहारकेलिए इसे शब्दोंके रूपमे विभक्त किया जाता है। पदो और उनके अर्थोंकी सत्ता केवल लाक्षणिक है वास्तविक नही। वाक्य रचनाका अध्ययन वाक्य विन्यास (Syntax) कहलाता है।[1]

उपयु क्त विवेचनसे स्पष्ट हो जाता है कि किसी एक भाषाके अध्ययन और अध्यापनकेलिए उस भाषाकी सबसे महत्त्वपूर्ण इकाई—वाक्यका ज्ञान अनिवार्य है। प्रत्येक भाषाके मूल ढाचेमें कुछ बीजवाक्य पाए जाते हैं जिनके आधारपर भाषाके सभी मानक वाक्य निश्चित नियमोंके विस्तार और रूपान्तरणके द्वारा बनाए जा सकते हैं। कोषगत शब्दावली भाषामे तभी स्थान है जब वे वाक्यमे सक्रिय इकाई पदके रूपमे आकर भाषाका उद्देश्य पूर्ण करनेमे सहायक होते हैं। किन्तु उपलब्ध व्याकरणोमे वाक्यका अत्यल्प परिचय रहता है। सारा ध्यान इस बातपर रहता है कि वाक्यके भिन्न भिन्न पद क्या हैं उनकी परिभाषाएँ और नियम क्या हैं। ऐसे व्याकरणोसे भाषाका स्वरूप सामने नही आता। अत भाषा ज्ञानमे इस प्रकारके व्याकरण सहायक होनेके स्थानपर बाधक हो जाते हैं क्योकि भाषा जिज्ञासु उस भाषाके स्वरूपसे परिचित होनेके स्थानपर रूढ पदो उनकी परिभाषाओ और कुछ सीमा तक अनर्थक नियमोंकी कुहेलिकामे उलझकर रह जाता है। भाषाका ज्ञान बढनेके साथ साथ भाषा जिज्ञासु आवश्यकतानुसार शब्दावली ग्रहण करता जाता है। किन्तु उसकी प्रधान आवश्यकता भाषाके बीज-वाक्योंका

---

1 *Gune P D—An Introduction to Comparative Philology* Page 86
Syntax is the arrangement of words in a sentence according to mutual relationships as determined by their usages Consideration of syntax is mainly the consideration of the different parts of speech their geresis and function

Potter Simeon—Modern Linguistics Page 104
The study of these sentence patterns is called syntax (ordering together systematic arrangement)

Stokoe H R—The Understanding of Syntax Page 15
Syntax then is the term applied to that part of grammar which deals with the construction of sentences and with the functions of words and groups of words in speech

Chomsky Noam—Syntactic Structures Page 11
Syntax is the study of the principles and processes by which sentences are constructed in particular languages

गत वाक्यांश रचना और रूपान्तरणकी प्रक्रियाको समझना है। अतः ऐसे व्याकरणकी आवश्यकता है जो सीमित नियमों द्वारा भाषाके असंख्य संभव वाक्यों की व्याख्या कर सके जो उस भाषामें सर्वथा मान्य हों। किसी भी भाषाके व्याकरणकी सफलताके लिए अनिवार्य है कि वह भाषाके वाक्योंकी जटिल व्यवस्था को स्पष्ट कर सके और भाषाके सक्रिय प्रयोगोंपर समग्र रूपसे एक विहंगम दृष्टि डाल सके। इस प्रकारका व्याकरण तभी संभव है जब भाषामें प्रयुक्त हो चुके वाक्योंका विश्लेषण करके भाषाकी प्रवृत्तियोंपर बल दिया जाए। इसीलिए प्रथम अध्यायमें हिन्दीके उद्भव कालसे लेकर अब तककी मान्य कृतियोंमेंसे उदाहरणों का चयन किया है जो हिन्दीकी रचनामूलक प्रवृत्तिको स्पष्ट कर सकें। पुस्तकमें अन्य स्थानोंपर भी उदाहरणार्थ वाक्योंका चयन सर्वमान्य साहित्यकारोंकी प्रमुख रचनाओं एवं मुख्य समसामयिक पत्र पत्रिकाओंमेंसे किया गया है।

इस अध्ययनका एक लक्ष्य यह है कि अन्य भाषाओंमें हुए सफल भाषा वैज्ञानिक प्रयोगोंके आधारपर हिन्दीमें रूढ़िवादी व्याकरणके स्थानपर एक सुव्यवस्थित वैज्ञानिक आधार तैयार किया जा सके। यह एक विडम्बना ही है कि हिन्दी एक समर्थ और समृद्ध भाषा होते हुए भी (यह तथ्य पुस्तकमें अनेक स्थानों पर स्पष्ट किया गया है) वैज्ञानिक दृष्टिसे वंचित है। फलस्वरूप आज भी हिन्दी भाषी प्रदेशोंमें प्रायः इसका अध्यापन पुराने ढर्रेपर हो रहा है। राष्ट्रभाषा होने के नाते अहिन्दी भाषी प्रदेशोंमें हिन्दीका वैज्ञानिक ढंगसे अध्यापन न केवल वांछित है अपितु सहज बोध और ग्राह्यताके लिए अनिवार्य भी है। इसलिए भाषा का सक्रिय रूपमें अध्यापन करनेके लिए व्याकरणकी आधारभूमि प्रस्तुत करनेका प्रयत्न किया गया है।

हिन्दीमें अब वैज्ञानिक अध्ययनकी कोई परिपाटी [illegible] सामने नहीं आई इसलिए इस दिशामें अग्रसर होनेके लिए अधिकांशमें पाश्चात्य अनुसंधानोंका ही आश्रय लेना पड़ा।

निश्चय ही इस प्रकारके प्रयोगमें कई कमियाँ रह गई होंगी जो इस क्षेत्रके सजग पाठकोंको आलोचनात्मक दृष्टिसे ही स्पष्ट हो पाएँगी। इस दिशामें किसी भी प्रकारके रचनात्मक सुझावों और समालोचनाका हार्दिक स्वागत करूँगा क्योंकि लेखकका और पाठकोंका ध्येय एक ही है—हिन्दी भाषाका वैज्ञानिक दृष्टिसे सहज बोधगम्य अध्ययन और अध्यापन।

विषय-सूची

विस्तार बीजवाक्य—बीजपद (कर्ता+गौणकर्म+मुख्यकर्म+क्रिया) मुख्यकर्मविस्तार गौणकर्मविस्तार।

१

हिन्दी सक्षिप्त इतिहास

(वाक्य-रचनामूलक)

१ १ आदिम मानवने अपने मनोभावाको गद्यके माध्यमसे व्यक्त किया होगा क्योंकि भावोद्रेककी अपेक्षा आवश्यक कार्य व्यापार प्रधान है। अत वैज्ञानिक दृष्टिसे पद्यकी अपेक्षा गद्यके प्रयोग अधिक प्राचीन हैं। रागात्मक अनुभूतियोकी अभिव्यक्तिका माध्यम काव्य है लेकिन गद्य-लेखक तद्वत सवदनाओसे मुक्त रहता है। इसलिये सभी प्रकारके बौद्धिक वैज्ञानिक दार्शनिक विषय गद्यके माध्यमसे ही स्पष्ट किए जाते हैं। विभिन्न विषयोका सूक्ष्म विवेचन विश्लेषण गद्य माध्यममे ही सभव है।

सामान्यत ससारके सभी साहित्याम यह विशेषता पाई जाती है कि प्रारम्भिक साहित्य सर्वत्र पद्यात्मक है। सभ्यताके आरम्भिक युगोम जब व्यक्तित्व अपेक्षा कृत भावनामूलक रहता है तब मनुष्य पद्यका आश्रय लेता है, अत प्रारम्भिक साहित्यका सर्वत्र पद्यात्मक होना स्वाभाविक है। किन्तु सभ्यताके विकासके साथ व्यावहारिक और वैज्ञानिक जीवनमे वह भावनासे अधिक विचारणा एव चिन्तन पर बल देता है जिनकी सम्यक अभिव्यक्ति व्याख्या, विस्तार और सूक्ष्म विश्लेषण आदिके द्वारा सम्भव हो सकती है। इसके लिए गद्यका माध्यम ही समीचीन होता है। वस्तुत गद्यके उन्मुक्त और स्वच्छन्द क्षेत्रम उतरकर ही भाषा अपनी पूरी शक्ति उपादेयता और व्यावहारिकताका विकास करती है।

१ २ प्राचीन आर्योंकी भाषाका आदि रूप लिखित साहित्यके अभावम अज्ञात है। ऋग्वेद प्राचीनतम ग्रन्थ माना गया है। वेदोकी भाषा देश एव कालान्तरके कारण परिवर्तित होती गई। भाषागत वभिन्नयम ऐक्य स्थापन हेतु आर्योने भाषाका सस्कार किया जिसके परिणामस्वरूप भाषा प्रादेशिक राष्ट्रीय बन गई। प्राकृताका मूल प्राचीन वैदिक भाषाम है। कालान्तरम इन प्राकृताका सस्कार

परक संस्कृत भाषाका रूप निर्धारण किया गया। प्राकृतका प्राचीन रूप अशोक
के शिलालेखों तथा प्राचीन बौद्ध और जैन ग्रंथोंमें मिलता है। कालान्तरमें प्राकृत
भी व्याकरणके नियमोंमें बंधकर साहित्यिक भाषा बन गई। इन साहित्यिक
प्राकृतोंके सामने व्याकरणोंने जनताकी बोलचालकी भाषाको अपभ्रंश—भ्रष्ट
हुई भाषा कहा। भामह और दण्डीके उल्लेख तथा वलभी नरेश धारसेन द्वितीय
के छठी शताब्दीके शिलालेखोंसे यह मालूम होता है कि उनके पिता गुहसेन संस्कृत
प्राकृत और अपभ्रंशके कवि थे। इससे अपभ्रंशके अस्तित्वका बोध होता है।
प्रारम्भमें अपभ्रंश शब्द भाषाके लिए प्रयुक्त नहीं होता था। शिक्षित समुदाय
निरक्षर जनसाधारणकी भाषाको अपभ्रंश अपभाषा और अपशब्द कहकर
तिरस्कृत करता था। किन्तु कालान्तरमें यही भ्रष्ट भाषा साहित्यका माध्यम
बन गई और इसमें भी पर्याप्त साहित्यकी रचना हुई। मार्कण्डेयने प्राकृत-सर्वस्व
में तीन प्रकारकी अपभ्रंश मानी है— शौरसेनी व्राचड और उपनागर। अपभ्रंश
कालकी समाप्ति और आधुनिक भाषाओंके स्वरूप ग्रहणके बीचका समय स्पष्ट
नहीं है। कब तक अपभ्रंश साहित्यिक भाषा बनी रही और कब आधुनिक भाषाएं
अस्तित्वमें आई यह निश्चित रूपसे नहीं कहा जा सकता। बोलचालकी भाषा
न रहनेपर भी प्राचीन रचनाओंमें अपभ्रंशके प्रयोग होते रहे। मध्य देशकी
भाषा शौरसेनी अपभ्रंश अन्तर्प्रान्तीय भाषाके रूपमें प्रयुक्त हो रही थी। डा०
सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या इसी मतकी पुष्टि करते हुए कहते है— वह एक महान
साहित्यिक भाषा के रूप में ठेठ महाराष्ट्र से बंगाल तक प्रचलित थी।[1]
अपभ्रंश समस्त उत्तरापथमें प्रचलित थी और राष्ट्रभाषाके पदपर प्रति
ष्ठित थी। कालान्तरमें अपभ्रंश भी व्याकरणके नियमोंमें जकड दी गई और
बोलचालकी भाषा एक पग आगे बढ गई। सम्भवतः आचार्य हेमचन्द्रके शब्दानु
शासनमें ग्राम्यापभ्रंश इसी बोलचालकी भाषाको कहा गया है। अपभ्रंश
के अन्त और पुरानी हिन्दीके आरम्भका निश्चय नहीं किया जा सकता फिर
भी यह तो स्पष्ट ही है कि आठवीं शतीसे ही पुरानी हिन्दीके तत्त्व अपभ्रंश
साहित्यमें मिलने लगे थे। पुरानी हिन्दी अपभ्रंश और आधुनिक हिन्दीके बीच
की कडी है। सक्रान्तिकालीन भाषाके अध्ययनकी सामग्री बहुत कम है और जो
है उसपर भी शौरसेनी अपभ्रंशका पर्याप्त प्रभाव है। फिर भी इस साहित्यमें
अस्थिरता और नवीनताकी ओर उन्मुख होनेके लक्षण मिल जाते हैं। सन्नहरासय
प्राकृतपैंगलम पुरातन प्रबन्ध संग्रह उक्ति व्यक्ति प्रकरण वर्णरत्नाकर कीर्ति

---

१ डॉ॰ शान्तिकुमार मिश्र ख्वाबोंकी का आन्दोलन पृष्ठ ८

लता, चर्यापद तथा ज्ञानेश्वरी आदिमे इस भाषाके उदाहरण मिलते हैं।

पन्द्रहवी शताब्दी तक आधुनिक भारतीय आर्य भाषाएँ स्वरूप प्राप्त कर चुकी थी। विभिन्न अपभ्रंशोसे हिंदी, राजस्थानी, पजाबी गुजराती पहाडी भाषाएँ, बिहारी, बगला, आसामी उडिया, पूर्वी हिंदी और मराठीका विकास हुआ।

१ ३ पश्चिमी हिंदी मनुस्मृतिके मध्यदेश या अन्तर्वेदकी भाषा रही है। मेरठ और बिजनौरके निकट बोली जानेवाली पश्चिमी हिंदीके खडीबोली रूपसे ही वर्तमान साहित्यिक हिंदी और उर्दू की उत्पत्ति हुई है। डॉ० ग्रियर्सन, डा० चाटुर्ज्या आदि विद्वानोने हिंदी शब्दका प्रयोग पश्चिमी हिन्दीके अर्थमे किया है। हिंदी शौरसेनी अपभ्रंशसे उद्भूत पश्चिमी हिंदीसे निकली है। शौरसेनी अपभ्रंशमे वे सभी प्रवृत्तिया अधिकांश मिल जाती है जो हिंदीमे विकसित हुई। आधुनिक आर्यभाषाओंके विकासकी पृष्ठभूमि अपभ्रंशके नये नये शब्दो और धातु रूपोंके प्रयोगोमे निहित है। प्राचीनयुगमे मध्यदेशकी भाषाएँ क्रमश संस्कृत पालि, शौरसेनी अपभ्रंश रही। आधुनिक युगमे इनका स्थान हिंदीको मिला और सहज ही यह राष्ट्रभाषा बन गई। आज यह एक महान सम्पर्क साधक भाषा है।

> *संस्कृत (जो इसकी जननी है तथा नागरी हिंदी जिसमे बराबर अपने शब्दों का भण्डार परिपूर्ण करती रहती है) द्रविड भाषाएँ (जिनसे रूप तत्व वाक्य विन्यास एव मुहावरों की कुछ आधारभूत बात इसमे मिलती हैं) तथा अरबी एव अरबी फारसी (जिनका इसकी शब्दावली पर प्रभाव पडा है और जिससे उर्दू रूप की लिपि, बौद्धिक तथा सांस्कृतिक शब्द, साहित्यिक अग तथा आदर्श एव अभिव्यक्ति के साधन, सब इन्हीं से आये हैं) सब एकत्रित होकर हिंदुस्थानी मे एक जगह मिल जाती है।*[1]

डा० चाटुर्ज्याके उपर्युक्त कथनसे इस तथ्यकी पुष्टि होती है कि हिंदीमे वे सभी तत्त्व विद्यमान हैं जो एक राष्ट्रभाषाके लिए अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त यह भी उल्लेख है कि इसपर अंग्रेजी शब्दावली एव वाक्य विन्यासका भी पर्याप्त प्रभाव पडा है। जो हिंदीकी जीवन्तताका ही प्रमाण है।

१ ४ डा० गुणे डा० ग्रियर्सन डा० चाटुर्ज्या बाबू श्यामसुन्दरदास डा० धीरेन्द्र वर्मा डा० उदयनारायण तिवारी आदिने खडी बोली हिंदीका क्षेत्र निर्धारित किया है किन्तु आज यह साहित्यिक प्रचार और अन्य परिवर्तनोंके कारण उस सकुचित क्षेत्रसे निकलकर सभी दिशाओमे फैल रही है। डॉ० चाटुर्ज्याका मत

---

१ डॉ सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या—भारतीय आर्य भाषा और हिंदी पृ १५०

है कि आजकल समस्त उत्तर प्रदेश (जिसमे मध्यवर्ती तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश भी सम्मिलित है) के बहुत से हिन्दुओं ने नागरी हिन्दी को अपने घर की तथा सामाजिक व्यवहार की भी भाषा बनाने का प्रयत्न आरम्भ किया है।'[1] निस्सन्देह, विचार विनिमय एव साहित्यकी दृष्टिसे हिन्दीका विशेष महत्त्व है।

१ ५ खडीबोली शब्द आम बालचालमे अथम प्रचलित हुआ था। भाषा विशेषके अथम खडीबोली शब्द ब्रज अवधी और राजस्थानीकी अपेक्षा बादमे प्रचलित हुआ। साहित्यिक रूपमे दिल्ली, पजाब और उत्तर प्रदेशमे खडीबोली प्रयुक्त होने लगी तथा इस भाषाने अपनी अदभुत शक्तिको व्यक्त किया। हिन्दी भाषा और साहित्यका सर्वतोमुखी विकास तो वस्तुत आधुनिक युगमे ही हुआ। भाषा विशेषकी प्रगतिमे तीन प्रधान स्रोत सहयोग प्रदान करते है—भाषागत एव साहित्यिक परम्पराए नवीन प्रभाव एव वग विशेषकी अनुभूतियाँ। ये तीनो स्रोत हिन्दीकी प्रगतिमे सहायक रहे है।

१ ६ हिन्दीका प्रारम्भिक रूप बौद्धसिद्धो, जैनाचार्यों तथा नाथपथी योगियोकी उक्तियोमे मिलता है। तत्कालिकालीन इस भाषाको मनीषियोने सधा अथवा सन्ध्या भाषा सज्ञा प्रदान की है। परवर्ती अपभ्रश साहित्यमे हिन्दी भाषाकी प्रवृत्तियाँ लक्षित की जा सकती है। राहुलजीने सरहपाको प्राचीनतम हिन्दी लेखक माना है। सरहपाका समय सन् ६३०के लगभग माना गया है।

जहि मन पवन न सचरई, रवि ससि नाहि पवेस
ताहि घट चित्त विसाम करु सरेहे कहिय उवेस

ताव स अक्खर घालिया जाव णिरक्खर होई

आशा बहुत पात फल बाहा

गविया बाँझ बलद बियायल

तुइपाका रचना-काल सन ७३०के निकट माना जाता है—

काया तरवर पच विडाल, चचल चीए पइठो काल
दिढ करिय महासुह परिमाण लुई भणइ गुरु पुच्छिअ जाण।

सन ८४०के लगभग कण्हपान लिखा—

एक्क न किज्जइ मन्त न तन्त। णिअ घरिणी लइ केलि करन्त॥
णिअ घर घरिणी जाव न मज्जइ। ताव कि पचवण्ण विहरिज्जइ॥

गोरखनाथकी रचनाएँ ८८० ई०के आस-पासकी मानी जाती है—

---

१ डॉ सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या—भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी पृष्ठ १७६

ऊँचा-ऊँचा पावत तहि बसइ सबरी बाला

सन ९३३म देवसन रचित श्रावकाचारस उद्धरण प्रस्तुत है—

जो जिण सासण भाखिउ सो मइ कहियउ सार

जो पाल सइ भाउ करि सो तरि पावइ पार।

१०१० ई०के एक अज्ञात कविकी पंक्ति द्रष्टव्य है—

दव श्रम्हारी सीष, कीजइ अवगिण्णहं नहीं।

१०५० ई०म बब्बर कविकी रचनाका एक उदाहरण इस प्रकार है—

भौंहा कविला, उच्चा निश्रला, मज्झा पिश्रला, नत्ता जुश्रला

रक्खा बश्रणा, दंता विरला, कंत जिविला ताका पश्रला

आचार्य हेमचन्द्रके (१०८७-११७३) शब्दानुशासनका निम्नलिखित दोहा प्रसिद्ध है—

भल्ला हुआ जु मारिया, बहिणि ! म्हारा कंतु।

लज्जेज्ज तु वयंसिअहु, जई भग्गा घरु एंतु

मुंजकी अपभ्रंश रचनाएँ पुरानी हिंदीके बहुत निकट हैं—

मुंज भणइ मिणालवइ, गउ जुव्वण मण भूरि

जई सक्कर सयखण्ड किय, तोइ स मिटठी चूरि

सन्धिकालीन भाषाके उदाहरण सन्देशरासक, प्राकृतपैंगलम, उक्ति व्यक्ति प्रकरण, वर्णरत्नाकर कीर्तिलता आदि कृतियोंमे सुरक्षित हैं—

पश्रोहर मुट्ठिया तहश्र हत्थ एक्का दिश्रा

पुणवि तह सठिश्रा तहश्र गध सज्जा किश्रा।

को मैं भाजन मागव

हत्थी जूहा साजा हुआ

जब जब धर्मु बाढ, तब तब पापु ओहट

जस जस धमु जाम तस तस पापु पाम (क्षाम)

बिडरा घोड उलाल

डा० चाटुर्ज्याने इस प्राचीन कोशली कहा है। इस भाषाक जब जब तब तब, मैं, जसे जस आदि हिन्दीमे आज भी इसी रूपम प्रयुक्त होते हैं। किआ (किया), सज्जा (सजा) हुआ (हुआ) आदि हिन्दीके प्राचीन रूप हैं। जैन साहित्यकी भाषाको गुलेरीजीने पुरानी हिन्दी कहा है। इसम पंजाबी ब्रज

गुजराती हिन्दी सभीके प्रयोग मिलते हैं।

नाथपथी जोगियोंकी भाषाका ढाँचा हिन्दीका है। लगभग ग्यारहवीं शतीसे चौदहवीं शती तक गोरखनाथ और उनके अनुयायियोंने काव्य रचना की—

खाए भी मरिए अनखाए भी मरिए
गोरख कहै पूता संजमि ही तरिए

गगन मडल म तारी लागा
जोग पथ है एसा
अवधू मन चगा तो कठौती ही गगा

जोग न जाग्या भोग न भोग्या पहिला गया जमार
आम गन्हा राम सुकर, फिरि फिरि ल अवतार

उठा अवधू लाज की पूगी, चरता अवधू पत की मेठा
सोवता अवधू जीवता मूवा बोलता अवधू प्यजर सूवा

चर्पटनाथ, चौरंगीनाथ आदिकी भाषा प्राचीनता लिए हिन्दी ही है—

किसका बेटा किसकी बहू आप सवारथ मिलिया सहू
जेता फूला तेता झाल चरपट कहै सब आल जजाल

शार्ङ्गधरकी शार्ङ्गधर पद्धतिमें हिन्दी प्रयोग द्रष्टव्य हैं—

कूठ गवभरा मथालि सहसा र कत मरे कहे
कठ पास निवेशजाह शरण रथी मल्लदप विभुम

हम्मीररासोके कुछ अंश इस प्रकार हैं—

ढोला मारिया ढिल्ली मह मुच्छिउ मेच्छ सरीर
पुर जज्जल्ला मतिवर चलिअ वीर हम्मीर

पअभर दरभर धरणि, तरणि रह धुल्लिअ झपिअ
कमठ पिट्ठ टप्परिअ, मेरु मदर सिर कपिअ

जलधरके उपदेशोंमें हिन्दीका बाहुल्य है —

यह ससार, कुबधि का खेत जब लग जीवै तब लग देख
आँख्यों देख काना सुण, जैसा बाहै तैसा लुण

बालानाथ एव देवलनाथकी भाषा चलती हिन्दी है—

पहिले किए लडका लडकी अबही पथ म पैठा
बूढ चमड भसम लगाई अज जता ह्व बैठा

दवल भए न्मितरी सब जग दख्या जाइ
नान्ी वन्ी वहु मिले भन्ी मिला न काइ

१ ७ आदिकालीन वीरगाथा काव्यम भी हिन्दी उपलब्ध है।
नरपतिनाल्हके वीमलदेवरासाकी भाषा पश्चिमी हिन्दी है।

रुप अपूरव पपिग्रट । इमी अस्तो नहिं सयल समार
अति रग स्वामी सू मिली रानि । वटी राजा भाज की
टुप्ट वचन वारया तिरिए ढाइ । ल चीठी आयी तएी राई

पृथ्वीराजरासाम हिन्दीका बाहुल्य है—

सुनि करि वचन आल्ह घर आय। छडयौ राम पयान कराय।
साहन वाहन सब ही लीनौ। कनवज न्मिा पयानौ कीनौ।

जगनिकने ११७३ म परमालरासाकी रचना की। इमकी भाषामे हिन्दीकी भावी वाक्य रचनाके रुप सुरक्षित है।

वारह वग्सि ल कूकर जीए औ तरह ल जिए सियार
वरिस अठारह छत्री जीए, आग जीवन को धिक्कार

कटि भुजदड रजपूतन की चेहरा कट सिपाहिन क्यार
कट भुशडी जव हाथिन क भुइ मे गिरे भरहरा खाय

वीरगाथाकान्य प्राय अप्रामाणिक है किन्तु उपलब्ध रचनाओम हिन्दीके रुप मिल जाते हैं।

१ ८ सामान्यत अमीर खुसरो हिन्दीके आदि कवि माने जाते हैं। यद्यपि इनके पूर्ववर्ती साहित्यम हिन्दीके रुप मिलते ह तथापि हिन्दीम पहलिया, कहमुरिया आदि सबसे पहले इन्होंने ही कही। इनका कोई प्रामाणिक सग्रह प्राप्त नही है। मुहम्मद वाहिद मिर्जाने अपने शोध प्रबन्ध लाइफ एण्ड वक्स ऑफ अमीर खुसरो, म यह सिद्ध किया है कि परवर्ती सम्पादकोन ही इनके काव्यका सग्रह किया है। इनकी सुव्यवस्थित भाषाभी इस सन्दिग्ध ही प्रमाणित करती है। अमीर खुसरो फ़ारसीके शायर थे तथा हिन्दीमे भी रचना करते थ। मुहम्मद वाहिद मिर्जा और डॉ० चाटुर्ज्या जस विद्वानोंने इन रचनाओका सर्वथा अप्रामाणिक नही माना है। भाषा विकासकी दृष्टिसे इन साहित्यका बहुत महत्त्व है—

एक थाल मोता स भरा सबके सिर पर औंधा धरा
चारों ओर वह थाली फिर, मोती उसस एक न गिर

रोटी जली क्यों? घोडा अडा क्यों? पान सडा क्यों?
फरा न था।

मरा मास सिंगार करावत। आग बठ क मान बढावत
वास चिक्कन न कोऊ दीसा। ए सखि साजन ? ना सखि सीसा।

इनका वाक्य विन्यास सरल और सक्षिप्त है—

टूटी टूट के धूप म पडी जों जों सूखी हुई बडी
सर पर जाली पेट स खाली पसली देख एक एक निराला

खुसराके बाद इस भाषाके उदाहरण उत्तर भारतमे विरल है।

१ ६ बारहवी शतीसे ही यह भाषा बीजापुर गोलकुडा, हैदराबाद मसूर, महाराष्ट्र आदिम प्रचलित हो गई थी। दक्खिनी हिन्दीका मूल ढाचा पश्चिमी हिन्दीका था। हिन्दू मुसलमान दोनो कवियोने इस भाषाम रचना की।

सत की चाकरी कर रे बाबा
इस तन का क्या भरासा कब ज्यावगा मर

—केशव स्वामी

खाक लान स गर खुदा पाए
गाय बला भी वासलाँ हो जाए
गोश गीरी म गर खुदा मिलता
गोश चायाँ कोई न वासिल था
इश्क का रमूज न्यारा है
जुज महर पार क न चारा है।

—शख फरीदुद्दीन शकरगजी

गवासी, वजही, इब्नुनिशाती बुर्हानुद्दीन जानिम रानाती नुसरती आदिक प्रबन्ध और फुटकर काव्योमें स्थान-स्थानपर हिन्दी प्रयोग मिल जात है—

झनक झनक माती खाँ की तात गाजा
यों ता ताल मदग भ सा नौरस बाजा

—गमून्राज बन्दानवाज

वह शाह मा-बाप कू फिर यो बात
क मैं न्दिल क हात म ना न्दिन मर हात

—वजही

अजब रात निमल थी उग न्दिन की रात
झमकत थ नूरा म लर घात घात

—गवासी

किसे चित्त बुलावे, किसे र जगावे
किस दिल तपावे किसे मन रिझावे

—सुलतान कुली कुतुबशाह

सजन सत्तारे जायगा और नैन मरेंगे राय
विधना ऐसी रैन कर भोर कधी न हाय

—शाह

विरागी जो कहाते है उसे घरबार करना क्या
हुई जोगिन जो काई पी की उसे ससार करना क्या

—वली

मत गुस्से क शोले सों जलते को जलाती जा
टुक महर के पानी सों यह आग बुझाती जा

—कुली कुतुबशाह

१ १० महाराष्ट्रमें बारहवी शतीमें महानुभाव पथका प्रवतन हुआ। इन सतो ने सवसामान्य भाषामें अपने मतका प्रचार किया। दामोदर पण्डितकी भाषा उल्लेख्य है—

सब घट देखों माणिक मोला
कस कहूँ मै काला धवला
पचरंग स न्यारा होय
लेना एक और देना दोय

उमाम्बावी कुछ चौपदिया गुजराती मिश्रित हिन्दीमें ह—

नगर द्वार हो भिच्छा करा हो बापुरे मोरी अवस्था लो
जहा जावे तिहा आप सरीखा कोउ न करी मोरी चिंता लो

महाराष्ट्रका दूसरा प्रभावशाली पथ वारकरियोका था। नामदव, काहोबा, एकनाथ, तुकाराम, नानदव आदि इसी पथके समथ उदभावक थे—

लोभी के चीत धन बठा
कामीन के चीत काम
माता के चीत पुत्र बठा
तुका के चीत राम

—काहोबा

चुरा चुराकर माखन खाया ग्वालिन का नन्दकुमार कन्हैया
और बात सुन अरबल सो गला बाँध लिया तुन अपना गोपाल
फिरता बन बन गाय चरावत यही तुक्या वधु लकरा ले ले हाथ

—बाहोबा

निर्गुण ब्रह्म भुवन स न्यारा। पाथी पुस्तक भय अपारा
कोरा कागद पढकर पाई। लना एर और दना दाई

—ज्ञानदेव

मसजिद ही म जो अल्ला खुदा ता और स्थान क्या खाली पडा
चारों वक्त नमाजो करता और वक्त क्या चोरों का

—एकनाथ

पाड तुम्हारी गायत्री
लोध का खेत खाती थी
लेकर टगा-टकरी तेरा
लाँगत लाँगत जाती थी
पाड तुम्हारा महादेव
धौल बलद चढ्या आवत देखा था
मोदी के घर खाना पाया
वाका लडका मारया था

चंद न होता सूर न होता पानी पवन मिलाया
शास्त्र न होता, वेद न होता करम कहाँ म आया

—नामदेव

१ ११ रामानन्दकी (१३०० १४१७) रचनाओमे हिन्दीका पर्याप्त पुट मिलता है—

सतों बन्दगी दीदार सहज उतरो सागर पार
सौहे शब्द सो कर प्रीत अनुभव अखड घर जीत
अब उल्टा चढना दूर जहा मगर बसता है पूर
तन कर फिकिर कर भाई जिसम राम रासनाई।

१ १२ कबीर आदि सतोकी भाषाम हिन्दीका प्रयोग विशद रूपसे हुआ है—

नारी तो हम भी करी कीया नहीं विचार
जब जानी तब परिहरी नारी बडा विकार

आऊँगा न जाऊँगा जीऊँगा न मरूँगा
गुर के सबद म रम रम रहूँगा।

मरी नजर म मोती आया है
कोई कह हलका कोई कह भारी
दानों भूल भुलाया है।

—कबीर

तसवी फरों प्रम की, दिल मे करों निमाज
फिरौं सगल दीदार का उसी सनम क काज

—रदास

इस दम दा मनू की ब भरासा, आया आया न आया न आया
यह समार रन दा सुपना कहीं दखा कहीं नाहि दिखाया
सोच विचार करे मत मन म जिसने ढूढा उसन पाया
नानक भक्तन द पद परम निसिदिन राम चरन चित लाया

—नानक

दादू विरह अगनि म जलि गये, मन के मल विकार
दादू विरही पीव का दखगा दीदार

—दादू

आया था एक आया था खबरि उहा की लाया था
आदि अत की जान था पूरण ब्रह्म बखान था

—बपनाजी

जन सुदर अलमस्त दीवाना, सबद सुनाया घूस स
मानू ता मरजाद रहेगी, नहिं मानू तो घूस स

—सुदरदास

किसा स न कर स्वाल, उनका कुछ और ख्याल
फिरते अलमस्त वजूद भी बिसारा ह।

—मलूकदास

प्रम धगा यह टूटत ना
गर टटि कठ फिर बांधना क्या

यह तिलक सतनाम छापा करूँ,
और विविध है साधना क्या।

—दरिया साहब

नित चार है बसरा जग में नहीं कोई तेरा
सब ही बटाऊ लोग हैं, उठ जाएँगे सबेरा

—तुलसी साहब

गुरुगोविन्दसिंहकी प्रसिद्ध आज्ञा हिन्दीमें है।

आज्ञा भई अकाल तभी चलायो पंथ
सब सिक्खन को हुकुम है गुरु मानिए ग्रंथ।

१ १३ सूफी कवियोंने अवधी भाषामें काव्य रचना की है। कहीं कहीं इनकी कृतियोंमें भी हिन्दीका पुट मिल जाता है—

रुक्मिनी पुनि वैसहिं मरि गई। कुलवंती सत सों सति भई
बाहर वह भीतर वह होई। घर बाहर को रहै न जोई।

—कुतबन

बिन बन्दगी इस आलम में खाना तुझे हराम है रे।
बन्दा करे सोई बन्दगी, खिदमत में आठों जाम है रे।

—यारी साहब

चमक महताब की मुख में, लचक जुलफों की अंधियारी
मुकुट तारे भये लेकिन न आओ यह गिलायत है।

मौजों के घर को जो दिले गर बूझता
जब सिंध के भँवर में परी, तब समझ परी

—प्रेमी

उपर्युक्त पंक्तियोंमें अरबी फारसी शब्दोंका प्राचुर्य है लेकिन वाक्य विन्यास हिन्दीका है।

१ १४ सगुण भक्ति-काव्यकी रचनाएँ ब्रज और अवधीमें लिखी गईं किन्तु उनमें भी कहीं-कहीं हिन्दी वाक्य रचना मिल जाती है—

जगन्नाथ जगत में न्यारा है
सुन्दर मन्दिर रतन सिंघासन जगमग जोति उजियारा है

—माधोदास

एक झोंपड़ी की छाया करि लीजिये
एक नई पाथी मैं बनाऊँ मन कीजिये

—नाभादास

हे दया मतवाला योगी, द्वार तेरे आया है
देखो मया तेरा बालक, जिन मोय चटक लगाया है

—सूरदास

यह सूरत खलत ननन म यही हृदय म ध्यान
चरन रेनू चाहत मन मगो, यही दीजिए दान

—कृष्णदास

देखो री यह कसा बालक, रानी जसुमति जाया है
सुन्दर बदन कमल दल लोचन देखत चन्द्र लजाया है
पूरन ब्रह्म अलख अविनाशी प्रगट नन्द घर आया है
परमानन्द कृष्ण मनमोहन, चरन कमल चित लाया है

—परमानन्ददास

मित्र कलत्र सुबन्धु सुत इनम सहज सनह
शुद्ध प्रम इनम नहीं, अकथ कथा सविसेह

—रसखान

आऊँ आऊँ कर गया साजरा, कर गया कौल अनक
गिणते गिणते घिस गई अँगुली, घिस गई अँगुली की रेख

काई दिन याद कराग रमता राम अतीत
आसण मार अडिग होय बठो याही भजन की रीत

—मीरा

कलित ललित बाला वा जवाहर जडा था
चपल चखन बाला चाँदनी म खडा था
पकरि परम प्यारे साँवरे का मिलाओ
अमल अमत प्याला क्यों न मुझको पिलाओ।

—रहीम

कही बात ये ही सही ब्राह्मणों की
अछी मो भी है राहनी उन्हीं की,

तुम्हारा हमारा गुन गन भाई
कहे देवनाम नहीं है जुदाई
—देवनाम

याग रँगीला महल बना है। महल म बीच म भूलना पडा है
इस भूलन पर भूला र भाई। जनम मरन की याद न आई
स्वामी क्या कह गुरु भया न। मुभको भलाया सो ही भलाव
—स्याबाई

१ १५ शिवाजीके दरबारके गोविन्द और मानसिंह कवियोका काव्य भी हिन्दी वाक्य विन्यासकी दृष्टिसे महत्त्वपूर्ण है—

भली करी यह दानों बहिनें परम्परा स पाई रे
नाथ जलन्दर मुद्रापाल। मानसिंह जस गाई र
—मानसिंह

महादाजीसिंधिया स्वय हिन्दीके एक अच्छे कवि थे—

अवधूत। नहीं गरज तेरी हम बपरवा फकीरी
तू है राजा हम हैं जोगी पथक पथ है न्यारा
छत्रपती सब तेरे सरीखे पायन परत हमारे

बरार निवासी देवनाथने १७०० मे पर्याप्त हिन्दी रचना की—

रमते राम फकीर कोई दिन याद करोगे।
कोई दिन खावे मवा मिठाई, कोई दिन पीवे नीर
कोई दिन हाथी काइ दिन घाडा काई दिन पाँव जजीर

१८वी शतीमे सिन्धके प्रसिद्ध सन्त रूहलने मनचित परबोधमे सुन्दर हिन्दीका प्रयोग किया है—

प्रभु जा मैं शरण तुम्हारी आया
मन म ममता रहे न कोई दद मिटा सुख पाया

सन् १७८०मे उडीसामे ब्रजनाथ बडजनाने समर तरगकी रचना की जिसका चौथा अध्याय हिन्दीमे है।

अब सब सरदार विचारो। एक डा रगड हाथ न आया
भल भले तुम यारो।
दाल ढाल भर पस लेके कोई अब मार दो किल्ला
घाडा गन्द टूक लडन नाही क्या कर्रूँ जाके बगाला

१ १६ रीतिकालके कुछ कवियो जटमल, ग्वाल, गिरिधर आदिके काव्यमे कहीं-कहीं हिंदीके प्रयोग मिल जाते हैं—

पान लिये पद्मावती गई बादल के पास
ए बालक बादल तुही जो है जीवन मेरा
ऐ बानक बादल तू मुझ आसरा तेरा

—जटमल

अपनी अपनी ठौर पर सब को लाग दाव
जल मे गाडी नाव पर थल गाडी पर नाव

—वृंद

साई सब ससार मे मतलब का व्यवहार
जब लग पैसा गाठ मे, तब लग ताको यार।

—गिरिधर

गफलत टोपी पडा दिवाना, क्यों गफलत मे पडा
कमकट मे जान गँवाया चाम दाम मे चित्त न पाया

हरदम कृष्ण कह श्री कृष्ण कह तू जबा मेरी
यनी मतलब के खातर करता हूँ मैं खुशामद तेरी

—दयाराम

ऐसी जिन्दगानी के भरोसे पे गुमान ऐसे
दस देस घूमि घूमि मन बहलाना है।
आए परवाना पर चले न बहाना यहा
नेकी कर जाना फेर आना है न जाना है।

—ग्वाल

देवने अपनी रचनामे हिंदी शब्दो और वाक्याशोका प्रयोग किया है।

पाइए प्रगट परमेसर प्रतीति मे

एरे मन मेरे हाथ पाव तेरे तोर तो

बिहारीने भी हिंदी प्रयोग किए हैं—

चत चाँद की चाँदनी डारति किए अचेत

ललन चलन सुन चुप रही बोली आप न ईठ

भूधरदासके पदसग्रहसे उद्धत निम्नलिखित पक्तियोमे हिंदीका पुट है—

तुम्हारा हमारा गुन गन भाई
यह देवदास नहीं है गुमाई
—देवदास

बाग रँगीला मन्दर बना है। महल के बीच म झूलना पड़ा है
इस भजन पर भला र भाई। जनम मरन की याद न भाई
दासी क्या कहे गुरु भया न। सबको भगाया सो ही भुगावे
—श्यामाबाई

§ १५ शिवाजीके दरबारके गोविन्द और मानसिंह कवियोंका काव्य भी हिन्दी वाक्य विन्यासकी दृष्टिसे महत्वपूर्ण है—

भला बुरी यह दोनों बहिनें परम्परा स आई रे
नाथ जलन्दर मुद्रावाल। मानसिंह जस गाई रे
—मानसिंह

महादाजी सिंधिया स्वय हिन्दीके एक अच्छे कवि थे—

अवधूत। नहीं गरज तेरी हम बपरवा फकीरी
तू है राजा हम हैं जोगी पथक पथ है न्यारा
छत्रपता सब तेरे सराख पायन पन्त हमारे

बरार निवासी देवनाथने १७०० म पर्याप्त हिन्दी रचना की—

रमने राम फकीर कोई दिन याद करोग।
कोई दिन खावे मवा मिठाई कोई दिन पीवे नीर
कोई दिन हाथी कोई दिन घोड़ा कोई दिन पाँव जंजीर

१८वीं शतीमे सिंधके प्रसिद्ध सन्त म्हलने मनचित परबोधमें सुन्दर हिन्दीका प्रयोग किया है—

प्रभु जी मैं शरण तुम्हारी आया
मन म ममता रहे न कोई दद मिटा सुख पाया

सन् १७८०म उड़ीसामें ब्रजनाथ बडजनाने समर तरंगकी रचना की जिसका चौथा अध्याय हिन्दीमें है।

अब सब सरदार विचारो। एक दो रगड़ हाथ न आया
भले भले तुम मारो।

ताल ढाल भर पस लके कोई अब मार ना निकला
घोड़ा गए टूक लड़न नाहीं क्या करूँ जाके बंगाला

चरखा चलता नाहीं, चरखा हुआ पुराना
पग खूटे डग हालन लाग, उर मन्ना खखराना
छीनी हुई पाखडी पसली फिर नहीं मन माना।

१ १६ १ रीतिकालके बहुतसे कवियोने हिन्दीमे स्फुट रचनाएँ की हैं। हिन्दू कवियो मे कुलपति सूदन भूषण, आलम शख, नागरीदास, रसिकगोविन्द, ग्वाल, ललितकिशोरी ललितमाधुरी आदि और मुसलमान कवियोमे रसरग कादे खाँ तुराब तालिबअली, जफर तथा अख्तर उल्लेखनीय है—

अफजल खान को जिन्होंने मयदान मारा
बीजापुर गोलकुडा मारा जिन आज है।

बोल वाम ते जानिय हस चमली फूल

गन सम सजिक सब सन सिगार को आलमगीर सिधाये

पच हजारिन बीच खडा किया,
मैं उसका कुछ भेद न पाया

अब कहा पानी मुक्तों म पाती है।
खुन की कसम खाई है

—भूषण

मेरे ही लायक जो था कहना जो कहा मैंने
रघुनाथ मेरी मति न्याय ही को गावगी
वह मुमताज आपकी है आप उसके न
आप क्यों चलाग। वह आप पास आवेगी।

—रघुनाथ

निमि कन्त मनसूर स यों कहि भिजवाया
जाना अपन मुलक को हजरत फुरमाया
फरि साही मनसूर को अहदी लगवाया
माहि जिहानाबाद ते तब ही कढवाया

—सूदन

रम उरभी निमि श्याम सौ आरस उरभे बन
तेरी उरभी अलक म मेरे उरभे नन

—नागरीदास

सुनो ल्लिजानी मरे दिल की कहानी
तु इस्म ही विकानी बदनामी भी सहूँगी मैं
नन्द के कुमार कुरबान ताएी सूरत प
ताए नाल प्यारे हिंदुवानी ह्व रहूँगी मैं

—ताज

तब क्या कहा था अब सफराज आप हुए
जब की अरजकी सुनी चिडीमार स्वार की
कारे के कसर माह क्यों जी दिलदार हुए
एरे नन्दलाल क्यों हमारी बार बार की

—बारवेग फकीर

महबूब बागे सुहाने बने हैं,
सुमोहन गरे माल फूलों हिये हैं।
महारग माते अमाते मदन के,
विलोकत वन्न खौर चन्न दिये हैं।

—ग़ालिबशाह

आमाढ म विनती करें, खराशाह अधीन
तुम बिन व्याकुल नन हैं, जल बिन जसे मीन

—खराशाह

जब तक है परदा स्वार ग़फलत का आखों पर
तभी तक लज्जत बादशाही और वजीरी है।

—जयकवि भाट

सोम नाम एक ब्राह्मण था वो ऊजन नगरी का वासी
गह त्यागि क गया वा वन को, वन के सन्यासी
प्राणायाम चढाय समाधी खच गया वो तो खासी
देख तपस्या हो गये, उस प अविनासी

—गगाराम माध

नयनों ने यह दिल स कहा, कि तुम हो बडे हुशियार
तुम तो पहले याद म उनकी, हमी रह बरार

श्राइ म हम ता वठ किसन बरा भला बतलाया
तुमन पहल छीन लिया तब तो हमन चाहा

—मिर्जा बाला बन्द्र साहिब

जहाँ ब्रजराज वल पाये चलो सखी श्राज वा वन म,
जिना वा रूप क देख विरह की लौ लगी तन म
न वल परती है बक्ल वा न जा लगता है बिन जानो
भई फिरता हू जोगन सी सरे बाजार गलियन मे

—नारायण स्वामी

न खोल घूघट के पट तू प्यारी
चलग नाराव चितवानी के
सरोज सकुचग चन्द्रदनी,
ये तेरे लखते ही चान्नी के
है चौथ तू मत महल पर चढ़ियो
समय अधरा य भामिनी के

—रूपकिशोरी

१ १६ २ कुछ रीतिकालीन कवियोकी कुछ रचनाए पूणतया हिन्दामे है। आलम कृत मुन्नामावलि घनानन्दकी वियोगवलि, नागरीदासका इश्क चमन रघुनाथका इश्क महात्सव शाहआलम मानाकी नान्रिगनेशाही पद्माकर भट्ट रचित कलियुग पच्चासी व्रजनिधिका रास का रेखता विरह की सलिला शीतलदास प्रणीत गुलजार चमन आनन्द चमन और विहार चमन वन्दावन जनके वन्दावन विलासमे सकलित पद्य नगारके स्फुट पद महताबका नखसिख ललितकिशोरीके भजन रेखते और लावनियाँ आदि। इन रीतिकालीन, हिन्दीमे लिखित रचनाओ के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं—

तर महबूब बाँक न चसम की चोट मारी है
खडा है मामन हा मैं जरा नन्दी पलक टारी है

—रसरग

जो तू कहता रहता है तो जाना मुझ जरूर भया है
। दरगाह वह मान्य की बिना भेंट कछ कौन गया है।

—आलम

मलौन प्रान प्यारे क्यों न आवो
दरस प्यासी मर तिनको जिवावो
कहा हो जू कहा हो जू कहा हो
लग ये प्रान तुमस हैं जहा हो।

—घनानन्द

बरसे बरस घनघोर घटा
तरसे पी दखन को अब नन हमारे
चपला चमक जीयरा लरज,
सखी कस पड सुख चन हमारे।

—शाहआलम

जिन पास चार पस वही है यहा अमीर
और जिनके पास कुछ नहीं वह है बड फकीर

इस राजा हिमाचल के घर म इक बाली सुन्दर बटी थी
मुख उसका चन्द्र गगन का था नाम उसका गौरा पारवती

—नजीर

नहीं जपन राम को नाम जु रक्षक जिहि तारी मुनि जाया है।
अब वचन विचारि कहत पदमाकर यह ईश्वर की माया है।

—पद्माकर भट्ट

चन्द्रमा सी चपला सी, चम्पक चिराग सी है।
चाँन्दनी सी खिल रही खुशबोह मे सनी है।

—ब्रजनिधि

शीतल कुछ तुझ नजर आया तज यार दुख अर द्वन्द नहीं
वारिज की ललित पालकी म जानी यह बठा चन्द कहीं

—शीतल

कहो कभी उस मजलिस म मरी भी याद होती है।
जिसम राधाकृष्ण विराज सखियन जगमग जाती है।

—ललितकिशोरी

दुनिया म हाथ पर हिलाना नहीं अच्छा
मर जाना पर उठ के रहीं जाना नहीं अच्छा

—बेनी

गुलगुली गिल म गलीचा है गुणीजन है
चाँन्दनी है चिक है चिरागन की माला है
कहे पदमाकर त्यों गजक गिजा है सजी
सज है सुराही है सुरा है और प्याला है।
सिसिर के पाला को न व्यापत कसाला तिन्ह
जिनके अधीन एते उदित मसाला है।
तान तुकताला है विनोद क रसाला है,
सुबाला है दुशाला है बिसाला चित्रसाला है।

—पद्माकर

उपयु क्त उदाहरणासे हिन्दीकी दीघकालीन परम्पराका प्रामाणिक परिचय मिलता है। विकासक्रमकी स्वाभाविक्ताको ध्यानमे रखनेपर आधुनिक हिन्दी के बीज इन रचनाओम सुरक्षित दिखाइ पडते है।

१ १७　यद्यपि सस्कृतम अत्यधिक प्रौढ और परिमार्जित गद्यका प्रणयन हो चुका था तथापि आधुनिक भारतीय आय भाषाओको सस्कृत प्राकृत और अपभ्र श से रिक्थ रूपम काव्य परम्परा ही प्राप्त हुई। इस कारण इन भाषाओम गद्यका महत्व नही रहा। आधुनिक भाषाओ गुजराती पजाबी ब्रज, मथिली, आसामी हिन्दी आदिके प्राचीन उदाहरणोके अनुशीलनसे स्पष्ट हो जाता है कि गद्यका उपयोग सीधे साधे कलात्मक रूपमे हुआ, वज्ञानिक और दाशनिक विश्लेषणके लिए नही। प्रारम्भिक गद्यकी शली सरल थी तथा गहन गम्भीर विचारोकी व्यजनाम भाषा समथ नही थी। अत प्राचीन हिन्दी गद्यक उदाहरण कथा आख्यायिकाओम ही मिलत है।

१ १८　प्राचीन अपभ्र शकी अपेक्षा परवर्ती अपभ्र शम गद्यकी रचनाएँ अधिक दिखाई पडती है। कुवलयमाला कथामें गद्यका कुछ अश मिलता है।

राय राणि सधि विग्गह पडुए बहु जपिता पयती ए।
तरे मरे आज ति जपिर मज्भुन्स य।

श्रीयुत अगरचन्द नाहटाके मतानुसार सम्भवत यही हिन्दी गद्यका प्राचीनतम

उदाहरण है।

१ १९ हिन्दी गद्यका विधिवत प्रयोग नाथपंथी योगियों द्वारा हुआ। हठ योग, ब्रह्मज्ञान, आध्यात्मिक विवेचन आदिसे सम्बद्ध गोरखपंथियोंका एक ग्रन्थ गद्यमें मिलता है, जिसकी रचना सन १३५० के लगभग हुई। यह वार्त्तालाप रूपमें है—

> श्री गुरु परमानन्द तिनको दंडवत है। हैं कैसे परमानन्द आनन्द स्वरूप हैं सरीर जिन्हि को, जिन्हि के नित्य गाए त शरीर चेतनि अर आनन्दमय होतु है। मैं जु हों गोरिष सो मछन्दरनाथ को दंडवत करत हों। हैं कैसे वे मछन्दरनाथ? आत्मज्योति निश्चल है अंतहकरन जिनके अर मूलद्वार ते छह चक्र जिनि नीकि तरह जाने।

इसे शुक्लजीने ब्रजभाषा गद्य माना है किन्तु इसकी वाक्य रचनामें निहित कतिपय तत्त्व हिन्दीकी प्रकृतिके अनुरूप हैं।

१ २० उत्तर भारतमें साहित्यिक भाषा ब्रज और अवधी बन चुकी थी किन्तु चौदहवी शतीमें दक्षिण भारतमें हिन्दीमें गद्य रचना होती रही। दक्खिनीमें गद्यका प्रणयन सर्वप्रथम ख्वाजा बन्दानवाज गेसूदराजने (१३१८ १४२२ ई०) किया। आपकी अधिकतर रचनाएँ फारसीमें हैं, किन्तु तीन रिसाले मीराजुल आशकीन हिदायतनामा और रिसाला सहवारा दक्खिनीमें हैं। मीराजुल आशकीनके १९ पष्ठामें फारसी मिश्रित हिन्दी गद्य द्रष्टव्य है—

> ईमान के झाडा (जड़) क्या और ईमान की डालियाँ क्या और ईमान के पात क्या और ईमान का वतन क्या और ईमान का बीज क्या और ईमान का पोष्ट क्या और ईमान का सर क्या और ईमान का जीउ क्या।

१ २१ अकबरके समयमें लगभग सन् १५८० में गंग कवि गद्यकी रचना चन्द छन्द बरनन की महिमा उपलब्ध है। इस ग्रन्थसे यह तथ्य स्पष्ट होता है कि उस समय हिन्दी शिष्ट बोलचालकी भाषा थी। यद्यपि साहित्यकी भाषा ब्रज और अवधी ही रही है—

> सिद्धि श्री १०८ श्री श्री पातसाहिजी श्री दलपतिजी अकबरसाहजी आमखास में तखत ऊपर विराजमान हो रहे। और आमखास भरने लगा है जिसमें तमाम उमराव आय आय कुर्निश बजाय जुहार करके अपनी अपनी बैठक पर बैठ जाया करें अपनी अपनी मिसल से। जिनकी बैठक

नहीं सो रेसम क रसम म रेसम की लूम पकड पकड क खड ताजीम म रह।

इतना सुनक पातसाहिजी श्री ग्रस्तग्यासिजी श्राप सर सोना नरहरदास चारन का दिया। इनर डड सर साना हो गया। रास वचना पूरन भया। ग्रामखास बरखास हुग्रा।

१२२ दक्खिनी हिन्दीका मुख्य ग्रथ मुल्ला वजहीरा सबरस है, जिसका रचनाकाल सन १६३५ है—

एक रात बात म बात ग्रफता हौर दिल कलन्दर का किस्सा काडी, ग्रपन राज का पर्दा फाडी। काँटे का जख्म घाव दद कहीं। ग्रपन हमदद पास दद कहीं कि हमना हौर दिल म ग्राशिक हौर माशूकी की निस्बत दर्मियान है दो तन हैं वले दो तन को एक जान है।

बात ग्रजब है उसके भगवन को एक सबब है यहाँ कुछ हम न, इसका कुछ गम न। बन झगडा इताल ग्रवल सौं ग्रा पडया है किस्सा मुश्किल खडया है। हुस्नधन मनमोहन जगजीवन की बात हुस्न की हम दाल सुन सब खातिर लिया विचारी कहा खुदा है डर न को ग्रवल क्या ग्रछ बिचारी।

ग्रसील पका (पसौ) पर नजर नहीं करता ग्रसील ग्रपनी शम कौं मरता ग्रपन नम धम कौं मरता। जा कुछ हाता खुदा का भाता। बुरा वक्त क्या पूछ कर ग्राता।

१२३ सन १७४१ मे रामप्रसाद निरजनी कृत भाषायोगवाशिष्ठका गद्य सुष्ठु और परिमार्जित है। इसलिय निरजनीको ही प्रथम प्रौढ गद्य लेखक कहा गया है।

ग्रगस्त्यजी के शिष्य सुतीक्षण क मन मे एक सदह पदा हुग्रा तब वह उसके दूर करन के कारण ग्रगस्त मुनि के ग्राश्रम म जा विधिसहित प्रणाम कर के बैठ ग्रौर बिनती कर प्रश्न किया कि हे भगवन आप सब तत्वों ग्रौर शास्त्रों के जाननहारे हो मेरे एक सदेह को दूर करो। मोक्ष का कारण कम है कि ज्ञान है ग्रथवा दोनों है समभाय के कहो।

मलीन वासना जन्मों का कारण है ऐसी वासना को छाडकर जब तुम स्थित होग तब तुम कर्ता हुए भी निर्लेप रहोग ग्रौर हष शोक ग्रादि विकारों स जब तुम ग्रलग ग्रलग होग तब वीतराग, भय क्रोध स रहित रहोग।

जिनने आत्मतत्त्व पाया है वह जस स्थित हो वस हो तुम भी स्थित हो। इसी दृष्टि को पाकर आत्मतत्व का देखो तब विगतज्वर होगे और आत्मपद को पाकर फिर जनम मरण के बंधन में न आवोगे।

१२४ सन १७६१ में बागवानिवासी प० दौलतरामने हरिषेणाचार्य कृत जैन पद्मपुराणका हिन्दीमे अच्छा अनुवाद किया—

जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्रविषे मगधनामा देश अति सुन्दर है जहा पुण्याधिकारी बसे हैं इन्द्र के लोक समान सदा भोगोपभोग करे हैं और भूमिविषे साठिन के वाड शोभायमान हैं। जहा नाना प्रकार के अन्नों के समूह पर्वत समान ढेर हो रहे हैं।

ये दोनो रचनाएँ हिन्दीकी शिष्ट जनताकी भाषा प्रमाणित करती है। ब्रजका जो कुछ प्रभाव परिलक्षित है वह ब्रजकी तात्कालिक महत्ताके कारण है।

१२५ इसके उपरान्त १७७० १७८० के बीच रचित किसी राजस्थानी लेखकका मडोवर का वर्णन मिलता है।

अवल में यहाँ माडव्य रिसी का आश्रम था। इस सबब से इस जगे का नाम माडव्याश्रम हुवा। इस लफ्ज का बिगड के मडोवर हुवा है।

१२६ सन् १७९९ में फोर्टविलियम कॉलेजकी स्थापना हुई जहा फारसी और हिन्दुस्तानीकी शिक्षापर विशेष बल दिया गया। अप्रैल १८०१ मे डा० जान गिलक्राइस्ट हिन्दुस्तानीके प्राफेसरके रूपमें नियुक्त हुए जिनकी देखरेखमे हिन्दी व्याकरण और शब्द कोषका निर्माण कार्य हुआ। किन्तु इसी समय (१८००) मथुरानाथ शुक्लने पचाग दर्शनकी, मुशी सदासुखलालने विष्णुपुराणपर आधृत ज्ञानोपदेशकी पुस्तक सुखसागरकी और इशाअल्लाखाने रानी केतकी की कहानीकी रचना की। मुशीजीने शिष्ट बोलचालकी भाषाका प्रयोग किया है—

स्वभाव करके वे दैत्य कहलाये। बहुत जाना चूक हुई। उन्हीं लोगों से बन आवे है जो बात सत्य होय। जो बात सत्य होय उसे कहना चाहिये कोई बुरा माने कि भला माने। विद्या इस हेतु पढते हैं कि तात्पर्य इसका (जो) सतोवृत्ति है वह प्राप्त हो और उससे निज स्वरूप में लय हूजिए। इस हेतु नहीं पढते हैं कि चतुराई की बाते कहके लोगों को बहकाइए और फुसलाइए और सत्य छिपाइये व्यभिचार कीजिए और सुरापान कीजिए और धन द्रव्य इकठौर कीजिए और मन को कि तमोवृत्ति से भर रहा है निर्मल न कीजिए। तोता है सो नारायण का नाम लेता है परन्तु उसे ज्ञान

तो नहीं है ।

इन्होने सन् १७९८ और १८०३मे वीरभानचरित या रानी केतकी की कहानीका प्रणयन किया। उनका उद्देश्य ठेठ हिन्दी लिखना था—

जिसम हिंदवी छुट और किसी बोली का पुट न मिले । बाहर की बोली ग्रौर गँवारी कुछ उसके बीच न हो ।

किन्तु इस प्रतिज्ञाके उपरान्त भी कहीं-कहीं फारसी वाक्य विन्यास लक्षित किया जा सकता है—

यह चिट्ठी जो पीकभरी कुवर तक जा पहुँची ।

सिर झुकाकर नाक रगडता हू ग्रपने बनानेवाले के सामने जिसने हम सबको बनाया ।

इस सिर झुकाने के साथ ही दिन रात जपता हूँ उस ग्रपने दाता के भेजे हुए प्यारे को ।

इनकी भाषामे मुहावरोका प्राचुर्य है तथा सानुप्रासविरामका बाहुल्य है—

जब दोनों महाराजों मे लडाई होने लगी रानी केतकी सावन भादों के रूप रोने लगी ग्रौर दोनों के जी मे यह ग्रा गई यह कैसी चाहत जिसमे लहू बरसने लगा ग्रौर ग्रच्छी बातों को जी तरसने लगा ।

ग्रातियाँ जातियाँ जो साँस हैं। उसके बिना ध्यान यह सब फाँस है ।

तुम ग्रभी ग्रल्हड हो, तुमने ग्रभी कुछ देखा नहीं । जो ऐसी बात पर सचमुच ढलाव देखूगी तो तुम्हारे बाप से कहकर वह भभूत जो वह मुग्रा निगोडा, भूत मुछन्दर का पूत ग्रवधूत दे गया है हाथ मुरकवाकर छिनवा लूँगी ।

१२७ इन रचनाओको दृष्टिपथमे रखकर कहा जा सकता है कि हिंदी गद्यका प्रादुर्भाव अंग्रेजोकी प्रेरणासे नही हुआ, उसका स्वतन्त्र अस्तित्व पहले से ही था। अंग्रेजो द्वारा स्थापित विभिन्न सस्थाओ, शिक्षा-केन्द्रो, शासनकी आवश्यकता ईसाई धर्म प्रचार प्रेस आदिसे हिंदी गद्यको विकसित होनेका अवसर मिला । स्वय गिलक्राइस्टने हिंदुस्तानीको द ग्रैंड पापुलर स्पीच आफ हिंदुस्तान कहा है। कली द्वारा प्रस्तुत निबन्धका एक अश इस प्रकार है—

हिंदुस्तान मे कारवाई के लिए हिंदी जबान ग्रौर जबानों से जियादे दरकार है ।

हिंदुस्तानी जबान कि जिसका जिक मर दाव म है उसको हिन्दी, उदू और रेखता भी कहते हैं और यह मुरक्कब अरबी और फारसी जो सस्कृत या भाषा से है और यह पिछली अगले जमाने म तमाम हिंद म राएज थी।

प्रस्तुत अशम अरबी फारसी शब्दोका बाहुल्य है। इस सम्बन्धम सन १८०२ म डब्ल्यू० चपलिन द्वारा प्रस्तुत निबन्धका एक अश द्रष्टव्य है—

हे महाराजों जो मरे बचन का ध्यान देकर सुनो ता आप क मन की दुविधा जाय। सच है जो इस भयानक चाल का सार जिस ग्रथ मैं सौंपता हूँ जब धीरज की दृष्टि से देखियेगा तब इसकी अनीति और कठोरी और कुरीति को जानियेगा तो आपकी भी मति मरी ही मति क समान हो जाएगी।

इन पक्तियाकी भाषा शुद्ध हिन्दी है।

१२७१ लल्लूजीलालने सन १८०३ मे जॉन गिलक्राइस्टकी आज्ञासे प्रमसागरकी रचना की। इनकी भाषा व्रजरजित हिन्दी है। इसम इन्होने अरबी फारसी शब्दोको बचानेका प्रयास किया है। ध्यान देनेपर इनकी भाषा एकदम पडिताऊ जान पडती है। कही कही तुकबन्दी भी है। वाक्य प्राय बडे-बडे है—

तिस समय घन जो गरजता था सोई तौ धौंसा बजता था और वरण वरण की घटा जो घिर आई थी सोई शूरवीर रावत थे, जिनके बीच बिजली की दमक शस्त्र की सी चमक थी, बगपात ठौर ठौर ध्वजा सी फहराय रही थी, दादुर मोर, कडखतों की सी भाति यश बखानते थे और बडी बडी बूँदों की झडी बाणों की झडी लगी थी।

इतना कह महादेवजी गिरिजा को साथ ले गगा तीर पर जाय, नीर में न्हाय हिलाय, अति लाड प्यार से लगे पार्वतीजी को वस्त्र आभूषण पहिरान। निदान अति आनन्द म मग्न हो डमरू बजाय बजाय, ताडव नाच नाच सगीत शास्त्र की रीति से गाय गाय लगे रिझाने।

—प्रमसागर

फिर बैताल बोला ए राजा धर्मपुर नाम एक नगर है। वहाँ का राजा धर्मशील और उसके मत्री का नाम अन्धक उसन एक दिन राजा स कहा महाराज एक मन्दिर बना उसमें देवी को बिठा चित पूजा कीजिए कि इसका शास्त्र में बडा पुण्य लिखता है।

—बैतालपचीसी

लल्लूजीलालने *सिंहासन बत्तीसी बैतालपचीसी शकुन्तला नाटक, माधोनल राजनीति प्रेमसागर, लालचन्द्रिका सभाविलास* आदि अनेक हिन्दी ग्रन्थोंकी रचना की।

१२७२ सन्लमिश्रकी मुख्य रचना *नासिकेतोपाख्यान* या *चन्द्रावती* है। इसका गद्य व्यावहारिक भाषाका है किन्तु प्राय ब्रजभाषा और पूर्वीके प्रयोग आ गए हैं—

> *इस प्रकार स नासिकेत मुनि यम की पुरी सहित नरक का बणन कर फिर जौन जौन कम किए स जो भोग होना है सो सब ऋषियों को सुनान लग कि गौ ब्राह्मण माता पिता मित्र बालक, स्त्री स्वामी, वद्ध गुरु इनका जो वध करते हैं तो भूठी साक्षी भरत भूठ ही कम म दिन रात लग रहते हैं अपनी भार्या को त्याग दूसरे की स्त्री को व्याहत औरों की पीडा देख प्रसन्न होत हैं और जो अपन धम स हीन पाप ही म गड रहते है वो मातापिता की हित की बात को नहीं सुनते सबस बर करते है, एस जो पापी जन है सो महा डरावन दक्षिण द्वार स जा नरकों में पडत हैं।*

१२८ सन १८२४ म विलियम प्राइस डो० रडल और लाड एमहस्टकी भाषा-सम्बन्धी विवेचनासे स्पष्ट हो गया कि हिन्दी उदू और हिन्दुस्तानीसे भिन्न है तथा वह गौण और उपेक्षित भाषा नही है। किन्तु प्राइस न तो किसी गद्य ग्रन्थकी रचना कर सके और न ही कोई पुस्तक लिखवा सके।

१२९ सन १६२३ म रचित जटमल कविकी *गोराबादल री बातका* किसी अज्ञात लेखकने सन १८२४ म गद्यम अनुवाद किया—

> *गोरे की आवरत आवे सो वचन सुनकर अपन पावद की पगडी हाथ म लकर वाहा सती हुई सा सिवपुर म जाके वाहा दोनों मते हुए। गोराबादल की कथा गुरु के बस सरस्वती के महरबानगी स पूरन भई तिस वास्ते गुरु कू व सरस्वती कू नमस्कार करता हूँ। ये कथा साल स आसी के साल म फागुन सुदी पूनम क रोज बनाई। ये कथा म दो रस हैं वीरा रस व सीनगार रस है सो क्या। मोर छडो नाँव गाँव का रहन वाला कवेसर जगहा उस उस गाव क लोग भाहोत सुखी है, घर घर म आनन्द होना है कोई घर म फकीर दीखना नहीं।*

१३० सन १८४३ के निकट श्रद्धाराम फुल्लौरीने अनेक पुस्तकोंकी रचना की। इनके प्रसिद्ध ग्रन्थ सत्यामृतप्रवाहकी भाषा प्रौढ थी। हिन्दी गद्यम इन्होंने बहुत कुछ लिखा और निरन्तर हिन्दी भाषाका प्रचार करत रहे।

१ ३१ फोट विलियम कालजकी प्रेरणासे रचित ग्रन्थोके अतिरिक्त प्रायमिक पाठयपुस्तकें गणित, क्षेत्रविज्ञान इतिहास, भूगाल, विज्ञान चिकित्सा राजनीति, अथशास्त्र धम-दशन, कला आदि अनक विषयोपर पुस्तकें लिखी गइ। इनका गद्य शिथिल और अपरिमार्जित हानेपर भी है हिन्दीका ही।

जब सारी यूरप मे नपालियन बोनापाट क अधीन होन शात हो गई तब ग्रलजियम वाल हालण्ड देश म इस आशय स इखट्ट हुए कि हमारे साथी हान स नान्दरलण्ड के राज्य म आग क लिए फ स वालों को सम्पूण रूप से रोक होय परतु इस सयोग के न हान को कितने ही कारण हो गए क्योंकि उस देश की भाषा प्रकृति और धम भिन भिन थे। उनके मनोरथ परस्पर विपरीत थे और व आपस मे द्वष रखत थ।

जवाहरलाल—इतिहासचन्द्रिका'

इसी जगत म कोटि २ मनुष्य है, उन सबों क लिए एसी बहु खाद्य द्रव्य प्रस्तुत हैं कि ग्रभाव हागा यह शका कभी नहीं है परमश्वर न मनुष्यों के प्राण रक्षा क लिए जिन वस्तुओं की सष्टि की है उनमे विचार करन स हमारा बडा आश्चय बोध होता है।

—कलकत्ता स्कूल बुक सोसायटी द्वारा प्रकाशित पदार्थ विद्यासागर

उनकी दृष्टि बरामदे का ओर जा पडी तो क्या देखते है वह अनाथ बालक चटाई पर बठा हुआ इजील पढ रहा है और उसका अथ अपन कहार को समझाता जाता है। साहिब की ओर पीठ थी इसलिए उसन उनका नहीं देखा पहल ता स्मिथ साहिब को निश्चय न हुआ जाना मैं स्वप्न देखता हूँ।

प्रियनाथ—हैनरी और उसका मेहरा

१ ३२ ईसाई धमप्रचारकोने हिन्दी गद्यको अपने प्रचारका माध्यम बनाया। विलियम करन बाइबिलका अनुवाद कराया। इस धम पुस्तककी भाषा बोलचालकी हिन्दी है। अनुवाद होनेके कारण कही कही शली और वाक्य-विन्यास हिन्दीकी प्रकृति और प्रवृत्तिसे मेल न खानेके कारण विचित्र प्रतीत होता है।

यीशु बपतिस्मा लके तुरत जल के ऊपर आया और दखा उसके लिए स्वग खुल गया और उसन ईश्वर के आत्मा को कपात की नाई उतरते और अपने ऊपर आते देखा और देखो यह आकाशवाणी हुई कि मेरा प्रिय पुत्र है जिसस मैं अति प्रसन्न हूँ।

१ ३३ करने बाद इस क्षेत्रमे मार्टिनके प्रयत्न सराहनीय हैं। पूरा न्यू टस्टामट १८२६ म जगतारक प्रभु ईसामसीह का नया नियम मगलसमाचारके नामसे छपा। इसके अतिरिक्त दाऊद के गीत, गीत सग्रह प्रभु ईसामसीह की जीवनी, ईश्वरोक्त शास्त्रधारा तथा इंजील की तफसीर आदि अनेक पुस्तकें छपी। किन्तु इन प्रचारात्मक पुस्तकोंके गद्यसे व्यावहारिक लाभ नही हुआ।

१ ३४ साहित्य रचनाम पत्रोका भी योगदान रहा। सवप्रथम ३० मई १८२६ को प० जुगलकिशार शुक्लके सम्पादकत्वम उदन्त मातण्ड प्रकाशित हुआ।

> *यह उदतमातण्ड अब पहिले हिंदुस्तानियों क हित के हेत जो आज तक किसी न नहीं चलाया पर अगरेजी ओ पारसी ओ बगले म जो कागज छपता है उसका सुख उन बोलियों क जानन ओ पढनवालों को ही होता है। इससे सत्य समाचार हिंदुस्तानी लोग देखकर आप पढ ओ समझ लेय ओ पराई अपेक्षा न कर ओ अपन भाप की उपज न छोड इसलिए—श्रीमान गवरनर जनरल बहादुर की आयस से एसे साहस मे चित लगाय क एक प्रकार से यह नया ठाट ठाटा।*

किन्तु यह पत्र एक वर्ष बाद ही बन्द हो गया। इसम प्रयुक्त हिन्दीके उदाहरण इस प्रकार हैं—

> *एक यशी वकील वकालत का काम करते करत बुड्ढा होकर अपन दामाद को वह काम सौंप के आप सुचित हुआ।*
>
> *यह सुनकर वकील पछता करके बोला तुमन सत्यानाश किया। उस मौकद्दम से हमारे बाप बड थे तिस पीछ हमारे बाप मरती समय हम हाथ उठाके दे गये ओ हमन भी उसको बना रखा जो अब तक भली भाँति अपना दिन काटा ओ वही मुकद्दमा तुमको सौंपकर समझा था कि तुम भी अपने बट पोते परोतों तक पलोगे पर तुम थोड स दिनों म उस खो बठे।*

१ ३४ १ उसके बाद ६ मई १८२६ को बगदूत निकला। राजा राममोहन रायकी भाषाम कहीं-कहीं बगलापनकी झलक है जिसे किसी प्रकार भी समीचीन नही कहा जा सकता—

> *जो सब ब्राह्मण साग वद अध्ययन नहीं करत सो सब व्रात्य हैं यह प्रमाण करन की इच्छा करके ब्राह्मण धम परायण श्री सुब्रह्मण्य शास्त्रीजी न जो पत्र साग-वेदाध्ययन भनक दश के ब्राह्मणों क समीर पठाया है उसमें देखा जो उन्होंन लिखा—वेदाध्ययनहीन—मनुष्यों को*

स्वर्ग और मोक्ष होने शक्ता नहीं।

१ ३४ २ १८४४ मे राजा शिवप्रसाद सितारेहिन्दका बनारस अखबार तारामोहन मित्रके सम्पादकत्वम प्रकाशित हुआ। इसकी भाषा मूलत उर्दू है परन्तु कहीं-कहीं हिन्दीका पुट भी मिलता है—

> यहा जो नया पाठशाला कई साल से जनाब कप्तान किट साहब बहादुर के इहतिमाम और धर्मात्माओं के मदद से बनता है उसका हाल कई दफा जाहिर हो चुका है।

१ ३४ ३ सन १८५० मे सुधाकर निकला और १८५२ म मुशी सदासुख लालके सम्पादकत्वम बुद्धिप्रकाश। बुद्धिप्रकाशकी भाषा स्वच्छ और व्यवस्थित थी—

> स्त्रियों म सन्तोष और नम्रता और प्रीत यह सब गुण कर्ता न उत्पन्न किए हैं, केवल विद्या की न्यूनता है, जो यह भी हो तो स्त्रिया अपन सारे ऋण से चुक सकती हैं और लडकों को सिखाना पढाना जसे उनसे बन सक्ता है वसा दूसरों स नहीं।

१ ३५ उस समय उर्दू-फारसी कचहरी और सरकारी व्यवहारकी भाषा बनी हुई थी और उर्दू हिन्दीका सघर्ष चल रहा था। सरकारी क्षेत्रसे बहिष्कृत होनेपर भी हिन्दी जनसाधारणका प्रतिनिधित्व करती रही। उन्नीसवी शती पूर्वार्द्धम आधुनिक हिन्दी गद्यका सूत्रपात हो चुका था परन्तु कुछ समय तक विशृखलित सी रही तथा इस अवधिम रचनाका परिमाण अत्यल्प रहा। सन १८४६ म रायमक्खनलालने श्रीमदभागवतका सुखसागर नामसे अनुवाद किया। सन १८५१ मे मीरमुशी लक्ष्मीदासकी हातिमताई १८५६ म शुकबहत्तरी, १८६० म दाऊजी अग्निहोत्री कृत नल प्रसग आदिका उल्लेख किया जा सकता है।

१ ३६ प्रारम्भिक अवस्थाका हिन्दी गद्य अपरिपक्व था। स्थायी गद्य साहित्य और साहित्यिक रूपोका विकास नही हो पाया था। उन्नीसवी शती उत्तरार्द्धम अनेक कारणोस हिन्दी गद्यका अभूतपूर्व विकास हुआ। इस समय राजा शिव प्रसादने हिन्दीकी रक्षामे प्रत्यक्ष एव परोक्ष रूपसे उल्लेखनीय सहयोग किया। राजा भोज का सपना, वीरसिह का वृत्तात आलसियों को कोडा, इतिहास तिमिरनाशक मानवधर्मसार आदि राजासाहबकी प्रमुख रचनाएँ हैं। प्रारम्भिक पुस्तकें सामान्य प्रयोगकी सरल हिन्दीम हैं—

> बडे बडे महिपाल उसका नाम सुनते ही काप उठते और बडे-बडे भूपति उसके पाँव पर अपना सिर नवाते। सेना उसकी समुद्र के तरगों का नमूना और खजाना उसका सोने चाँदी और रत्नों की खान से भी दूना।

उर्दू के प्रचलित होने से देशवासियों को कोई लाभ न होगा क्योंकि वह भाषा खास मुसलमानों की है।

हिंदुओं का यह कर्तव्य है कि वे अपनी परम्परागत भाषा की उन्नति करते चलें। उर्दू में आशिकी कविता के अतिरिक्त किसी गम्भीर विषय को व्यक्त करने की शक्ति ही नहीं है।

१४० स्वामी दयानंदने सन १८७५ में सत्यार्थप्रकाश हिंदीमें लिखा और पंजाबमें हिंदीका प्रचार किया।

पुरुषों और कन्याओं का ब्रह्मचर्याश्रम और विद्या जब पूर्ण हो जाय तब जो देश का राजा होय और जितने विद्वान लोग वे सब उनकी परीक्षा यथावत करें।

१४१ राजा लक्ष्मणसिंहकी भाषा-नीतिके कारण हिंदी गद्यके विकासके लिए एक नई परम्परा मिली। उनकी भाषा हिंदीके भावी रूपका आभास दे चुकी थी। ऐसे समयमें (१८५०-१८८५) भारतेंदुका उदय हुआ तथा उन्होंने अनेक प्रकारसे हिंदीके विकासमें योग दिया। हिंदी नयी चाल में ढली की घोषणा हुई। भारतेंदुने जनभाषाको प्रश्रय दिया। उनके समयमें उपन्यास, कहानी, नाटक, निबंध, आलोचना, प्रहसन सभी विधाओंमें साहित्य निर्माण हुआ।

१४२ भारतेंदु युगके गद्यलेखकोंमें बालकृष्ण भट्ट, प्रतापनारायण मिश्र, श्री निवासदास, केशवदास भट्ट, कार्तिक प्रसाद खत्री, ठाकुर जगमोहनसिंह, राधाचरण गोस्वामी, अम्बिकादत्त व्यास, दुर्गाप्रसाद मिश्र आदि प्रमुख हैं।

झूठ झूठ झूठ। झूठे ही नहीं विश्वासघातक। क्यों इतना छाती ठोंक और हाथ उठाकर लोगों को विश्वास दिया? आप ही सब मरते चाहे जहन्नुम में पड़ते।

भारतेन्दु—चन्द्रावली नाटिका

मेरी बड़ी इच्छा है कि मैं भारतवर्ष के गौरवस्वरूप प्रसिद्ध व्यक्तियों के चरित्र किसी का नाटक, किसी का उपन्यास, किसी को इतिहास स्वरूप में यथावकाश अपने पाठकों को भेंट करूँ।

राधाकृष्णदास—महाराणाप्रताप

परन्तु आज व्रजकिशोर की वह सफाई और सच्चाई कहाँ है? हरिकिशोर का कहना इस समय क्या झूठ है। इसके आचरण से इसको धर्मात्मा कौन बता सकता है? और जब हम खतल मनुष्य को अंत में यह

उगरे ्गा न राजा करण को लोगो क जो स भुनाया और उगर ्पाय न विक्रम को भी लजाया।

—राजा भोज का सपना

मानवधमसारकी भापा संस्कृतनिष्ठ है—

मनुस्मति हि-दुओ का मुख्य धमशास्त्र है। उससे कोई भी हिन्दू अप्रामाणिक नही कह सकता।

किन्तु धीरे धीरे व उदू की आर भुकने गए। उन्ह हिन्दी गँवार जचने लगी और उस फशनेबुल कनात-कनात उ-होन उदू का मातृभापा कह दिया। इतिहासतिमिरनाशककी कुछ पक्तियाँ द्रष्टव्य है—

तुगलक का भाई मगऊन्याँ निहायत हसीन था बगावत का मुनहा हुआ पूछन पर उक्वत और सियासत क डर स भूठा इकरार कर दिया।

सिक्खो का उन्य और अस्तम अरबी फारसी श-दोके प्राधान्यके साथ गलीकी ्प्टिस भी भापा उदू हो गई है—

जियान्ती स निहायत तग और खक्वार हो रहे थे मिल जान के एसी फाहिश शिकस्त उसन खाई वसवव बीमारी के तुक्मा मौत का हुआ।

७ राजा शिवप्रसादकी इस भापाकी कडी आलोचना हुई और प्रतिक्रयास्वरूप राजा लक्ष्मणसिहन कहा कि हमारे मतम हि-्दी और उदू दो बोली -यारी-्यारी है। उनके द्वारा अनुवादित शकुन्तला और मघदूत नाटकोकी सराहना हुई। किन्तु इनकी भापापर ब्रजका प्रभाव है—

सखी मैं भी इसी सोचविचार म हूँ। अब इसस कुछ पूछूगी। (प्रगट) महात्मा। तुम्हारे मधुर वचनो के विश्वास मे आकर मरा जी यह पूछन को चाहता है कि तुम किस राजवश के भूपण हो और किस देश की प्रजा को विरह मे याकुल छोड यहाँ पधारे हो? क्या कारन है जिसस तुमन अपन कोमल गात को कठिन तपोवन मे आकर पीडित किया है?

१ ३८ फ डरिक पिकाट भारतीयाके हितपी थ और उदू पत्र आइन सौदागरीम हि-दी लख वे स्वय लिखा करत थे।

१ ३६ सन १८६३ और १८८० के बीच पजावम नवीनच-द्ररायने विभिन विपयापर हि-दी पुस्तकाकी रचना की। उदू के पक्षपाती सयद हादी हुसन खाँका खण्डन करते हुए उ-होने जोरदार शब्दामे कहा——

भेद खुला तो संसार में धर्मी का तिनको यह शक्ते हैं।

लाला श्रीनिवासदास—परीक्षागुरु

इसी से लोगों ने कहा कि मन शरीररूपी नगर का राजा है और स्वभाव उसका बड़ा चंचल है। यदि स्वच्छन्द रहे तो बहुधा कुत्सित ही मार्ग में धावमान रहता है।

प्रतापनारायण मिश्र—मनोयोग

यावतमिथ्या और दरोग की किबलेगाह इस कल्पना पिशाचिनी का कहीं ओरछोर किसी ने पाया है? अनुमान करते करते हैरान गौतम से मुनि 'गोतम' हो गए। कणाद तिनका खा खाकर किनका बीनने लग पर मन की मनभावनी कन्या कल्पना का पार न पाया।

बालकृष्ण भट्ट—कल्पना

१.४२.१ समालोचना भी इसी युग में प्रारम्भ हुई। प्रेमघनने संयोगिता स्वयंवरकी आलोचना करते हुए लिखा—

नाटक के प्रबन्ध का कुछ कहना ही नहीं, एक गँवार भी जानता होगा कि स्थान परिवर्तन के कारण गर्भांक की आवश्यकता होती है, अर्थात स्थान के बदलने में परदा बदला जाता है और इसी परदे के बदलने को दूसरा गर्भांक मानते हैं, सो आपने एक ही गर्भांक में तीन स्थान बदल डाले।

ठाकुर जगमोहनसिंह प्रणीत श्यामास्वप्न भारतेन्दुयुगकी विशिष्ट रचना है—

मैं कहाँ तक इस सुन्दर देश का वर्णन करूँ? जहाँ की निर्झरिणी—जिनके तीर वानीर से भिरे मदकल कूजित विहंगमों से शोभित हैं जिनके मूल से स्वच्छ और शीतल जलधारा बहती है और जिनके किनारे के श्याम जम्बू के निकुंज फलभार से नमित जनाते हैं—शब्दायमान होकर झरती हैं।

१.४२.२ देवकीनन्दन खत्रीके महत्वपूर्ण और लोकप्रिय उपन्यास चन्द्रकान्ताकी भाषा अत्यन्त सरल और स्वाभाविक है—

शाम का वक्त है कुछ कुछ लालिमा दिखाई दे रही है, सुनसान मैदान में एक पहाड़ी के नीचे दो शख्स वीरेन्द्रसिंह और तेजसिंह एक पत्थर की चट्टान पर बैठ आपुस में बातें कर रहे हैं।

१ ४२ ३ इस युगमे मौलिक रचनाओंके साथ-साथ अनुवाद कार्य भी हुआ। बंगला मराठी, गुजराती, अंग्रेजी आदिसे हुए अनुवादोंके कारण हिन्दी वाक्य विन्यासपर पर्याप्त प्रभाव पडा। भाषा विशृंखल हो गई। वाक्य रचनामे विभक्तियोके प्रयोगमे कर्तृवाच्य तथा कर्मवाच्य क्रिया रूपोमे अशुद्धिया होने लगी। जैसे काजर की कोठरीमे देवकीनन्दन खत्री लिखते हैं—

> *पारस ने अपना सरला के पास जाना और वहा से छुच्छु बनकर वरग लौट आने का हाल बानी से बयान किया। वह प्रेम सलिल मे उसने स्वार्थ को बहा दिया।*

दो मित्रमे लोचनप्रसाद पाण्डेयकी भाषा भी त्रुटिपूर्ण है।

> *पशु पक्षियों ने रात्रि का आगमन जान अपने अपने स्वस्थान को गमन किया, थोडी देर मे अधकार फैल गया।*

बंगलासे अनुवादित ग्रन्थोमे पदावली ज्योकी त्यो रही है। आनन्दमठका अनुवाद द्रष्टव्य है—

> *मध्याह्न काल मे, कूल परिप्लाविनी, प्रसन्न सलिला, विपुल जल कल्लोलिना स्रोतस्विनी के ऊपर जैसी घनी बादलों की छाया पड जाती है, वैसी ही छाया पडी हुई थी।*

१ ४३ द्विवेदी युगमे भाषाकी शुद्धिपर विशेष ध्यान दिया गया। आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदीने भाषाकी सहज शुद्धतापर विशेष बल दिया।

> *इससे स्पष्ट है कि किसी किसी मे कविता लिखने की इस्तेदाद स्वाभाविक होती है ईश्वरदत्त होती है। जो चीज ईश्वर दत्त है वह अवश्य लाभदायक होगी। वह निरर्थक नहीं हो सकती।*

बालमुकुन्द गुप्तका मनोरंजक निबन्ध-संग्रह *शिवशम्भू का चिट्ठा* उल्लेखनीय है—

> *इतने मे देखा कि बादल उमड रहे हैं। चीलें नीचे उतर रही हैं। तबीयत भुरभुरा उठी। इधर भग उधर घटा बहार मे बहार। इतने मे वायु का वेग बढा चीलें अदृश्य हुई, अंधेरा छाया बूदें गिरने लगीं, साथ ही तडतड धडधड होने लगी, देखा ओले गिर रहे हैं।*

हरिऔधजीने ठेठ हिन्दी लिखनेका प्रयत्न किया है। ठेठ हिन्दी का ठाठमें वे इस प्रकार लिखते हैं—

> *देवनन्दन धीरे धीरे उसके पास आया, धीरे धीरे अपनी आँख उठाकर उसकी ओर देखा पीछे दोनों एक पेड़ के नीचे बैठ गए। कुछ घड़ी दोनों चुप रहे मन ही मन जाने क्या सोचते रहे।*

बाबू गुलाबराय बाबू श्यामसुन्दरदास एवं आचार्य रामचन्द्र शुक्लका गद्य गंभीर एवं व्यवस्थित है।

> *सुन्दर वस्तु को भी हम इस कारण सुन्दर कहते हैं कि उसमें हम अपने आदर्शों की झलक देखते हैं। आत्मा के सुविस्तृत और औदार्यपूर्ण हो जाने पर सुन्दर और असुन्दर दोनों ही समान प्रिय बन जाते हैं*
>
> —गुलाबराय

> *आनन्द और विषाद आकर्षण और विकर्षण, अनुराग और विराग ये क्रमश आत्मा और अनात्मा के विषय हैं और ये साहित्य के विषय भी हैं।*
>
> —श्यामसुन्दरदास

> *इस पुस्तक में मेरी अन्तर्यात्रा में पड़नेवाले कुछ प्रदेश हैं। यात्रा के लिये निकलती रही है बुद्धि पर हृदय को भी साथ लेकर। अपना रास्ता निकालती हुई बुद्धि जहाँ कहीं मार्मिक या भावाकर्षक स्थलों पर पहुँचती है वहाँ हृदय थोड़ा बहुत रमता और अपनी प्रवृत्ति के अनुसार कुछ कहता गया है।*
>
> —रामचन्द्र शुक्ल

१४४ हिन्दीके परिमार्जन एवं परिष्करणमें छायावादी कवियोंके गद्यका विशेष महत्त्व है। पल्लवकी भूमिकामें सुमित्रानन्दन पन्त लिखते हैं—

> *जिस प्रकार उस युग के स्वर्ण स्तम्भ में भौतिक सुख शान्ति के स्थापक प्रसून हुए उसी प्रकार मानसिक सुख शान्ति के प्रसारक भी जो प्रातःस्मरणीय पुण्य व्यक्तित्व के पृष्ठों पर रामानुज रामानन्द कबीर महाप्रभु वल्लभाचार्य नानक दयानन्द नामों में स्वर्णांकित हैं व्यक्तित्व के ही नन्दन के हृदयस्थ पर उनकी भ ... अन्तर्ध्यान, उनकी सभ्यता के पथ पर अक्षय चिह्न अमिट और अमर हैं।*

कहानी हो, नाटक हो, उपन्यास हो, सवत्र जयशकर प्रसादकी भाषा काव्य मय है।

> "मैं अपन अदष्ट को अनिर्दिष्ट ही रहने दूगी। वह जहाँ ले जाय।" —चम्पा की आँखें निस्सीम प्रदेश मे निरुद्देश्य थीं। किसी आकाक्षा के लाल डोरे उसम न थे। धवल अपाग मे बालकों के सदश विश्वास था। हत्या व्यवसायी दस्यु भी उस देखकर काप गया।
>
> —आकाशदीप

> अकस्मात जीवन कानन म, एक राका रजनी की छाया म छिपकर मधुर वसन्त घुस आता है। शरीर की सब क्यारिया हरी भरी हो जाती हैं। सौदय का कोकिल—'कौन'? कहकर सबको रोकन टोकन लगता है पुकारन लगता है। राजकुमारी! फिर उसी म प्रम का मुकुल लग जाता है। आसू भरी स्मनिया मकरन्द भी उसम छिपी रहती हैं।
>
> —स्कन्दगुप्त

महादवीका गद्य रेखाचित्राम काव्यमय है किन्तु सामाजिक विवेचनम गम्भीर हो उठा है—

> वास्तव म जीवन सौन्दय की आत्मा है पर वह सामजस्य की रखाओं म जितनी मूर्तिमत्ता पाता है उतनी विषमता मे नहीं। जसे जसे हम वाह्यरूपों की विविधता में उलझते जाते हैं वस वस उनके मूलगत जीवन को भूलते जाते हैं। बालक स्थूल विविधता से विशष परिचित नहीं होता, इसीसे वह केवल जीवन का पहचानता है। जहाँ उस जीवन स स्नह सदभाव की किरणें फूटती जान पडती हैं, वहाँ वह व्यक्त विषम रेखाओं की उपेक्षा कर डालता है।
>
> —अतीत के चलचित्र

> उसम कथा का सारा मम बँध नहीं पाता था पर जो कथाएँ हृदय का बांध तोडकर, दूसरों को अपना परिचय देन क लिए वह निकलती हैं वे प्राय करुण होती हैं और करुणा की भाषा शब्दहीन रहकर भी बालन में समथ है।
>
> —स्मृति की रेखाए

शताब्दियाँ की शताब्दियाँ आती जाती रहीं, परन्तु स्त्री की स्थिति

की एकरसता में कोई परिवत्तन न हो सका। किसी भी स्मतिकार न उसके जीवन की विपमता पर ध्यान देन का अवकाश न पाया किसी भी शास्त्रकार न पुरुप न भिन करके उसकी समस्या को नहीं देखा।

—शृ खला की कडियां

१४४१ उपयु क्त उदाहरणासे यह स्पष्ट है कि पन्त प्रसाद और महादेवीकी गद्य भापाम एकरसता है। यद्यपि हिन्दीकी समृद्धिम सभी छायावादी कवियाका योगदान अभूतपूव रहा है तथापि कविध्यकी दष्टिसे निराला का गद्य ही उल्लेख्य है। उनकी गद्यात्मक कृतियाकी भापाम वडा प्रभावशाली कविध्य दिखाई पडता है जो हिन्दीकी अन्तर्निहित शक्तिका परिचायक है—

यह स्थान जहाँ मौनिकता का मूल साम्य स्थिति है यथाथ स्वतत्रता है। उसी की वाहरी प्ररणा वाहर मनुष्यों को अधिकारवाद म स्वतत्र करती है। यहीं अधिकाधिक सख्या मे टहरकर मनुष्य देश समाज तथा ससार के लिए वड स-वड काय कर सक हैं। यही स्थान हमारे समाज के अत करण म आज नहीं पाया जाता। इसीलिये उसके मनुष्य मौलिक विचारों स रहित जड अधिकारों की रक्षा के लिए व्यस्त हो रहे हैं।

—अधिकार समस्या

जाति की भापा के भीतर स भी देख सकते हैं। वाहरी दष्टि से देखन क मुकावल इसका साहित्य के भीतर स देखने का महत्त्व अधिक होगा। भापा-साहित्य क भीतर हमारी जाति टूटी हुई निर्जीव हो रही है। वाहर स ज्याद यहीं भीतर उसक पराजय क प्रमाण मिलेंग। जब भापा का शरीर दुरुस्त उसकी सूक्ष्मातिसूक्ष्म नाडियाँ तयार हो जाती हैं नसों म रक्त का प्रवाह और हृदय म जीवन-स्पन्द पैदा हो जाता है तब वह यौवन के पत्र-पुष्प-मधुर वगन म नवीन कल्पनाएँ करता हुआ नई-नई सष्टि करता है।

—प्रबन्ध प्रतिमा (भापा विज्ञान)

इस पद म कवि क हृदय की गहरी व्याकुलता का सत्य वरन का विपय है। उन्होंने उस सत्यता का जो रूप वर्न किया है वह उनकी पक्तियों म कल्पना का इतना गुरुभार लकर पाठकों क सामने आता है कि

कवि के साथ पाठकों की पूरी सहानुभूति हो जाती है, वे उस वेदनायुक्त उच्छृंखलता को प्यार करने लगते हैं। कवि की गणना में ऐसी ही शक्ति प्रकट हुई है।

—चयन (महाकवि रवीन्द्र की कविता)

ओज की मात्रा पिताजी में उनसे अधिक थी। फिर मुखिया ने ये बातें डाँट के साथ कही थीं। व्यक्तिगत बात को व्यक्तिगत रूप देते हुए उन्होंने कहा—"तू हमारा पानी बन्द करेगा? तू पासी का है गाँव में जा और पूछ तेरी लड़की पटने में एक-दो तीन चार फिर एक दो-तीन चार कर रही है—हम अपनी आँखों देख आए हैं। माना कि चौधरी भगवान दीन का काम बजा था, लेकिन उनके सामने कहते।

—कुल्लीभाट

मुझे आशा है, हिन्दी के पाठक, साहित्यिक और आलोचक 'अलका' को अलकों के अन्धकार में न छिपाकर उसकी आँखों का प्रकाश देखेंगे कि हिन्दी के नवीन पथ से वह कितनी दूर तक परिचय प्राप्त कर सकी है।

—अलका (प्रस्तावना)

हे जमुना! सब ढोंग है। रामनाथ—नामनाथ जितने हैं—सब किसके घर का नहीं खाते? बसन के लड्डू में चना नहीं है? जजमान परसते हैं सब खाते हैं और जजमान खाते वक्त छू छूकर परसते हैं। हलवाई की बनी पूड़ी नहीं खाते? अब छूत कुछ सरग से आती है? एक लोग दिखावा है।

—प्रभावती

१४५ प्रेमचन्द की भाषा में यथार्थवादी परम्परा का रूप मिलता है—

होरी की आँखें आर्द्र हो गईं। धनिया का यह मातृ स्नेह उस अँधेरे में भी जैसे दीपक के समान उसकी चिन्ता जर्जर आकृति को शोभा देने लगा। दोनों ही के हृदय में जैसे अतीत यौवन सचेत हो उठा।

प्रकाश की धुंधली सी झलक में कितनी आशा, कितना बल, कितना आश्वासन है, यह उस मनुष्य से पूछो जिसे अँधेरे ने एक घने वन में घेर लिया था। प्रकाश की यह प्रभा उसके लड़खड़ाते पैरों को

शीघ्रगामी बना देती है, उसके शिथिल शरीर में जान डाल देती है।

—गोदान

१४५.१ चतुरसेन शास्त्री कलात्मक गद्य गढ़ने में सर्वोत्तम लेखक हैं। उनकी शैलीकी चुस्ती सराहनीय है। वाक्य प्राय छोटे छोटे हैं।

आशा! आशा! अरी भलीमानस! ज़रा ठहर तो सही, सुन तो सही, कितनी दूर है? मंजिल कहाँ है? ओर छोर किधर है? कहीं कुछ भी तो नहीं दिखता। क्या कहा? छोड़, मुझे छोड़। इस उत्कंठा से मैं बाज आया। पड़ा रहने दे, घर और छोर नहीं जाना।

—आशा (अन्तस्तल)

गीत खतम करके माधवी ने देखा, ननमा बेसुध पड़ी है। शराब की तेज़ी से उसके गाल एकदम सुर्ख हो गए हैं और ताम्बूल राग रंजित होंठ रह रहकर फड़क रहे हैं। साँस की सुगन्ध से कमरा महक रहा है।

—दुखवा मैं कासे कहूँ मोरी सजनी

१४५.२ पाण्डेय बेचन शर्मा उग्रकी शैलीमें व्यंजना और स्वाभाविकता भरी हुई है।

प्रकृति की उस शोभा को यदि कोई कवि देखता तो उसकी कल्पना का स्रोत मारे प्रसन्नता के फूट पड़ता। चित्रकार देखता तो उसकी तूलिका आनन्दमुग्ध होकर इधर उधर थिरकने लगती। मनचले 'बाबू' देखते तो वासनातरंगिणी में गोते लगाने लगते। पर अभागे भिक्खन के लिए प्रकृति की वह रूप छटा व्यर्थ थी।

—बलात्कार

१४५.३ रायकृष्णदासके छोटे छोटे वाक्योंमें हृदयस्पर्शी भावधाराका प्रवाह दिखाई देता है—

सन्ध्या हुई और सूर्य के वियोग से प्रकृति निस्तब्ध हो गई। सारे दृश्य बदल गये। मैं भी थककर सो गया। चुपकापूर्वक आये पर ममता के कारण मुझे जगाया नहीं। केवल मेरा चुम्बन किया और चल दिये।

उस कोमल चुम्बन से मेरी कठोर निद्रा भंग हुई। मैं आँखें मलकर चकित सा देखने लगा।

—साधना

१४६ सन १९३६ के बाद गद्य-लेखकों के एव नय वर्ग के दर्शन होते हैं, इस वर्ग के लेखकों की रचनाओं में सभी गद्य विधाओं का पूर्ण-परिपाक दृष्टिगोचर होता है।

नाटक के क्षेत्र में पौराणिक, ऐतिहासिक समस्यामूलक, हास्य प्रधान एकांकी आदि की रचना हुई। उदयशंकर भट्ट और सेठ गोविंददास के नाटक प्राय पौराणिक हैं। प्रसाद से ही ऐतिहासिक नाटकों की रचना शुरू हो गई थी। उदय शंकर भट्ट, हरिकृष्ण प्रेमी गोविन्द वल्लभ पंत वृन्दावनलाल वर्मा सेठ गोविंददास आदि ने ऐतिहासिक नाटक लिखे। लक्ष्मीनारायण मिश्र भगवती प्रसाद वाजपेयी आदि समस्यामूलक नाटकों के लिए प्रसिद्ध हैं। हास्य प्रधान नाटककार के रूप में जी० पी० श्रीवास्तव का महत्त्वपूर्ण स्थान है। डा० रामकुमार वर्मा भुवनेश्वर जगदीशचन्द्र माथुर, उपेन्द्रनाथ अश्क, विष्णु प्रभाकर, भगवतीचरण वर्मा मुख्य एकांकीकार हैं—

देवन—कलह रूप कलि के सन्निपात से जिस प्रकार द्वापर का अन्त हुआ उसी प्रकार भारत कालिक विक्रम रूप सूर्य पर सोमेश्वर रूप चन्द्र की दृष्टि संयोग से उत्पन्न प्रवाह उल्का रूपी कूटनीति की प्रज्वलित अग्नि से महापातक उत्पन्न करेगा। इस महापापग्रह योग से शत्रुनाश होगा किन्तु विक्रम पर भी उसका प्रभाव पड़ेगा।

हरिकृष्ण प्रेमी—विक्रमादित्य

पटू—अरे! चार लुटेरे गिरहकट या डाकू भी अपने को बताते तो हम वखटके मान लेते? मगर पढ़े लिखों को तुम कैसे धोखा देते हो।

भाई? तुम तो कुछ भी पढ़े नहीं हो। खत तक लिखना नहीं जानते हो।

वण्टा०—तभी तो सम्पादक बन गए। लेखक बनते तो लेख लिखना पड़ता। कवि बनते तो कविता करनी पड़ती और सम्पादक बनने में मजे से बैठे बैठे तोंद फुलानी पड़ती है। जबसे सम्पादक बने हैं तब से साढ़े सत्रह इंच तोंद बढ़ गई है। चाहे नाप के देख लो।

जी० पी श्रीवास्तव—मरदानी औरत

फिर औरत की बात? लाहौल बिला कूवत। ऐसी अजीब ऐसी बतुकी, ऐसी डावाडोल तबियत की और ऐसी आफत की कि कहे कुछ,

करे कुछ ताके इधर, देख उधर, आखों मे आंसू ओठों पर हँसी

जी० पी० श्रीवास्तव—विलायती उल्लू

इस वक्त खोपडी पर चक्करदार पगडी थी, जिसका डायमीटर दो फीट से कुछ ज्यादा ही था। शुरू शुरू मे कपडे का रग जरूर सफेद रहा होगा। मगर इस वक्त का रग था कोई न कोई जरूर बताना मुश्किल था। इसके नीचे चपटा सा गोल काला चेहरा अपनी चिमधी आखो से घोंसले में बठी हुई बुलबुल की तरह दबका हुआ झाक रहा था। सूरत गो बहुत मुनहूनी और छोटी थी तो इस पर शीतला देवी ने भूगोल के नदी, नाले पहाड वगरह के नक्श बहुत ही इतमीनान के साथ बनाये थे। नाक तो यों ही कुदरती बठी थी, मगर चेचक का काट छाँट मे इसकी नाक भी बहुत कुछ गायब हो गई थी। वह भी लिल्लाही बेग की टूटी कब्र की तरह। बदन पर खुले गले का काले रग का चुस्त कोट पीछे कमर तक आगे ठोडी के ऊपर तक।

जी पी श्रीवास्तव—भड़ामसिंह शर्मा

चन्द्रकला—पुरुष की चार हाथ की सेज में ही हमारा ससार सीमित है। पुरुष ने स्त्री की कमजोरी को उसका गुण बना दिया था। वह उसी प्रशसा मे सदव के लिए आत्मसमर्पण कर बठी। दूसरों की रक्षा मे हम अपनी रक्षा नहीं कर सकीं। शरीर और मन की इसी कमजोरी के कारण हम ससार के उन्मुक्त वातावरण से खींचकर दीवालों के घर मे डाल दी गई।

लक्ष्मीनारायण मिश्र—सिन्दूर की होली

नवीन—नारी पुरुष की प्रेरणा है साधना है अन्तरात्मा की ज्योति है। उसे न पाकर या खोकर पुरुष एक ओर जहाँ पागल बन जाता है वहाँ दूसरी ओर वह उठता भी है उसे जागरण भी मिलता है।

भगवती प्रसाद वाजपेयी—छलना

सुजाता—(कुछ सान्त्वना पाकर) तो कब आएगा माधव?

सुलोचन—आने की कुछ न पूछो माँ! बिजली का उजाला होता है न तो वह कभी कहता है कि मैं अब चमकने वाला हूँ? काले काले बादलों के बीच में अकस्मात् चमक उठता है उसी तरह माधव पहले तो कुछ पत्र

भजगा नहीं, धक स म्रा जायेगा।

सुजाता—(प्रसन्न होकर) ठीक है वटा।

सुलोचन—माँ मैंन म्रन मुह स घुघुरु वजान का म्रच्छा म्रभ्यास कर लिया है। सुनोगी? (घुघर वजान के लिए मुह वनाता है।)

डॉ॰रामकुमार वर्मा—सत्य का स्वप्न

चन्दन—म्राह माँ, तुम ता वातें करन मे वडी म्रच्छी हो। जव मैं वडा होकर वहुत सी जागीरें जीतूगा, मा! तो मैं तुम्हारे लिए एक मदिर वनवाऊँगा। देवी के स्थान पर तुमको विठलाऊँगा। श्रौर तुम्हारी पूजा करूँगा। तुम अपनी पूजा करने दोगी।

डा॰ रामकुमार वर्मा—दीपदान

युवक—जिक्र तो शादी का था?

पुरप—हा हा शादी को ही लीजिए, श्राप मानते हैं कि हर एक ग्रादमी का जाति की जिन्दगी मे दाखिल होना जरूरी है। जसा मैं प्राय कहता हूँ कि दुनियाँ साझ की दुकान है श्रौर हर एक वालिग ग्रादमी का कत्तव्य है कि उसका साझेदार हो।

भुवनेश्वर—स्ट्राइक

छोटी भाभी—क्यों इदु वेटी क्या वात हुई—यह रजवा रो रही है काई कडी वात कह दी छोटी वहू न इसे?

इदु—मीठी वे कव कहती है जो ग्राज कडवी कहगी? छोटी वहू से झगडा हा गया है।

उपेन्द्रनाथ अश्क—सूखी डाली

नमिचन्द—हाँ हाँ जाइय, सठ न कमाया जरूर है 'लक' म?

लालचन्द—कम स कम सात ग्राठ लाख। पर अपने को क्या? ग्राड वक्त काम देता है सहायता मिलती है। पिछले दिनों लोहा इसी स लिया, ग्रब कोठी के लिए जरूरत पडगी तो—

उदयशकर भट्ट—पर्दे के पीछे

बादल—(ग्रनवूझ सा) लौटना न हो। क्या कह रहो हो तुम यानी यानी—

मनीषी—(पूवत) सच कहती हूँ। मैं यहाँ लौटना नहीं चाहती।

बाल्ल—आखिर क्यों ?

मनीषी—क्योंकि यहाँ कोई तुम्हे मुझसे छीन लेगा। सच कहती हू मुझे ऐसा लग रहा है जैसे कोई—

विष्णु प्रभाकर—माँ

माधव—अब यह भी बताना होगा ? तुम भी बुद्धू हो। क्या इसी बूते पर प्रेम करने चले थे ?

शखर—ओह! छाया ? (माधव का हाथ पकडते हुए) तुम कितने अच्छे हो ?

माधव—और सुनो। सम्राट ने देवदत्त को आज्ञा दी है कि वह तक्षशिला जाकर वहाँ के क्षत्रप वीरभद्र के विद्रोह को दबाये।

जगदीशचन्द्र माथुर—भोर का तारा

देवनारायण—मानवता! हा हा हा हा! जिसे तुम मानवता कहते हो ढकोसला है—छल है। जो मानवता है वह बडी कुरूप चीज है रामेश्वर। मानवता के माने हैं एक दूसरे को खा जाना मानवता का अर्थ है स्वय सुखी बनने के लिए दूसरे को दुखी बनाना। दूसरों पर विजय दूसरों की गुलामी—यही मानवता है।

भगवतीचरण वर्मा—मैं और केवल मैं

१४७ उपन्यासकं क्षेत्रम जैनेन्द्रकुमार इलाचन्द्र जोशी वृन्दावनलाल वर्मा भगवतीप्रसाद वाजपेयी भगवतीचरण वर्मा चतुरसेन शास्त्री सियारामशरण गुप्त यशपाल जैन, राहुल सांकृत्यायन धर्मवीर भारती नागार्जुन राजेन्द्र यादव कन्हैयालाल प्रभाकर फणीश्वरनाथ रेणु अमृतलाल नागर रांगेय राघव उल्लेखनीय हैं—

विवाह की ग्रंथि दो के बीच ग्रंथि नहीं है। वह समाज के बीच की भी है। चाहने से वह क्या टूटती है। विवाह भावुकता का प्रश्न नहीं व्यवस्था का प्रश्न है वह प्रश्न क्या यों टाल टल सकता है? वह गाँठ है बँधी कि खुल नहीं सकती, टूटे तो टूट भले ही जाए। लेकिन टूटना कब किसका श्रेयस्कर है—

जैनेन्द्रकुमार—त्यागपत्र

लीला न उपेक्षा स कहा—राजनीति म कम्युनिस्ट होना और प्रम म प्रियतमा का बहिन बताना आजकल की सबस बडी ईजाद है।

रागय राघव—घरौंदे

फिर भी मुझ लगता है कि तुम्हारे भीतर तुम्हारे अनान म प्रतिहिंसा की जो एक भयकर भावना वर्षों स घर किए बठी थी वह जमगत नहीं थी बल्कि जीवन की कुछ विशष परिस्थितियों ने और समाज क उत्पीडन न उस प्रवत्ति को तुम्हारे भीतर उकसाया।

इलाचद्र जोशी—पर्दे की रानी

पहर रात बीती थी।

आमों की झुरमुट म चितकबरी चान्दनी।

चितकबरी चादनी मे वह छाटा सा दुपलिया मकान नहा रहा था। अचार के दिन मे कच्चे आम ताड गए थे। साथ टूटकर गिरे हुए पत्तों के चिकन स्पश तलुवों को गुदगुदा रहे थे। दिल म लेकिन गुदगुदी नहीं, धडकन थी।

नागार्जुन—वरुण के बेटे

इसम उनका कोई कसूर नहीं है। इतिहास क सब राज करन वालों न यही किया है? मैं उनस यही कहता हूँ। आप जा कुछ करते हैं सब ठीक करत हैं, मगर यह मासूम ममन की खाल जा आपने ओढ रखी है इसका उतार फेंकिए।

आडर आडर का शार होता रहा। मेजें बजती रहीं। रामसिंह बालता रहा।

कहने का मतलब यह कि पवन जी की अब पाँचों उँगलियाँ घी म थीं। जिस आदमी को यों कोई टक को न पूछता वह अब ठाठ के साथ बढिया सूट बूट डाट, टाई लगाए रेबड का नफीस सुनहरी धूप का चश्मा लगाये अपनी हासपावर की रायल एनफील्ड माटर साईकिल पर धड धडाता फिरता था।

अमतराय—हाथी के दाँत

कभी, एक दिन, एक क्षण भर के आदश मान जान का सौभाग्य हर किसी को मिल जाता है पर चिरन्तन आदश काई नहीं, न हो सकता है।

बादल—आखिर क्यों ?

मनीषी—क्योंकि यहाँ कोई तुम्हें मुझसे छीन लेगा। सच कहती हूँ मुझे ऐसा लग रहा है जैसे कोई—

विष्णु प्रभाकर—माँ

माधव—अब यह भी बताना होगा ? तुम भी बुद्धू हो। क्या इसी बूते पर प्रेम करने चले थे ?

शेखर—ओह ! छाया ? (माधव का हाथ पकड़ते हुए) तुम कितने अच्छे हो ?

माधव—और सुनो। सम्राट ने देवदत्त को आज्ञा दी है कि वह तक्षशिला जाकर वहाँ के क्षत्रप वीरभद्र के विद्रोह को दबाये।

जगदीशचन्द्र माथुर—भोर का तारा

देवनारायण—मानवता ! हा हा हा हा ! जिसे तुम मानवता कहते हो ढकोसला है—छल है। जो मानवता है वह बड़ी कुरूप चीज है रामेश्वर ! मानवता के माने हैं एक दूसरे को खा जाना मानवता का अर्थ है स्वयं सुखी बनने के लिए दूसरे को दुखी बनाना। दूसरों पर विजय दूसरों की गुलामी—यही मानवता है।

भगवतीचरण वर्मा—मैं और केवल मैं

१४७ उपन्यासकार प्रेमचन्द जैनेन्द्रकुमार इलाचन्द्र जोशी वृन्दावनलाल वर्मा भगवतीप्रसाद वाजपेयी भगवतीचरण वर्मा चतुरसेन शास्त्री सियारामशरण गुप्त ऋषभचरण जैन, राहुल सांकृत्यायन धर्मवीर भारती नागार्जुन, राजेन्द्र यादव यशपाल प्रभाकर फणीश्वरनाथ रेणु अमृतलाल नागर रांगेय राघव उल्लेखनीय हैं—

विवाह की ग्रंथि दो के बीच की ग्रंथि नहीं है। वह समाज के बीच की भी है। चाहने से वह क्या टूटती है। विवाह भावुकता का प्रश्न नहीं, व्यवस्था का प्रश्न है वह प्रश्न क्या यों टाले टल सकता है ? वह गाँठ है बँधी कि खुल नहीं सकती टूटे तो टूट भले ही जाय। लेकिन टूटना कब किसका श्रेयस्कर है—

जैनेन्द्रकुमार—त्याग-पत्र

लीला न उपशा स कहा—राजनीति म कम्युनिस्ट होना और प्रम म प्रियतमा का बहिन बताना आजकल की सबस बडी ईजाद है।

रागय राघव—घरौद

फिर भी मुझ लगता है कि तुम्हारे भीतर तुम्हार अनान म प्रतिहिंसा की जो एक भयकर भावना वर्षों से घर किए बठी थी वह जन्मगत नहीं थी बल्कि जीवन की कुछ विशष परिस्थितियों न और समाज के उत्पीडन ने उस प्रवत्ति का तुम्हारे भीतर उकसाया।

इलाचद्र जोशी—पर्दे की रानी

पहर रात बीती थी।

आमों की झुरमुट म चितकबरी चान्दनी।

चितकबरी चादनी म वह छोटा सा दुपलिया मकान नहा रहा था। अचार के दिन म कच्चे आम तोड गए थे। साथ टूटकर गिरे हुए पत्तों के चिकन स्पश तलुवों को गुदगुदा रह थे। दिल मे लकिन गुदगुदी नहीं, धडकन थी।

नागाजुन—वरुण के बट

इसम उनका कोई कसूर नहीं है। इतिहास क सब राज करन वालों न यही किया है? मैं उनस यही कहता हूँ। आप जो कुछ करत हैं सब ठीक करते हैं मगर यह मासूम ममन की खाल जो आपन ओढ रखी है इसको उतार फकिए।

आडर आडर का शोर होता रहा। मेजें बजती रहीं। रामसिंह बोलता रहा।

कहन का मतलब यह कि पवन जी की अब पाँचों उँगलियाँ घी म थीं। जिस आदमी को यों कोई टके को न पूछता, वह अब ठाठ के साथ बढिया सूट बूट डाटे, टाई लगाए रेवड का नफीस सुनहरी धूप का चश्मा लगाये अपनी हासपावर की रायल एनफील्ड मोटर साईकिल पर धड धडाता फिरता था।

अमतराय—हाथी के दाँत

कभी, एक दिन, एक क्षण भर के आन्श मान जान का सौभाग्य हर किसी को मिल जाता है, पर चिरन्तन आन्श कोई नहीं, न हो सकता है।

इसलिए जो अपने प्रिय के प्रति निरन्तर सच्चा है वह अवश्य किसी आदर्श से च्युत है और जो आदर्श के प्रति निष्ठावान है वह कभी न कभी प्रिय को भटक जाने देगा।—साधारण मानव और कलाकार विद्रोही में यही अन्तर है। मैं नहीं चाहती कि तुम साधारण मानव होओ मगर किन्तु अगर तुममें उसकी क्षमता है तो उससे बड़े होने की अनुमति स्वाधीनता मैं तुम्हें सहर्ष देती हूं।

किन्तु यह स्वाधीनता यह सारा अपने अपराध को धोने के लिए नहीं है प्रायश्चित के लिए नहीं है उस प्यार में अपराध भी इतने सारे थे इतना विशाल था वह। मैं शेखर का अपराध छोटा करके नहीं दिखाता क्योंकि उसके पीछे शेखर के प्यार की तन्मयता थी उस शेखर की जो मैं हूँ—

'अज्ञेय'—शेखर एक जीवनी

उनके सामने तो जरा सा कपूर साहब हँस दिये। चार मजाक की बातें कर दीं छोटे मोटे उनके काम कर दिए मीठी-मीठी बातें कर लीं और सब समझे कपूर साहब तो बिल्कुल गुलाब के फूल हैं लेकिन कपूर साहब एक तेज तीखे काँटे हैं जो दिन रात सुधा के मन में चुभते रहते हैं यह तो दुनिया को नहीं मालूम। दुनिया क्या जाने कि सुधा कितनी परेशान रहती है चन्दर की आदतों से

डॉ० धर्मवीर भारती—गुनाहों का देवता

आचार और नैतिकता का प्रयोजन यदि मनुष्य को व्यवस्था और विकास की ओर ले जाना चाहता है तो मानना पड़ेगा कि यह उद्देश्य हमारी वर्तमान नैतिक तथा आचार सम्बन्धी धारणा से पूरा नहीं हो रहता।

यशपाल—दादा कामरेड की भूमिका

क्रांतिकारी कैदियों को प्रायः ही एक जेल में दो अढ़ाई वर्ष से अधिक नहीं रहने दिया जाता था। आशंका रहती थी कि कहीं अपने प्रभाव से चेले मूंड़कर भाग जाने का तिकड़म न कर लें। ऐसी आशंका के लिए कुछ आधार भी था ही।

यशपाल—सिंहावलोकन (तृतीय भाग)

कला पारखी चाहता है कि लेखक स्वयं तो गले तक डूबा कीचड़ से लथपथ रहे पर किनारे पर खड़े उनको उस कीचड़ का छींटा तक न

लगने दे। उनके हाथों मे चुपचाप कलम तोड तोडकर देता जाए, जिनके रग, रस और गध से सराबोर, होकर वे जीवन के रोग, शोक और पीडा को भूले रहें।

उपेन्द्रनाथ 'अश्क'—गिरती दीवारें

जवाहर लाल कहता है हम अहिंसा अपनानी पडेगी विश्वास के रूप मे नहीं, नीति के रूप म। जवाहर लाल वास्तविकता को पहचानता है। जवाहर लाल देश की आत्मा और चेतना का प्रतिनिधि है। वह गाधी की भाति देवता नहीं है। वह अतीत की फिर से स्थापना पर विश्वास नहीं करता। वह ऋषि-मुनियों की परम्परा को नहीं मानता। जो मिट गया, वह निश्चय ही असत रहा होगा, नहीं तो वह मिटता नहीं।

भगवतीचरण वर्मा—भूले बिसरे चित्र

नरवर, कला और राजसिह, मानसिह की कल्पना मे भूल गए। राजसिह नरवर को अपनी बपौती समझता है। चदेरी और देवगढ़ सहज ही हाथ नहीं लगने के। फिर भवन निमाण और कला-सजन के काय को अधूरा छाडकर कमे उतने बड काम को यकायक आरम्भ किया जा सकता हैं।

वृन्दावनलाल वर्मा—मृगनयनी

उन्हें क्या पता था कि एक दिन जब बाह्य जगत को च द्रमा सुधा सलिल स प्लावित करता रहेगा चन्न रस के अविरलस्रावी निर्झर से रसमय बना देगा अमतसागर की बाड स भुवनान्तराल को भरता होगा श्वेत गगा के सहस्र-सहस्र प्रवाहों का ढकता रहेगा, महावराह के दष्ट्रा-मण्डल की शोभा बिखरता रहेगा, उस समय गगा के प्रवाह पर गगा के ही समान पवित्र ज्योत्स्ना के ही समान स्वच्छ्न्पा एक राजबाला अपन मन स्मित से अन्तजगत को भी उसी प्रकार पवित्र, निमल और उत्फुल्ल बना देगी।

डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी—बाणभट्ट की आत्मकथा

दरोगा जी क किसी पुश्त मे दया की खेती नहीं हुई थी। उनक पिता पटवारी थे। पटवारी भी कस? गरीबों की गदन पर अपनी कलम टने वाले। उनक कलम की मार न कितनों की कमर ताड दी थी। कितने

बिना नाथा पना के हो गए थे, कितनों का देश छूट गया था कितनों के मुँह के टुकड़ छिन गए थे।

शिवपूजन सहाय—देहाती दुनिया

मैंने केवल एक अपराध किया है कि यही कि प्रेम करते समय साक्षी नहीं इकट्ठा कर लिया था और कुछ मतों से कुछ लोगों की जीभ पर उसका उल्लेख नहीं करा लिया था पर किया था प्रेम। यदि उसका यही पुरस्कार है तो मैं उसे स्वीकार करती हूँ।

जयशंकर प्रसाद—कंकाल

अम्मा के जाते ही विह्वल होकर मैंने पिताजी से कहा मैं आपके सामने बड़ा अपराधी हूँ पिताजी। घटनाओं का तारतम्य ही कुछ ऐसा होता गया कि मैं पहले से आपसे कुछ निवेदन न कर सका।

भगवतीप्रसाद वाजपेयी—सपना बिक गया

हम लोगों को बैठाकर दुनियाँ भर की बात पूछने लगीं कोशी मया किसकी बेटी है? शादी किससे हुई? ससुराल कहाँ है? अरी तुम लोग हँसते हो। पूछो सामवत्ती से। भला मैं उतना क्या जानूँ। सामवत्ती बोली उतना तो किसी को नहीं मालूम।

फणीश्वरनाथ रेणु—परती परिकथा

उन्हें देखकर क्या करेंगी? यों ही बड़ी बेवकूफी की बात लिखती रहती हैं वे झेंपकर बोले।

फिर वही लड़कियों जैसी झेंप। यह वाकई लज्जा है या लज्जा का नाट्य? न वहाँ कोई रश्मि है न अपर्णा। जब से बहकाए जा रहे हैं। मैंने अपनी कहानी के प्लाट को फिर से दुहराया।

राजेन्द्र यादव—शह और मात

पुराना पिटा हुआ तरीका इतना पिटा हुआ कि सिनेमावाले भी उसके डायलाग बना लेते हैं। देखो शीला लिखने के लिए कोई किसी लेखक को मजबूर नहीं कर सकता। कारण यह है कि लेखक या कोई भी आर्टिस्ट अपने आर्ट से खुद इतना मजबूर होता है कि जरा सी शांति पाते ही अपना काम शुरू कर देता है।

अमृतलाल नागर—बूँद और समुद्र

सुनने वाले उठकर बठ गए। उनकी आख चौडी हो गईं। आश्चय मे भरकर सबने अपनी २ बीडी सुलगाई। उन्होंने अब तक कई मच्छी मार देख थे। पर एसा नहीं सुना था कि कोई मच्छीमार मच्छी पर बठ जाए और जाल म फासकर उसे पकड लाए। एक आदमी शक म पूछने लगा तो सुनने वालों ने रोक दिया।

उदयशकर भटट—सागर लहरें और मनुष्य

ऊपर की तस्वीर निस्सदेह किसी भुखमरे, मनहूस आदमी की मालूम होती । किन्तु, क्या एसी बात है? मरजू भया मेरे गाव के चद जिदादिल लोगों म से एक हैं। बड मिलनसार, मजाकिया और हँसाड। वह दिल खोलकर जब हँसते हैं—शरीर भर म जो सबसे छोटी चीजें उन्ह मिली हैं—व उनके पक्तिबद्ध छोटे २ दात—यब बतहाशा चमक पडते हैं, अग २ हिलन डुलन लगते हैं जस हर अग हँस रहा हो।

रामवक्ष बनीपुरी—माटी की मूरतें

'मगर मालकिन!" मूगा ने दबी जबान से भूत उतारने की कोशिश की "सेंध डालकर वह कलमुही करेगी क्या? कुछ मिट्टी की दीवार तो है नहीं कि डर है। वह डडटूटी कहा तक पत्थर तोड सकेगी? गुरु महाराज पर निगाह उठाएगी, तो खुद ही जलकर खाक हो जाएगी।

राधिकारमण प्रसाद सिंह—राम रहीम

दुनिया की हर वस्तु की तरह मनुष्य जिन मन और शरीर दोनों चीजों स बना है वह भी प्रवाह है क्षण २ मरकर नए बन रहा है। जो जीवित मन शरीर है वह इहलोक है और जो दूसर क्षण तीसरे क्षण आन वाला मन शरीर है वही परलोक है। इसके अतिरिक्त परलोक वह है जिसका प्रवाह अनतकाल तक जारी रहता है वह सतान पुत्र पौत्र प्रपौत्र ।'

राहुल साकृत्यायन—जय यौधय

उसन जस बागडोर सँभालते हुए कहा—'इसलिए तो मैं कहता हू कि तुम हमेशा याद रखो कि कहानी लिखना तुम्हारे वश का रोग नहीं। तुम तो वही लिखो जो तुम लिख सकते हो अर्थात् जो तुम्हें सचमुच

लिखना चाहिए, नहीं तो ...।"

देवेन्द्र सत्यार्थी—रेखाएँ बोल उठीं

गाँव की आत्मा उसकी संस्कृति एक ऐसी मधुरता है जो कवि की माया है, फिर शापित है, किसी की दुल्हन और प्रमिका है, सन्निकट उपेक्षिता है। फिर भी इसका पथ, जीवन है मर नहीं। इसमें विश्वास, तपस्या और श्रद्धा है, मृत्यु की पराजय और शून्यता नहीं। ठीक इसके विरुद्ध दूसरी सीमा पर शहर की आत्मा और संस्कृति है—एक ऐसी स्वतन्त्र कुमारी की भाँति जो अपने व्यक्तित्व में अपने को सम्पूर्ण समझती है।

डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल—बया का घोंसला और साँप

खासकर उच्च सरकारी अफसर जो अंग्रेजी भाषा के पण्डित और अंग्रेजी सभ्यता के अभ्यस्त हैं और जिनके वक्तव्य ही नहीं, विचार तक अंग्रेजी से अनुवादित होकर उनके मस्तिष्क से बाहर निकलते हैं, कम-से कम पाव शताब्दी तक जब तक कि अंग्रेजी के माध्यम द्वारा टेबुल पर इस उपन्यास को अनिवार्य रूप में डाल रखें और तब तक निरन्तर इसे पढ़ते रहें तो उन्हें मौलिक भारतीय विचारधारा अपने रक्त में प्रवाहित करने में बहुत सहायता मिलेगी।

चतुरसेन शास्त्री—वैशाली की नगरवधू

मैं नाइट ड्यूटी पर थी और उसी दिन शाम को एक इटालियन सार्जेंट की दोनों टाँग काट डालनी पड़ी थीं। वह इतना चीखा चिल्लाया था कि बस। भयानक। मैं देखती हूँ कि व्यक्ति की स्वतन्त्रता बँधते-बँधते किस सीमा पर बँध जाती है। इसका उदाहरण मैंने उस रात आपरेशन टेबिल पर देखा।

नरेश मेहता—डूबते मस्तूल

लोगों का दिमाग सड़ गया है... नए-नए फैशन तो कर लेंगे, लेकिन दिमागी तौर पर अठारहवीं सदी में जिएँगे। ... टिन ट्रिन ... फिर इस स्टोर का फोन घनघना उठा है ... हैलो। ... हाँ जी है। अभी बुलाता हूँ ... एक मिनट होल्ड कीजिये। ... रामप्रकाश जी आपका फोन

मनहर चौहान—असन्तुलन

गाव वालों ने अस्थिया चुन एक सती स्तूप बना लिया। उसके पास ही उग आया पीपल का एक छोटा सा पेड। सती ने कहा—'दामोदर। तुम अपने इस नये रूप मे कितने सुन्दर लग रहे हो?'

पीपल ने अपनी कोपल बढाकर सती का स्तूप छू लिया। यह नये जीवन का प्रथम प्यार था।

यों ही सौ साल बीत गये।

कन्हैयालाल मिश्र—सती

आज दफ्तर मे बडे साहब आए तो जैसे ज्वालामुखी फूट पडी। बात कुछ न थी, किसी का कोई दोष भी न था। फिर भी वे बरस पडे।

एक 'एन्ट्री' को देखकर चन्द्रभान से बोले—'यह डाकखान की रकम फुटकर खर्च खाते मे क्यों चढा रखी है? और रजिस्टर उसके ऊपर दे मारा। उसने अपने को सँभाला और रजिस्टर साहब के सामने रखते हुए कहा—इसकी 'डिटेल' देख लीजिए। यह रकम असल मे

बात बीच मे ही थी कि साहब चिल्ला पडे—"रास्केल। जबान चलाता है सुअर हम हिसाब सिखायगा।"

कन्हैयालाल मिश्र—प्रश्नोत्तर

१ ४८ प्रेमचन्द प्रसाद, सुदर्शन चडीप्रसाद हृदयेश वृन्दावनलाल वर्मा, चतुरसेन शास्त्री आदि सभी उपन्यासकाराने कहानिया भी लिखी। कहानियो और उपन्यासोंके गद्यमे विशेष अन्तर नही है इसलिए उदाहरणोंकी अपेक्षा नहीं है।

१ ४९ प्रेमचन्द, वियोगीहरि, प्रसाद, रामचन्द्र शुक्ल हजारीप्रसाद द्विवेदी सियारामशरण गुप्त गुलाबराय प्रभाकर माचवे शान्तिप्रिय द्विवेदी भदन्त आनन्द कौसल्यायन डा० नगेन्द्र आदि गद्य रचना विधानकी दृष्टिसे उल्लेखनीय हैं।

अपनी बलि चढा दी और वह सारे विश्व ब्रह्माण्ड मे भर गया।
बूद से जैसे महार्णव बन गया।
मृत्यु बचारी।
उस तो केवल उसकी छाया हाथ लगी।
उमग की महिमा को उसने दिग दिगन्त मे
कितना फैला दिया।
कितना विराट बना दिया

वियोगी हरि—अदारुण

न इनके पास काम है न भीख है। भीख है भी किन्तु काम एक दम नहीं। यूं काम की भी कमी नहीं। चारों ओर काम ही काम है—किन्तु वह काम बगान म किसी को 'मुनाफा' नहीं।

और जिस काम से किसी को कुछ लाभ नहीं होता वह समाज के लिए, जनता के लिए कितना ही कल्याणकारी क्यों न हो—

तीन काल नहीं हो सकता।

वर्तमान पूँजीवादी व्यवस्था का यही आधार है।

भदन्त आनन्द कौसल्यायन—दान

प्रेम का दूसरा स्वरूप यह है जो अपना मधुर और अनुरंजनकारी प्रकाश जीवन यात्रा के नाना पथों पर फैलता है। प्रेमी जगत के बीच अपनी रमणीयता का अनुभव आप भी करता है और अपने प्रिय को भी कराना चाहता है।

रामचन्द्र शुक्ल—लोभ और प्रीति

फिर मैं सोचने लगा—अतीत क्या चला ही गया? अपने पीछे क्या हम एक विशाल शून्य मरुभूमि छोडते जा रहे हैं। आज जो कुछ हम कर रहे हैं, कल क्या वह सब लोप हो जाएगा? यह मैं किसी तरह विश्वास नहीं कर सकता कि अतीत एकदम उठ गया है।

डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी—गतिशील चिंतन

सबसे बडी मुसीबत हैं। जनतंत्र के युग के कवि।

यह कवि क्या हैं? माइक्रोफोन हैं। जहाँ देश में एक घटना हुई इनकी प्रतिभा तयार। दस्तबस्ती हाथ जोड खड़ा है। कवि क्या है टकसाल मशीन है। मँहगी बढी तो कवि जी तयार हैं और वर्ष का अन्त हुआ तो कविता तयार है।

प्रभाकर माचवे—खरगोश के सींग

ऐसा प्रमाता बिना कुछ लिखे भी काव्य का मूक आलोचक होता है। सत आलोचना का पहला सोपान यही मूक आलोचना है। अध्यापक के लिए यह सहज सुलभ है—श्रेष्ठ काव्यों का अध्ययन महान प्रतिभाओं के साथ मानसिक साहचर्य उसका नैतिक कर्म है।

डॉ० नगेन्द्र—मेरा व्यवसाय और साहित्य सर्जन

सामंतशाही के घोड़ों की निन्दा हमने भरपूर की है। उन बर्बर और असभ्य कहलाते हुए हम नहीं थके। परन्तु वे घोड़े और घुड़सवार आए और चले गए। हमारे घर, हमारे गांव रूँदकर एक बार में ही वे सब कुछ समाप्त कर देते थे। जिबह करने के लिए ही। भेड़-बकरियों की तरह वे हमें पालते नहीं थे। आज का घोड़ा और घुड़सवार वैसा नहीं है।

सियारामशरण गुप्त—घोड़ाशाही

सौन्दर्य-बोध में पाश्चात्य विवेचकों के अनुसार मूर्त और अमूर्त भेद-सम्बन्धी कल्पना विवेचन की रीढ़ बन रही है। जब यह अमूर्त के साथ सौन्दर्य शास्त्र का सम्बन्ध ठहराती है तो दुर्बलता से ग्रस्त होने के कारण अपने को स्पष्ट नहीं कर पाती। इसका कारण यही है कि वह सम्भावनात्मक ज्ञानमय प्रतीकों को अमूर्त सौन्दर्य कहकर घोषित करते हैं, जो सौन्दर्य के द्वारा ही विवेचन किए जाने पर केवल भ्रम तक पहुँच पाते हैं।

जयशंकरप्रसाद—काव्य और कला तथा अन्य निबंध

यथार्थवाद यदि हमारी आँखें खोल देता है तो आदर्शवाद हमें उठाकर किसी मनोरम स्थान में पहुँचा देता है। लेकिन जहां आदर्शवाद में यह गुण है वहां इस बात की भी शंका है कि हम चरित्रों को न चित्रित कर बैठें जो सिद्धान्त की मूर्तिमात्र हों, जिनमें जीवन न हो।

प्रेमचन्द—उपन्यास

मेरी स्वार्थ परायणता मेरे आलस्य और आराम-तलबी पर सान चढ़ा देती है फिर शारीरिक शैथिल्य ने तो आलस्य का प्रमाण पत्र दे दिया है। मैं अपने पास-पड़ोसी या सम्बन्धी के प्रपितामह का भी मरना नहीं चाहता उसमें मानवता की मात्रा तो थोड़ी ही है किन्तु उस शुभ कामना का असली उद्देश्य यह होता है कि श्मशान तक न जाना पड़े।

गुलाबराय—प्रभुजी ! मेरे औगुन चित न धरो

१५० प्रारम्भिक काल में गुण-दोष निर्देशन को ही आलोचना कहा गया। भारतेन्दु युग में पत्र-पत्रिकाओं में आलोचनात्मक लेख प्रकाशित होने रहे। महावीर प्रसाद द्विवेदी, श्यामसुन्दरदास, मिश्रबन्धु, पद्मसिंह शर्मा, कृष्णबिहारी मिश्र, लाला भगवानदीन आदि द्विवेदी युग में आलोचनात्मक ग्रंथ लिखे।

आगे चलकर हालावाद या मादक उत्तेजना का प्रभाव कम हुआ और बच्चन जी ने 'एकांत संगीत' 'निशा निमंत्रण' जैसी रचनाएँ प्रस्तुत कीं जिनमें वस्तु चित्रण और रूप निर्माण की उच्चतर प्रवृत्तियाँ भी दिखाई पड़ती हैं। यद्यपि इन चित्रणों में कवि की अनुभूति सुसयत नहीं है, किन्तु कला की एक स्वस्थतर उद्भावना इन रचनाओं में देखी जाती है।

नन्ददुलारे वाजपेयी—आधुनिक साहित्य

दूसरा प्रश्न स्वभावतः यह उठता है कि इस आत्माभिव्यक्ति का मूल क्या है, लेखक के अपने लिए उसकी क्या सार्थकता है और दूसरों के लिए उसका क्या उपयोग है? तो जहाँ तक लेखक का सम्बन्ध है, आत्माभिव्यक्ति की सार्थकता उसके आत्म परितोष में है—जिसे शास्त्रों ने जिसे सर्जन सुख कहा है—

डा० नगेंद्र—साहित्य में आत्माभिव्यक्ति

मानदंड का स्वरूप कभी चिरस्थायी रूप से सार्वभौम नहीं हो सकता और न वह आलोच्य रचना के विषयादि की कभी उपेक्षा ही कर सकता है। जिन विशिष्ट रचनाओं ने आज साहित्य के क्षेत्र में अपना स्थान बना लिया है उनके रचना काल का मानदंड ठीक आज ही का सा नहीं था। उन दिनों जो बात उसके लिए आधार स्वरूप थीं वे सभी आज मान्य नहीं हो सकतीं।

—पं० परशुराम चतुर्वेदी

साहित्य की विभिन्न शाखाओं में जीवन के बाह्य और आभ्यंतर दोनों पक्षों की योजना किसी न किसी रूप में बराबर रहती है केवल मात्रा का भेद होता है। जीवन के बाह्य पक्ष से कार्यकलाप या वस्तु का संग्रह किया जाता है और आभ्यंतर पक्ष में हृदय तथा बुद्धि का योग रहता है।

पं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र—हिन्दी का सामयिक साहित्य

रस सिद्धान्त में भाव चित्रण प्रायः आत्मानुभव के रूप में नहीं माना, उसमें तो कवि किसी दूसरे का भाव तटस्थ रूप में चित्रित करता है पर आज का कवि तो अपने भाव को अपने ही रूप में चित्रित करता है।

डॉ भगीरथ मिश्र—हिन्दी काव्य शास्त्र का इतिहास

उनकी कविता म अपार्थिव सकत भी हैं, किन्तु सृष्टि क भीतर रह कर ही। सृष्टि म जो कुछ प्रत्यक्ष है उसी के द्वारा उन्होंन सत्य को जानना चाहा जसे क्षिति स क्षितिज को। उन्हें नक्षत्रों स, खद्योतों स श्वासों स मौन निमत्रण मिलता है किन्तु वे उसस विस्मित होकर बोल उठते हैं।

शान्तिप्रिय द्विवेदी—छायावाद का उत्कष

एक को दूसरे के हृदय के निकट देख और सब को विश्वहृदय के निकट देख और इस प्रकार जीवन म सत्योन्मुख एकस्वरता उत्पन्न हो। किसी के प्रति भी तिरस्कार या बहिष्कार का भाव रखन क भाव को साहित्य म मजबूत नहीं होन देना होगा। अपन भीतर की प्रम शक्ति का अकुण्ठित दान ही साहित्य क पास एक अस्त्र है जो अमोघ है।

जनेन्द्रकुमार—साहित्य का श्रय और प्रय

उसन वज्ञानिक आधार पर अवचेतन मन सम्बन्धी सिद्धान्त की स्थापना की और वज्ञानिक पद्धति स ही उसका विश्लेषण और विवेचन किया। इस कारे वज्ञानिक युग म उसकी मनोवज्ञानिक व्याख्या अत्यन्त लोकप्रिय हो उठी। उसकी लोकप्रियता का एक कारण यह भी था कि उसन यौनप्रवृत्ति को मानव मन तथा मानव जीवन की मूल परिचालिका शक्ति माना है।

इलाचन्द्र जोशी—विश्लेषण

जनता को सीखना होगा कि प्रबुद्ध वग उस नहीं समझता अनिच्छा या रुचि भद के कारण नहीं एक मौलिक अक्षमता के कारण—उसी प्रकार जिस प्रकार जनता प्रबुद्ध वग स अन्तरग एकता नहीं महसूस कर सकती। उसे शिक्षित होना होगा। ताकि वह प्रबुद्ध वग स साहित्य न माँगकर स्वय अपना साहित्य बनाय—एसा साहित्य जो उसके जीवन का प्रतिबिम्ब हो। जनरुचि का परिष्कार उसम आलोचक बुद्धि और जागरूकता उत्पन्न करना और बनाये रखना ही आज उन सबका कर्तव्य है जो साहित्य के लिए चिंतित हैं—चाहे वे अपीडितोन्मुख विद्रोही भाव रखन वाल साहित्यिक हों चाह कवल साहित्य पारखी या रसिक।

अज्ञेय—त्रिशकु

प्राय एक बहुत बचकानी साहित्यिक चेतना रोमांटिक भावुकता

ग्रौर स्कूली स्तर की गुटवन्दी ग्रौर ग्रापसी तनातनी, कहा-सुनी से हिन्दी का साहित्यिक चिंतन भी ग्राक्रान्त है ग्रौर सृजन भी। फलत परम्परा ग्रौर नवीनता की दुहाई तो बड़ जोर शोर से दी जाती है, पर न तो परम्परा का मौलिक मूल्यांकन हो रहा है न नवीनता का।

नेमिचन्द जैन—साहित्य और नवीनता

लेकिन ग्राजकी पूर्वीय ग्रौर पश्चिमी वैयक्तिकतापरक विचार-सरणियाँ वैयक्तिकताके जिस पक्षका विकासकी पूर्ण स्वतन्त्रता देनेका ग्राग्रह कर रही हैं उसका एक ग्रनिवार्य प्रगतिपरक सामाजिक महत्व है। इसीलिए मूनियर वडव, कोटस, मरिटन, सभी वुजुग्रा प्रतिक्रियावादियोंसे ग्रपने वैयक्तिकतावादको पृथक् मानते हैं। इसके लिए वे दो पृथक् शब्दों का व्यवहार करते हैं। Individualism ग्रौर Personalism इन दोनोंका ग्रन्तर बताते हुए वडव यह कहता है।

डॉ॰ धर्मवीर भारती—मानव मूल्य और साहित्य

१५२ ग्रात्मकथामूलक कृतियाँ गद्यमें अपनी विशेषता रखती है। रचनाकी दृष्टिसे विचारणीय कुछ अंश उद्धृत हैं।

व्यक्तित्व के ग्रभाव में व्यक्ति ग्रपने ग्रापको जगत का महाप्रभु बनाये रखने के लिए कितने ही उद्योग करता है—उसमें शील के नाम पर तकल्लुफ होता है, उसकी चर्चा में ग्रौर को ग्रपने से छोटा बताने का ग्रप्रत्यक्ष प्रचार होता है ग्रौर लोगों का जी दुखाने के लिए ताने होते हैं। वह दलालों के दलाल की हैसियत से विश्व के बाजार में बड़ा ग्रादमी बन कर रहना चाहता है, परन्तु षोडशोपचार, भक्ति के ग्रभाव में जिस तरह भगवान को खींचने में समर्थ नहीं हो सकता, उसी तरह बाहरी समर्थ साधक ग्राभूषणों और उपकरणों के बल पर व्यक्तित्व का नाश ही किया जा सकता है। उसकी प्राप्ति नहीं की जा सकती।

छोटे से मोम दीप ने कहा, मैं जो हूँ मेरा भी छोटा सा ग्रस्तित्व है रानी।

गर्भ स्वामी तन उठे। छोटी सी मोम दीपिका की ग्रमित वीर्य ग्रन्धकार के खिलाफ यह हिम्मत।

साँप अपनी बाँबी से बाहर ग्राकर कुण्डली मारकर मोम दीप की मुखता का रसास्वादन करने बैठ गया।

अन्त कालिमा के अंग पर माम दीप का छोटा सा जलता हुआ विद्रोह चिन्ता की नहीं तमाशा देखने भर की चीज है।

माखनलाल चतुर्वेदी—अमीर इरादे गरीब इरादे

⌊ज़िन्दगीमें जवाबदेहीका समझ एकदम किस तरह आ जाता है⌋[1] ⌊जब हम उसकी बहुत कम प्रतीक्षा कर रहे होते हैं⌋[2] ⌊जैसे वह हमारेलिए न हो⌋[3] + ⌊किसी दूसरेके लिए आया हो⌋[4] + ⌊दूसरेके लिए नहीं तो तीसरेके लिए⌋[5] + ⌊तीसरेकेलिए नहीं तो चौथे पाँचवे छठेकेलिए⌋[6] + ⌊चाहे जिसके लिए हो⌋[7] + ⌊हमारेलिए नहीं है।⌋[8]

⌊मैं कल्पना करता हूँ⌋[1] ⌊ये स्वर दो तेज तराव हैं⌋[2] ⌊जो झीलकी छोटी-छोटी अदृश्य लहरोंपर सवार होकर चले जा रहे हैं⌋[3] ⌊क्षितिजकी ओर चन्द्रोदयकी ओर चन्द्रमाकी किरणोंसे मिलने⌋[4] ⌊क्योंकि ये किरणें उनकी बहिनें हैं⌋[5] और + ⌊वे इन्हें कुमुदिनियोंके हार पहनायेंगे।⌋[6]

⌊और यह भी अनुभव कर रहा था⌋[1] ⌊कि मैं अकेला इसलिए हूँ⌋[2] ⌊कि मैं उस प्रकारका नहीं हूँ⌋[3] ⌊जिसे लोग अच्छा कहते हैं⌋[4], + ⌊मैं पढ़ता नहीं हूँ⌋[5] + ⌊किसीका कहना नहीं मानता हूँ⌋[6] + ⌊ढीठ हूँ⌋[7], + ⌊लड़ाका हूँ⌋[8] + ⌊शैतान हूँ।⌋[9]

⌊मुझमें उठता है एक क्रुद्ध विद्रोह इसलिए नहीं⌋[१] ⌊कि मैंने क्या कुछ खाया है⌋[२] ⌊या कितना कष्ट उठाया है⌋[३] ⌊बल्कि इसलिए कि मैंने कितना दुख दिया है⌋[४], ⌊कितने कितने भोले हृदयोंको कैसी कठोर चोटें पहुँचाई हैं।⌋[५]
+

⌊गंगाप्रसादने ज्ञान प्रकाशकी ओर देखा⌋[१], ⌊"सुन रहे हो चचा"⌋[२] ⌊यह किस्सा काबिल-नाकाबिलका नहीं है⌋[३] ⌊यह किस्सा गंगाप्रसादके रिश्तेदार और अब्दुलहक्के रिश्तेदारका भी नहीं है⌋[४] ⌊यहाँ किस्सा हिन्दू मुसलमानका है⌋ ⌊जिन्हें आप भाई भाई कहते हैं⌋[५] ⌊सुन रहे हो चचा कितनी मज़ेदार बात है।⌋[६]

⌊अगर मैं उससे कहूँ⌋[१] ⌊कि—यार राकेश जीनियस है⌋[२] ⌊वह एक ही बार टाइप करता है⌋[३] और ⌊चीज़ सजी सँवरी बन जाती है⌋[४] ⌊हम लोग जीनियस नहीं⌋[५] ⌊हमें बहुत काट-छाँट करनी पड़ती है⌋[६] ⌊तो राजेन्द्र कापी लाकर दिखाएगा⌋[७] ⌊कि उसने टूटना जैसी सफल कहानी एक ही बार लिखी है⌋[८] और ⌊कुछ ज्यादा परिवर्तन भी नहीं किया।⌋[९]
+

⌊उसने देखा⌋[१]—⌊समझ लिया⌋[२] ⌊कि कोई किसीका नहीं है⌋[३] + ⌊यानी इतना नहीं है⌋[४] ⌊कि उसका स्वामी निर्देशक, भाग्य विधायक बन सके।⌋[५]

⌊पहचान लेनेका यही पुरस्कार है⌋[१] ⌊कि दोनोंके पास कहनेको कुछ नहीं है⌋[२] ⌊विनिमयकेलिये कुछ नहीं है⌋[३] ⌊एक ओर अनदेखती निस्पंद आँखे⌋[४] और ⌊दूसरी ओर विमूढ़ हतबोध पाषाण।⌋[५]

⌊और कहीं यह बात तो नहीं है⌋[१] ⌊कि चरम शान्तिकी प्रतीक्षा करते हुए अभियुक्त स्वीकारी भावको दबाकर स्मृतिके घाटेपर रचयिताकी आकलन-बुद्धि चढ़ बठी है⌋[२] ⌊क्या अन्तिम दिनोंमें अपने जीवनका अर्थ अभिप्राय, उसकी निष्पत्ति और सिद्धि खोजता हुआ मैं अपने उद्योगकी सफलताके मोहमें पड़ गया हूं⌋[३]—⌊कहकर अकनकी निमग्नतासे डिगकर सृजनकी आसक्तिमें पड़ गया हूं।⌋

⌊प्यार कला भी हो सकता है शेखर⌋¹, ⌊वह आदर्श बुरा नहीं है⌋² + ⌊कल्याणकर है⌋³, ⌊मैं मानूगी⌋⁴, ⌊पर इसलिये वह कलाम भी अधिक अतरग और जरूरी हो गया था⌋⁵— ⌊इस अहकारमे नही कहती⌋⁶, ⌊अपनी लाचारी मानती हूँ⌋⁷, ⌊कलाका आनन्द सयत आनन्द है⌋⁸ ⌊मैंने अपना समूचा व्यक्तित्व, समूचा इद एक ही बार स्वयम भरकर उँडेल दिया⌋⁹ ⌊वह सयत नही था⌋¹⁰, ⌊इसलिये शायद आनन्द भी नही हुआ⌋¹¹— ⌊यद्यपि इतनी वेदना हुई⌋¹² ⌊कि उसे ट्रेजेडी भी नही कह सकती।⌋¹³

⌊देखता हूँ⌋¹ ⌊कि कुछ दृश्य हैं⌋² ⌊जो बिजलीकी कौंधकी तरह जगमग है⌋³ ⌊कुछ और हैं⌋⁴ ⌊जो बुझ गए हैं⌋⁵ और ⌊घटनाके अनुक्रम का धागा तोड गए हैं⌋⁶, ⌊तोड ही नही उलझा भी गए है⌋⁷ ⌊जिससे मैं उन ज्वलन्त घटनाओंको भी ठीक कालक्रमसे नहीं देखता⌋⁸— ⌊मनमाने क्रम से चलती हुई आती है⌋⁹ और ⌊चली जाती है⌋¹⁰ और ⌊मैं दावेके साथ नही कह सकता⌋¹¹ ⌊कि क्या पहले हुआ⌋¹² ⌊क्या पीछे हुआ⌋¹³ ⌊इतना ही कह सकता हूँ⌋¹⁴ ⌊कि यह सब अवश्य हुआ⌋¹⁵ ⌊और इसमे यह ध्वनित नही है⌋¹⁶ ⌊कि केवल इतना ही हुआ⌋¹⁷ ⌊या कि इसी क्रमसे हुआ।⌋¹⁸

└ उस दृष्टिमें क्या है ┘[1] └ उसे पढ़नेकी योग्यता किसीमें नहीं है ┘[2], └ उसमें भी नहीं है ┘[3] └ जिसपर जाकर वह टिक गई है ┘[4] और └ जिससे वह आगे नहीं बढ़ेगी ┘[5], └ सहसा अपने भीतर सिमट आएगी। ┘[6]

└ वह चाह उठता ┘[1] └ कि किसी तरह यह उलझन कट जाय ┘[2], └ चाहे इसके साथ उसका कोई अंग ही क्यों न कटकर चला जाय ┘[3] └ फिर वह सोचता ┘[4] └ यह सब विक्षोभ उस असन्तोषके संस्कारका ही फल है ┘[5] └ जिसमें उसका अन्तर रंगा गया है ┘[6], └ तब वह सोचने लगता ┘[7] └ कि यह विद्रोही आत्मा ही किसी तरह कुचली जाये ┘[8] └ छिन्न भिन्न हो जाय ┘[9] └ ताकि वह अपने आपको बँधने और पालतू बनाया जाने दे सके ┘[10] └ न केवल बद्ध और आनत बल्कि स्वेच्छासे और अनुगत भावसे बद्ध ┘[11] └ ताकि वह विद्रोहका अनवरत आग्नेय वसमगाता अधीर उत्पात भूल जाए। ┘[12]

संयुक्त वाक्योंका उपर्युक्त विवेचन स्पष्ट करता है कि भाषा लेखककी अनुभूति और विचारोंकी संवाहिका है तथा इस दृष्टिसे व्याकरणिक व्यवस्था गौण हो जाती है। प्रयोक्ताकी मनःस्थितिके अनुरूप सहज स्वाभाविक अभिव्यंजनाके प्रवाहमें निर्दिष्ट किए साधारण वाक्योंके स्थान पर मिश्र एवं संयुक्त वाक्योंके

यागम वन जटिन वाक्य ही विनेष प्रभावशाली सिद्ध हुए ह। य याक्य गहननावे साथ-साथ पूण अथ दनम भी साधारण वाक्योंकी अपेक्षा अधिक समथ हैं।

३ ६ वाक्यांश

प्रसिद्ध भाषाशास्त्रियों एव वयाकरणोंने शब्दकी व्याख्या की है। ब्लूमफील्डने न्यूनतम स्वतन्त्र रूपांशको शब्द कहा है। जो भाषात्मक इकाई स्वतन्त्र रूपसे प्रयुक्त न हो सके उस बद्ध रूपांश कहा है।[1] ब्लाक एव ट्रगरका मत है कि सामान्य भाषाम स्वतन्त्र रूपम प्रयुक्त भाषात्मक इकाई स्वतन्त्र रूपांश है और जो इकाई कभी भी स्वतन्त्र रूपम प्रयुक्त न हो सके वह बद्ध रूपांश है।[2] पाइक[3] हॉकेट मारचन्ड[5] तथा हिन्दी वयाकरण प० कामताप्रसाद गुरु[6] आदिने स्वतन्त्र और बद्ध रूपांशका अन्तर स्थापित किया है।

---

1 Bloomfield Leonard—Language Page 160 A Linguistic form which is never spoken alone is a bound form all others are free forms *A free form which is not a phrase is a word* A word then is a free form which does not consist entirely of (Two or more) les er free forms in brief a word is a minimum free form

2 Block & Trager—Outline of Linguistic Analysis page 68
Any fraction that can be spoken alone with meaning in normal speech is a free form a fraction that never appears by itself with meaning is a bound form A free form which cannot be divided entirely into smaller free forms is a minimum free form or word

3 Pike K L—Phonemics Page 254 Word the smallest unit arrived at for some particular language as the most convenient type of grammatical entity to separate by spaces in general one of those units of a particular language which actually or potentially may be pronounced by itself

4 Hockett Charles F —A Course in Modern Linguistics Page 166
Word means single combination with single pronunciation A word is thus any segment of a sentence bounded by successive points at which pausing is posible

5 Marchand Hans—The categories and types of present day English word Formation page 1 It is taken to denote the smallest in dependent indivisible unit of speech susceptible of being used in isolation

६ प कामताप्रसाद गुरु—हिन्दी व्याकरण पृष्ठ ४३ एक या अधिक अक्षरों से बनी स्वतन्त्र सार्थक ध्वनि को शब्द कहते हैं।
किसी भाषा म कुछ ध्वनियाँ ऐसी होती हैं जो स्वयसार्थक नहीं होतीं पर जब वे शब्दों के साथ जोडी जाती हैं तब सार्थक होती हैं। ऐसी स्वतन्त्र ध्वनियों को शब्दांश कहते हैं।

सभी परिभाषाओंके अध्ययनके उपरान्त यही निष्कर्ष निकलता है कि स्वतन्त्र रूपसे प्रयोगमें समर्थ भाषाकी न्यूनतम अविभाज्य सार्थक इकाई शब्द है तथा जो रूपांश स्वतन्त्र रूपसे प्रयुक्त न हो सकें अर्थात् अनिवार्यतः किसी स्वतन्त्र रूपसे जुड़कर ही प्रयुक्त हो सकें उन्हें बद्ध रूपांश या शब्दांश कह सकते हैं। उदाहरणके लिए निम्नलिखित वाक्य द्रष्टव्य है—

मैं पुस्तक पढ़ता हूं।

वाक्यमें मैं पुस्तक पढ़ता हूं चारों स्वतन्त्र रूपांश हैं, क्योंकि ये चारों ही स्वतन्त्र रूपसे प्रयुक्त हो सकते हैं अविभाज्य हैं और न्यूनतम सार्थक इकाइयां हैं, अतः ये शब्द हैं। इसके सर्वथा विपरीत सु, अन तथा ता, तम आदि शब्द नहीं शब्दांश हैं क्योंकि वाक्यमें इनका प्रयोग स्वतन्त्र रूपसे नहीं होता और ये इकाइयां सार्थक भी नहीं हैं। शब्दोंमें जुड़कर ही इन शब्दांशोंका वाक्यमें प्रयोग हो सकता है। जैसे—

वे सुसंस्कृत थे। (पूर्वप्रत्यय)

तुम इतने अनजान नहीं हो। (पूर्वप्रत्यय)

सुन्दरतापर मुग्ध हो गया। (परप्रत्यय)

उन्होंने उच्चतम शिक्षा प्राप्त की। (परप्रत्यय)

उपर्युक्त सभी रेखांकित शब्द यौगिक शब्द हैं। इससे स्पष्ट है कि स्वतन्त्र शब्दोंमें शब्दांशोंके योगसे यौगिक शब्द निष्पन्न होते हैं।

समास रचनाके लिए एकाधिक स्वतन्त्र शब्दोंका योग अपेक्षित है। भारतीय और पाश्चात्य भाषाशास्त्रियों एवं वैयाकरणोंने समासकी परिभाषाएं दी हैं। भारतीय प्राचीन मनीषियोंमें पाणिनि[1] एवं पतंजलि[2] उल्लेखनीय हैं।

पं० कामताप्रसाद गुरु[3] पं० किशोरीदास वाजपेयी[4] एवं दुनीचन्दजी[5]

---

१ पाणिनि—अष्टाध्यायी (११२/१/२) समर्थ पदविधि

२ पतंजलि—महाभाष्य समर्थ पदाश्रय विधि शब्देन सर्व विभक्तयन्त समास

३ पं० कामताप्रसाद गुरु—हिन्दी व्याकरण पृष्ठ ४८१
दो या अधिक शब्दों का परस्पर सम्बन्ध बताने वाले शब्दों अथवा प्रत्ययों का लोप होने पर उन दो या अधिक शब्दों से जो स्वतन्त्र एक शब्द बनता है उस शब्द को सामासिक शब्द कहते हैं और उन दो या अधिक शब्दों का जो संयोग होता है वह समास कहलाता है।

४ पं० किशोरीदास वाजपेयी—हिन्दी शब्दानुशासन पृष्ठ ३०६ अनेक शब्द मिलकर एक पद जब बन जाते हैं तो वह समास कहलाता है।"

५ दुनीचन्द—हिन्दी व्याकरण पृष्ठ २८१। दो अथवा अधिक पदों को [illegible] करके एक पद बनाने को समास कहते हैं।

व्याख्याएँ भी द्रष्टव्य हैं। पाश्चात्य मनीषियाम ब्लूमफील्ड[1] ब्लाक एवं ट्रैगर[2], यस्पसन[3] एवं मारचदके मत[4] विशेष महत्त्वपूर्ण हैं। एकाधिक स्वतन्त्र अर्थमूलक शब्दोंके योगसे निष्पन्न शब्द-स्तरीय इकाईको समासकी संज्ञासे अभिहित किया जा सकता है। सामान्यत समासमें स्वतन्त्र अर्थमूलक इकाइयोंके बीचके परसर्ग समुच्चयबोधक अव्ययादिका लोप होता है। समासमें एकाधिक शब्दोंका समान महत्त्व होता है। किन्तु इस इकाईका अर्थ योजक-तत्त्वोंसे सर्वथा भिन्न होता है। समास बन जानेके बाद सामासिक शब्दोंकी पृथक्-पृथक् रूपात्मक सत्ता नहीं रहती। प्रत्यय उपसर्ग आदि शब्दांशोंके योगसे निर्मित यौगिक शब्दोंके समान ही समास भी शब्द रचनाके अंग हैं। यौगिक शब्द और समासमें यह अन्तर है कि जहाँ यौगिक शब्दोंमें सार्थक शब्द और शब्दांशका योग होता है वहाँ समास एकाधिक सार्थक शब्दोंके योगसे बनता है। जैसे डाकघर, दृष्टिकोण प्रवेशद्वार, तन मन धन आदि समासोंमें प्रयुक्त एकाधिक सार्थक शब्द डाक घर दृष्टि कोण, प्रवेश द्वार, तन मन, धन, स्वतन्त्र रूपसे भी वाक्यमें प्रयुक्त होते हैं। किन्तु समस्त रूपमें इनका अर्थ भिन्न हो जाता है। डाक और घर, प्रवेश और द्वार, दृष्टि और कोण, तन मन और धनके अपने अपने अर्थ हैं किन्तु समस्त रूपमें इन शब्दों के स्वतन्त्र अर्थ भिन्न भिन्न अर्थोंकी प्रतीति कराते हैं। समास एकाधिक शब्दोंसे निर्मित होनेपर भी सर्वथा लुप्त न होनेपर भी वाक्यमें एक ही शब्दके समान प्रयुक्त होते हैं, इनके बीच किसी प्रकारका विराम सम्भव नहीं है। समासगत

---

1 Bloomfield—Language page 227 Compound words have two (or more) free forms among their immediate constituents The forms which we class as compound words exhibit ome features & which in their language characterise single word in contradiction to phrases

2 Block & Trager—Outline of Linguistic Analysis page 66
A word made up wholly of smaller words if at least one of the immediate constituents of a word is a bound form the word is com plex if both of the immediate constituents are free forms the word is compound.

3 Jesperson Otto—A Modern English Grammar Pt VI page 134
A compound may perhaps be provisionally defined as a combina tion of two or more words so as to function as one word as a unit

4 Marchand Hans—The categories and types of present-day English Word Formation page 11 When two or more words are combined into a morphological unit we speak of a compound determined part

शब्दोंके समयसे उसी प्रकार नहीं बदला जा सकता जिस प्रकार शब्दान्तर्गत ध्वनि समूहको। जब रूप का पदनहीं लिख सकते वसही डाकघर का घरडाक, प्रवेशद्वार का द्वारप्रवेश नहीं लिख सकते। कुछ संरचनाओंमें एकाधिक स्वतन्त्र शब्दोंके योग से समास नहीं बनता क्योंकि सभी शब्द अलग अलग रहते हैं तथा उनका स्वतन्त्र अस्तित्व रहता है। इन शब्दोंसे समास नहीं वाक्यांशकी रचना होती है। वाक्यांश के नियोजक सभी शब्दोंका वाक्यान्तर्गत स्वतन्त्र महत्त्व होता है। लेकिन वाक्यांश-के सम्बन्धमें एक विचारणीय तथ्य यह है कि ये सदैव अविच्छेद्य नहीं होते। रचना विधानके अन्तर्गत इनका विच्छेद सम्भव है। उस स्थितिमें ये वाक्यांश नहीं रहते। यथा यह बड़ा लड़का है। इस प्रयोगमें बड़ा लड़का संज्ञावाक्यांश है। इसमें विशेषण विशेष्य क्रम है जो हिन्दीकी संघटनात्मक प्रकृतिके अनुरूप है। लेकिन यह लड़का बड़ा है वाक्यमें बड़ा, लड़काका विशेषण न होकर उसका पूरक है और इस संघटनामें यह लड़का संज्ञावाक्यांश है।

समासों और वाक्यांशोंका अन्तर भी द्रष्टव्य है।

मोटर रिक्शा बहुत खतरनाक है।

मोटर रिक्शा, कुछ भी नहीं मिल रहा है।

प्रथम वाक्यमें **मोटररिक्शा** वाक्यांश है और द्वितीय वाक्यमें **मोटर और रिक्शा** शब्दोंके सहप्रयोगसे द्वन्द्व समासकी रचना हुई है। समास शब्द स्तरीय रचना है वाक्यांश **वाक्य-स्तरीय**।

पाश्चात्य मनीषियोंने वाक्यांशके विषयमें अपने विचार व्यक्त किए हैं। ब्लूमफील्डके मतमें—अपेक्षाकृत लघु शब्दोंके योगसे निर्मित स्वतन्त्र रूपोंका वाक्यांश है।[1] स्टोककी धारणा है कि—जिस शब्दसमूहका केन्द्र समापिका क्रिया न हो वह वाक्यांश है[2] तथा वाक्यांश किसी शब्दभेदके समान प्रयुक्त हो सकता है।[3] मारवदने समास और वाक्यांशका अन्तर स्थापित करते हुए यहां कहनेका प्रयास किया है कि किसीभी वाक्य-स्तरीय रचनाका केवल वही अर्थ नहीं होता जो उसके संयोजक तत्त्वोंका अलग-अलग होता है तथा उनका शब्द-स्तरपर

---

1 Bloomfield, Leonard—Language 178 A free form which consists entirely of two or more lesser free form as for instance poor John or John ran away or Yes Sir is a phrase

2 Stokoe H R—The understanding of syntax page 117
A phrase is a word group which has not a finite verb expressed or understood as its main word

3 Page 118 A phrase may be used to do the job of any part of speech except that of a Sentence Equivalent

मूल्यावन नही हो सकना। इस प्रकारकी रचनाओंमे भाषाके शब्द समूहमे किसी प्रकारकी वद्धि नही होनी।[1]

व्याकरण और अर्थकी दृष्टिसे परस्पर सम्बद्ध एकाधिक शब्दोका वह समूह जिसमे पूर्ण विचारका बोध नही होता पर जो किसी भी बातका सश्लिष्ट बोध करानेमे सहायता पहुँचाता है वाक्याश कहलाता है। सभी शब्दभेदोके (नामपद आख्यानपद अव्यय) परस्पर योगमे अनेक प्रकारके वाक्याश बनते हैं। वाक्याश का केन्द्रिक शब्द ही उसके शब्दभेदका निर्णायक है।

३ ५ १ सरचनात्मक दृष्टिसे वाक्याश

सरचनाकी दृष्टिमे वाक्याशोको पाच वर्गोंमे रखा जा सकता है।

३ ५ १ १ समशब्दभेदमूलक वाक्याश

इस वर्गके वाक्याशोमे एक ही वर्गके शब्द रहते हैं।

सज्ञा+सज्ञा—सज्ञावाक्याश परसर्गरहित

उन्होने घोडा गाडी बेच दी है।

इस वाक्यमे घोडागाडी एक समस्त पद नही है वरन यह एक वाक्याश है क्योकि इसमे गाडी केन्द्रिक शब्द है और घोडा विशेषण। इसमे यह ध्वनित होता है कि वह गाडी बेच दी गई जो घोडेके द्वारा खीची जाती है। इस प्रकारके प्रयोगो मे बलाघातका स्थान बदल जाता है। यहा बलाघात घोडा पर है।

मैंने भारतीय साहित्य पढा है।

फिर स्थल सेना दिखाई दी।

भारतीय और स्थल की भी वही स्थिति है जो पहले उदाहरणमे घोडा की है।

सर्वनाम+सर्वनाम→सर्वनामवाक्याश परसर्गरहित

वह जो जो देखता है उसके पीछे गहराई है।

ससारमे जो कुछ सुदर है उसकी प्रतिमा स्त्रीको कहता हूँ।

जो कोई कहेगा मुहकी खाएगा।

---

1 Marchand Hans—The Categories and Types of present day English Word Formation page 80 In order to create a new lexical unit language does not necessarily follow a pattern that is morphologically isolated Any syntactic group may have a meaning that is not the mere additive result of the constituents.

विशेषण+विशेषण → विशेषणपदपदांश परसर्गरहित

विशेषण वाक्यांशोंका प्रयोग सामान्यतया लिखित भाषामें नहीं होता, सम्वादोंमें ही संज्ञाके लुप्त हो जानेपर विशेषण वाक्यांश उपलब्ध होते हैं।

क्या घोड़ा काला है ?

हाँ **बहुत काला**।

लड़का लम्बा है क्या ?

हाँ **बहुत अधिक लम्बा** है।

काम आवश्यक है क्या ?

जी **अत्यधिक आवश्यक**।

बीमारीसे उसका चेहरा पीला पड़ गया है ?

एकदम पीला जर्द।

तुमने कोई काला आदमी देखा ?

काला ही नहीं **काला स्याह**।

कितना रुपया चाहिए ?

लगभग **एक सहस्र**।

क्या समय हुआ है ?

केवल साढ़े पाँच।

इस तरह तो बहुत खर्च हो जाएगा।

बहुत क्या **दुगना चौगुना** लगेगा।

घर कितना बड़ा होना चाहिए ?

जितना बड़ा हो अच्छा रहेगा।

परसर्गसहित

खर्च कम होना चाहिए।

कमसे कम होगा।

जरा अच्छा कपड़ा देना।

सबसे अच्छा लीजिए।

वह बुरा काम नहीं कर सकता।

नहीं, जी **बुरेसे बुरा** भी कर सकता है।

रतन अच्छा लड़का है।

अच्छा ही नहीं **सबसे अच्छा** है।

उद्देश्य महान होना चाहिए।

महान् ही नही, महान् से महान् ।

क्रियाविशेषण + क्रियाविशेषण → क्रियाविशेषणवाक्यांश परसर्गरहित

आप कब कब जाते हैं ।
एक ही बात बार बार कहता है ।
शशि उसके बिल्कुल पीछे खडी रही ।
सारे दिन इधर उधर भटकता रहा ।
इसका सत्य मनमे धीरे धीरे पैठता ह ।

परसर्गसहित

सारे वतन इधरसे उधर रखने लगा ।
अब तेजसे तेज चल सकता हू ।

क्रिया + सहायक क्रिया → क्रियावाक्यांश

मैं नही जा सकता ।
वह अब आ चुका ।
पत्र नही लिखा जा सका ।
मैं सौ वसन्त देख चुका हूँ ।

३ ५ १ २ विषमशब्दभेदमूलक वाक्यांश

इस वर्गके वाक्यांशोमे भिन्न शब्द भेदोसे कर्द्रिक शब्दके अनुरूप वाक्यांश रचना होती है ।

विशेषण + सज्ञा → सज्ञावाक्यांश

शेखरने अत्यन्त चिडचिडे स्वर मे कहा ।
स्त्रीने आहत विस्मयसे कहा ।
निरुद्देश्य, कारणहीन अर्थहीन आत्मपीडा क्या दी ?
ऊपर छाए हुए सप्तपर्णोके साथे प्रच्छन्न आश्वासनमे फिर तल्लीन हो गया।
उसका मौन स्पर्धाहीन अटूट अभिमान मुझमे जाग उठता ह ।
क्या सृजन ही सबसे बडी निर्ममता सबसे बडी अनासक्ति नही ह ।
तुमने बहुत बडा उत्तरदायित्व ले लिया है ।
वह उत्तरहीन प्रश्न—ईश्वर तू है ।

जितना बड़ा दद होगा उतना ही बड़ा व्यक्ति ।
यह हमारा अपना नई दिल्लीवाला घर है ।
ऐसी वसी कोई भी बात सुन नही सकता ।
हरएक कामम दुगुना चौगुना पसा खच हो रहा ह ।
सवा लाख का हाथी मर गया ।
सब व्यक्तियाको ढाई ढाई सौ गज कपडा दिया गया ।
सबसे ऊँचा हिमालय पवत भारतके उत्तरम है ।
किसी तरहकी कोई गहरी अनुभूति नही है ।
अभिमानसे भी बडा विश्वास होता है ।
एक प्रच्छन्न शिथिलता अगाम भर जाती है ।
प्रत्यूषकी आन्तरिक परिव्याप्त नीरवताका स्पन्दन है ।
उसने देखा कुछ सीमातीत परिव्याप्त पर सत्य ।

क्रियायक सज्ञा + विशेषक + सज्ञा → सज्ञावाक्याश

पढ़नेकी क्षमता नही है ।
मरे कानाम तुम्हारे चीखनेका स्वर कभी नहा पडा ह ।
सेनाने लडनेकी तयारी कर ली ।
लिखनेके लिए पुरस्कार निश्चित किया गया ।
पढ़नेके समय एकत्रित हो जाना चाहिए ।
अब तो केवल जाने की इच्छा रह गई है ।
जीनेका उद्देश्य नही है ।

विशेषण + क्रियायक सज्ञा → सज्ञावाक्याश

यदि मुझे बहुत जीना होता तब और बात थी ।
उसका मर जाना स्वत सम्मत है ।
तुम्हारा लिखना एक उद्देश्यके लिए होगा ।
स्वतन्त्र होना इकाई होना अपने आपका एक खण्ड एक टुकडा अस्तित्वका अल्पाश न देखकर समूचा देखना ।

भूतकालिक कृदन्त + सज्ञा → सज्ञावाक्याश

कमरम टूटी तलवार दिखाई दी ।
सडकपर खडे हुए बच्चे दिखाइ दिय ।

पढे लिखे व्यक्तिसे ऐसी गलती नही होनी।
घबडाए हुए स्वरमे कहा।
बिखरी हुई हस्तलिपिको एक घेरेम बाधने हुए कहा।
विस्मरणकी राखमसे त्रिवेणीकी धारासे धुला हुआ नया बोध कहता है।

वतमानकालिक कृदन्त + सज्ञा → सज्ञावाक्याश

उसके बुझते मनने जाना कि आग कुछ गति नही है।
उडते पक्षीको मार गिराया।
खेलती-कूदती कन्याएँ अच्छी लग रही थी।
नाचते मोर दिखाई दिए।
दौडते बालक देखे गए।
खाते पीते व्यक्तिको ऐसा नही करना चाहिए।

क्रियाविशेषण + क्रियार्थक सज्ञा → सज्ञावाक्याश

हर समय जोरसे बोलना अच्छा नही है।
सवेरेसे पढना शुरू करता है।
इसके बाद बाई ओर मुडना ठीक होगा।
दाइ ओर मुडकर उधर जाना ठीक रहेगा।

सवनाम + क्रियार्थक सज्ञा → सज्ञावाक्याश

किसीसे पूछना नही है, जो मनम आय वही करना है।
यदि उनसे पढना बुरा न लगे तो ठीक है।
हमसे कहना उचित समझो तो कह दो।
तुमसे माँगनेमे कोई सकोच नही है।

सज्ञा + विशेषण → विशेषणवाक्याश

वह प्रतियोगितामे पाँचवाँ रहा।
तुम किरायेदारीमे दसवें हो।

सज्ञा + क्रिया/क्रियावाक्याश → क्रियावाक्याश

उसको भी क्षमा कर दिया।
शकरने कामदेवको भस्म कर दिया।

जितना बडा दद होगा उतना ही बडा व्यक्ति ।
यह हमारा अपना नई दिल्लीवाला घर है ।
ऐसी वसी कोई भी बात सुन नहीं सकता ।
हरएक कामम दुगुना चौगुना पसा खच हो रहा ह ।
सवा लाख का हाथी मर गया ।
सब व्यक्तियोको ढाई ढाई सौ गज कपडा दिया गया ।
सबसे ऊँचा हिमालय पवत भारतके उत्तरम है ।
किसी तरहकी कोई गहरी अनुभूति नहीं है ।
अभिमानसे भी बडा विश्वास होता है ।
एक प्रच्छन्न शिथिलता अगाम भर जाती है ।
प्रत्यूषको आन्तरिक परिव्याप्त नीरवताका स्पन्दन है ।
उसने देखा कुछ सीमातीत परिव्याप्त पर सत्य ।

क्रियायक सज्ञा + विशेषक + सज्ञा → सज्ञावाक्याश

पढनेकी क्षमता नहीं है ।
मेरे कानोम तुम्हारे चीखनेका स्वर कभी नहीं पडा ह ।
सेनाने लडनेकी तयारी कर ली ।
लिखनेके लिए पुरस्कार निश्चित किया गया ।
पढनेके समय एकत्रित हो जाना चाहिए ।
अब तो केवल जाने की इच्छा रह गई है ।
जीनेका उद्देश्य नहीं है ।

विशेषण + क्रियायक सज्ञा → सज्ञावाक्याश

यदि मुझे बहुत जीना होता तब और बात थी ।
उसका मर जाना स्वत सम्मत है ।
तुम्हारा लिखना एक उद्देश्यकेलिए होगा ।
स्वतन्त्र होना इकाई होना अपने आपका एक खण्ड, एक टुकडा अस्तित्वका
अल्पाश न देखकर समूचा देखना ।

भूतकालिक कृदन्त + सज्ञा → सज्ञावाक्याश

कमरेम टूटी तस्वीर दिखाई दी ।
सडकपर खडे हुए बच्चे दिखाइ दिय ।

पढ़े लिखे व्यक्तिसे ऐसी गलती नही होती ।
घबडाए हुए स्वरमे कहा ।
बिखरी हुई हस्तलिपिको एक घेरेमे बाधते हुए कहा ।
विस्मरणकी राखमेसे त्रिवणीकी धारासे धुला हुआ नया बोध कहता हू ।

वर्तमानकालिक कृदन्त + सज्ञा → सज्ञावाक्याश

उसके बुझते मनने जाना कि आगे कुछ गति नही है ।
उडते पक्षीको मार गिराया ।
खेलती-कूदती कन्याएँ अच्छी लग रही थी ।
नाचते मोर दिखाई दिए ।
दौडते बालक देखे गए ।
खाते-पीते व्यक्तिको ऐसा नही करना चाहिए ।

क्रियाविशेषण + क्रियार्थक सज्ञा → सज्ञावाक्याश

हर समय जोरसे बोलना अच्छा नही है ।
सवेरेसे पढना शुरू करता है ।
इसके बाद बाई ओर मुडना ठीक होगा ।
दाइ ओर मुडकर उधर जाना ठीक रहेगा ।

सर्वनाम + क्रियार्थक सज्ञा → सज्ञावाक्याश

किसीसे पूछना नही है जो मनमे आय वही करना है ।
यदि उनसे पढना बुरा न लगे तो ठीक है ।
हमसे कहना उचित समझो तो कह दो ।
तुमसे मागनेमे कोई सकोच नही है ।

सज्ञा + विशेषण → विशेषणवाक्याश

वह प्रतियोगितामे पाचवाँ रहा ।
तुम किरायेदारीमे दसवें हो ।

सज्ञा + क्रिया/क्रियावाक्याश → क्रियावाक्याश

उसको भी क्षमा कर दिया ।
शकरने कामदेवको भस्म कर दिया ।

प्राय रुपया उधार देते हैं।
इस समय पूजा कर रहो हैं।
आज सब कुछ त्याग दिया।
मैंने सबको प्यार किया है।

विशेषण + क्रिया/क्रियावाक्यांश → क्रियावाक्यांश

हरएकको मिठाई अच्छी लगती है।
जल्दीमे खाना गम करा।
कदम बहुत उदास हो गया है।
हर समय खेलना बुरा लगता है।

क्रियाविशेषण/क्रियाविशेषणवाक्यांश + क्रिया/क्रियावाक्यांश → क्रियावाक्यांश

विश्वास आदमियाको उतना ही बनाता है।
शकर झेंपा सा खडा रहा।
फिर जल्दीसे उठा और बाहरकी ओर चला।
सारा सामान ज्यो का त्यो रख दिया।

मुख्यक्रिया (धातु) + सहायक क्रिया/क्रियाए → क्रियावाक्यांश

एक ही दिनमें पढ लिया।
वह एकाएक रो पडी।
हम खा चुके हैं।
प्राय भूल जाता है।
अब तो बुड्ढा हो चला है।
इस बीच बहुत कुछ लिख डाला है।

क्रियार्थक सज्ञा + सहायक क्रिया/क्रियाए → क्रियावाक्यांश

केवल एक बार देखना चाहता हू।
बहुत जल्दी जल्दी खाने लगा।
पुस्तक ध्यानसे पढनी चाहिए।
अब कुछ पढना लिखना चाहता हूँ।

वतमानकालिक कृदन्त + सहायक क्रिया/क्रियाए → क्रियावाक्यांश

बिना सोच लिखती रहो।

ऐसा तो युगोसे होता चला आ रहा है।
शुरूसे इसी स्कूलमे पढते रहे हैं।
ठीक तरह समझाते रहे।
किसी प्रकार गाडी चलती रही।

भूतकालिक कृदन्त + सहायक क्रिया/क्रियाए → क्रियावाक्याश

सबकी बात सुना करता हूँ।
गाडी चली आ रही है।
रोज दस बजे चले जाते हैं।
हमेशा पिए रहता है।
बच्चोको पीटे जा रहे हैं।
सब समझा बूझा जाएगा।
प्राय वहा आया जाया करता है।
इस मुकदमेमे फँसे हुए हैं।
अभी सोया हुआ है।

पूर्वकालिक कृदन्त + सहायक क्रिया/क्रियाएँ → क्रियावाक्याश

आते ही कमरेमे झाककर देखा।
अभी चलकर आए हो।

क्रियार्थक सज्ञा + पूर्वकालिक कृदन्त → सज्ञावाक्याश

उसका आना देखकर खुश हुआ।
पुत्रके मरनेकी खबर सुनकर बेहोश हो गया।
मेरा पढना देखकर विस्मित हो गए।

विशेषण + क्रियाविशेषण → क्रियाविशेषणवाक्याश

आज आप बहुत जल्दी आ गए।
उसे देखते ही अत्यन्त शीघ्रतासे चला गया।

भूतकालिक कृदन्त + पूर्वकालिक कृदन्त → क्रियाविशेषणवाक्याश

बच्चोको सोया देखकर चला गया।
मन्त्रीको गया हुआ जानकर वापिस आ गया।

मुसीबतमें फंसा देखकर भाग गया।

वर्तमानकालिक कृदन्त + पूर्वकालिक कृदन्त → क्रियाविशेषणवाक्यांश

उसे पढ़ते देखकर कमरेमें आ गया।

माको सोती समझकर वापिस चला गया।

३ ५ १ ३ अव्ययमूलक वाक्यांश

सभी शब्दभेदोंमें अव्ययोंके योगसे वाक्यांश निष्पन्न होते हैं।

संज्ञा + अव्यय → संज्ञावाक्यांश

रात भर घूमता रहा।
कल तक आ जाएगा।
सवेरे ही चला जाऊंगा।
राजेन्द्र तो जानता नहीं।
लड़की भी पढ़ रही है।

संज्ञा + परसर्ग + अव्यय, संज्ञा + अव्यय + परसर्ग, संज्ञा + अव्यय + परसर्ग + अव्यय → संज्ञावाक्यांश

आखोंको भी बन्द कर लिया।
लड़कीको ही जाना चाहिए।
घंटे भरमें आ जाऊंगा।
दिन भर हीकेलिए टाल दिया था।
लड़कोंको ही जाना चाहिए।
आंखों तकको भी बन्द कर लिया है।

सर्वनाम + अव्यय → सर्वनामवाक्यांश

उसे ही भेज दो।
मुझे तो कुछ मालूम नहीं।
तुमको ही तो सब कुछ करना है।
हम भी पीछे-पीछे मुड़े।
यह तो हुआ उद्देश्य।
वह तो मन्द दौड़ सकती थी।

विशेषण + अव्यय → विशेषणवाक्यांश

अच्छी भली तो बैठी हूँ।
तुम्हें सुखी भर देखना चाहता हूँ।
बापसे व्यर्थ ही झगड़ता रहता है।

क्रियाविशेषण + अव्यय → क्रियाविशेषणवाक्यांश

लिखा तो कभी भी जा सकता है।
समय यों ही बीत जाएगा।
यहां भी तो शत्रुका डर है।
बहुत देर तक खड़ा रहा।
अब भी ऐसे ही सोई थी।
कुछ पहले ही दूकान बन्द की थी।
कभी भी लिख लिया होगा।

क्रियार्थक संज्ञा + अव्यय → संज्ञावाक्यांश

अब तो जीना ही होगा।
खाना भर शेष रहा है।
मरने तक सब सहना होगा।
जीनेके लिए हँसना भी ज़रूरी है।
मन हो या न हो पढ़ाने तो जाना ही है।

भूतकालिक कृदन्त + अव्यय + क्रिया → क्रियावाक्यांश

अब तो हँसा भी नहीं जाता।
खाया ही था कि सब आ गए।
सारी पुस्तकको एक बार पढ़ा भर है।
पिताकी मौतपर रोया तक नहीं गया।
तुम्हारे कहनेसे चला तो जाएगा।

वर्तमानकालिक कृदन्त + अव्यय → क्रियाविशेषणवाक्यांश

पढ़ते पढ़ते ही सो गया।
युवकने इधर उधर करते करते भी सब बता दिया।

समय मिलते ही चला जाता है।

वर्तमानकालिक कृदन्त + अव्यय + क्रिया → क्रियावाक्यांश

जब तो खाता भी नहीं है।
और कोई काम नहीं है सोता भर है।
यहाँ अक्सर आता तो है।

पूर्वकालिक कृदन्त + अव्यय → क्रियाविशेषणवाक्यांश

शेखरने हँसकर ही कहा।
काम पूरा करके भी सोया नहीं।
घर पहुँचकर तो सोना ही है।
आनेका वायदा करके भी नहीं आया।

३ ५ १ ४ शब्दभेद + समुच्चयबोधक अव्यय + शब्दभेद

लोग उपमाएँ देखकर विस्मित एवं मुग्ध हो जाते हैं। (विशेषणवाक्यांश)
कठोर और कड़वा और स्वयं नारीकी तरह चिरन्तन नारीका निर्णय। (विशेषण वाक्यांश)
तुम्हारी हैसियत या स्थिति चाहे जैसी भी हो। (संज्ञावाक्यांश)
सवाल उस स्थूल वस्तुका नहीं है जो देश या प्रान्त या हम हैं। (संज्ञावाक्यांश)
मैं या तुम उसमें नहीं रहेंगे। (संज्ञावाक्यांश)
देश जाति अथवा राष्ट्रका जीवन जीवित रहता है। (संज्ञावाक्यांश)
क्या छोटे, क्या बड़े सभी एक जैसे हैं। (विशेषणवाक्यांश)

३ ५ १ ५ शब्दभेद + मारे, बिना सिवा (मारे-बिना, सिवा, मारे बिना, सिवा-)

डरके मारे भाग गया। (क्रियाविशेषणवाक्यांश)
मारे भूखके सिरमें दर्द हो गया (संज्ञावाक्यांश)
तुम्हारे बिना काम नहीं चलेगा (विशेषणवाक्यांश)
बिना खाए रहा नहीं जाएगा। (क्रियाविशेषणवाक्यांश)
मेरे सिवाय कौन कौन जाएगा। (विशेषणवाक्यांश)
सिवाय शालिनीके कोई नहीं पहुँचता। (संज्ञावाक्यांश)

३ ५ २ स्वतत्र वाक्याश

सामान्य वाक्याशके अतिरिक्त स्वतन्त्र वाक्याश भी हिन्दीम पाये जाते हैं। ये स्वतन्त्र वाक्याश सरचनाकी दृष्टिम वाक्याश-योजनाकी सब आवश्यकताएँ पूरी करते हैं। स्वतन्त्र वाक्याशके सम्बन्धम मुख्य धारणा यह है कि—जब सयुक्त वाक्यम कृदन्तमूलक वाक्य खडका सम्बन्ध मुख्य क्रियाके कर्ता से न होकर किसी अन्य कर्तामे होता है तब वह वाक्य-खड स्वतन्त्र वाक्याश कहलाता है और उसके अन्वयी कारकको स्वतन्त्र-कारक कहते हैं।

इस सम्बन्धम शिवनाथजीका मत है— किसी सयुक्त-वाक्य म जब कृदन्त शब्द मुख्य क्रिया के कर्ता स भिन्न किसी अन्य कर्ता के साथ लिंग-वचन की समानता म प्रयुक्त रहता है तब उस कृदन्त घटित वाक्य खड को स्वतत्र अश की अभिधा दी जाती है और उसके अन्वयी कारक को स्वतन्त्र-कारक कहते हैं।[1]

पाश्चात्य मनीषी बनकी भी यही धारणा है—कि जब कृदन्त क्रियाके कर्ताके स्थानपर अन्य कर्ताके अनुरूप होता है तब वाक्याश स्वतन्त्र कहलाता है।[2]

अथ योजनाकी दृष्टिसे तो स्वतन्त्र वाक्याशका सम्बन्ध अधीन अथवा प्रधान उपवाक्यसे रहता है पर विन्यासकी दृष्टिसे उसका किसीसे कोई सम्बन्ध नही होता। वस्तुत वह अपनम एक स्वतन्त्र एव अखड रचना है। सामान्यत इसका प्रयोग वाक्यके आदिम होता है लेकिन कभी-कभी वाक्यके मुख्य कर्ता अथवा उद्देश्यके बाद वाक्यके मध्यम भी यह रचना आ सकती है। अन्तमे इसका प्रयोग नही होता।

सबेरा होते-होते हम आठ मील और समुद्रमे आगे बढ गए।

(स० + वत० कृ० (द्विरुक्त) → क्रियाविशेषणवाक्याश)

सबेरा होने तक हम आठ मील और समुद्रम आगे बढ गए।

(स० + क्रियार्थक सज्ञा + अव्यय → क्रियाविशेषणवाक्याश)

सबेरा होनेपर हम आठ मील और समुद्रम आगे बढ गए।

(स० + क्रियार्थक सज्ञा + परसर्ग → सज्ञावाक्याश)

आपके बोलनेपर हम आपत्ति है।

(वि० + क्रियार्थक सज्ञा + परसर्ग → सज्ञावाक्याश)

---

१ शिवनाथ—हिन्दी कारकों का विकास पृष्ठ १४६

२ वही When the participle agrees with a subject different from the subject of the verb phrase is said to in the absolute construction —Bain

आपके बोलनेसे हम नाराज है।

(वि० + क्रियार्थक संज्ञा + परसर्ग → संज्ञावाक्यांश)

दीया जले घर आ जाना अच्छा होता है।

(स० + भूत० कृ० → क्रियाविशेषणवाक्यांश)

दीया जलनेपर घर आ जाना अच्छा होता है।

(स० + क्रियार्थक संज्ञा + परसर्ग → संज्ञावाक्यांश)

दीया जलते जलते घर आ जाना अच्छा होता है।

(स० + वर्त० कृ० (द्विरुक्त) → क्रियाविशेषणवाक्यांश)

उसे आए पाँच दिन हो गए।

(सर्व० + भूत० कृ० → क्रियाविशेषणवाक्यांश)

उसे आए हुए पाँच दिन हो गए।

(सर्व० + भूत० कृ० + भूत० कृ० → क्रियाविशेषणवाक्यांश)

राक्षसके देखते हुए नदका परिवार चला गया।

(स० + विशेषक + वर्त० कृ० + भूत० कृ० → क्रियाविशेषणवाक्यांश)

राक्षसके देखते देखते नदका परिवार चला गया।

(स० + विशेषक + वर्त० कृ० (द्विरुक्त) → क्रियाविशेषणवाक्यांश)

राक्षसके देखते रहनेपर भी नदका परिवार चला गया।

(स० + विशेषक + वर्त०कृ० + क्रियार्थकसंज्ञा + परसर्ग + अव्यय → संज्ञावाक्यांश)

सबेरा होते ही वशीने कड़कती आवाज़में विट्ठलको उठाया।

(स० + वर्त० कृ० + अव्यय → क्रियाविशेषणवाक्यांश)

सबेरा होनेपर वशीने कड़कती आवाज़में विट्ठलको उठाया।

(स० + क्रियार्थक संज्ञा + परसर्ग → संज्ञावाक्यांश)

सबेरा होनेके बाद वशीने कड़कती आवाज़में विट्ठलको उठाया।

(स० + क्रियार्थक संज्ञा + विशेषक + अव्यय → संज्ञावाक्यांश)

थकावट दूर होकर अच्छी नींद आती है।

(स० + क्रि०वि० + पूर्व० कृ० → क्रियाविशेषणवाक्यांश)

थकावट दूर होनेसे अच्छी नींद आती है।

(स० + क्रि०वि० + क्रियार्थक संज्ञा + परसर्ग → संज्ञावाक्यांश)

थकावट दूर होनेपर अच्छी नींद आती है।

(स० + क्रि०वि० + क्रियार्थक संज्ञा + परसर्ग → संज्ञावाक्यांश)

थकावट दूर होनेके बाद अच्छी नींद आती है।

(स०+क्रिवि०+क्रियार्थक संज्ञा विशेषक+अव्यय→क्रिया विशेषणवाक्यांश)

बाहरके लोगों द्वारा नाच रंग होते हुए भी विट्ठलका जी खुश नहीं हुआ।

(संज्ञावाक्यांश+स०+वर्त० कृ०+भूत०कृ०+अव्यय→क्रियाविशेषण वाक्यांश)

बाहरके लोगो द्वारा नाच रंग होनेपर भी विट्ठलका जी खुश नहीं हुआ।

(संज्ञावाक्यांश + स० + क्रियार्थक संज्ञा+ परसर्ग+अव्यय→संज्ञा वाक्यांश)

बाहरके लोगो द्वारा नाच रंग होनेके बाद भी विट्ठलका जी खुश नहीं हुआ।

(संज्ञावाक्यांश+स०+क्रियार्थक संज्ञा+विशेषक+अव्यय+अव्यय →संज्ञावाक्यांश)

३ ५ ३ केन्द्रिकता और वाक्यांश

वाक्यके स्तरपर सबसे छोटी इकाई वाक्यांश है तथा केन्द्रिकताकी दृष्टिसे इसका अध्ययन वाक्यांश तक ही सीमित रहता है। प्रकृत्या वाक्यांशकी रचना दो प्रकारकी होती है—अन्त केन्द्रिक और बाह्यकेन्द्रिक।

३ ५ ३ १ अन्त केन्द्रिक रचना

यह एक ऐसी रचना है जिसमें अभिमुखता आभ्यंतरिक होती है अर्थात रचनाके अन्तर्गत सदस्य पद एक-दूसरेका स्थान ले सकते हैं। अन्त केन्द्रिक रचनाएँ दो प्रकारकी होती हैं—अधीन और सहयोगी।

अधीन अन्त केन्द्रिक

इस रचनामें एक पद केन्द्र रहता है और अन्य पद अधीन। **बडा लड़का** वाक्यांशमें **लड़का** केन्द्र है **बडा** अधीन। इसमें **बडा** और **लड़का** दो मर्यादक सदस्य हैं। दोनो ही अर्थको किसी प्रकारका व्याघात पहुँचाए बिना एक-दूसरेका स्थान ले सकते हैं। प्रतन्वित वाक्यांशमें भी केन्द्र-पद एक ही रहता है। अन्य सभी पद अधीन ही रहते हैं। **तुम्हारा सुंदर सुशील, होनहार बडा लड़का** वाक्यांशमें **लड़का** केन्द्र है **बडा होनहार सुशील सुंदर, तुम्हारा** सभी पद अधीन हैं।

सहयोगी अन्त केन्द्रिक

इस रचनामें एकाधिक केन्द्र पद होते हैं और कोई पद अधीन नहीं होता। इनमें एक या एकाधिक समुच्चयबोधक अव्यय जुड़ते हैं।

मैं या तुम उसमें नहीं रहोगे।

देश जाति अथवा राष्ट्र कैसा है ?

उसमें प्रेयसिका प्यार और भगिनीका आस्था थी।

उपयुक्त वाक्यांशोंमें प्रथम वाक्यांशमें दो केन्द्र पद हैं, मैं और तुम, द्वितीय में देश, जाति और राष्ट्र तीन केन्द्र पद है। तृतीयमें प्यार और आस्था केन्द्र-पदों के क्रमशः प्रेयसिका और भगिनीकी अधीन पद हैं। अन्त केन्द्रिक रचनाओंमें अर्थ प्रेषणकी दृष्टिसे केन्द्रिक पद ही मुख्य होता है।

३ ५ ३ २ बाह्यकेन्द्रिक रचना

इस रचनामें योजक-सदस्य परस्पर स्वतन्त्र होते हैं। वे एक-दूसरेका स्थान नहीं ले सकते। साथ ही उनका समुच्चित अर्थ योजक-तत्त्वोंके अर्थसे भिन्न होता है। इनमें दोनों सदस्योंका समान महत्त्व रहता है। यथा बड़ा लड़का बराबर जाता रहा वाक्यमें जाता रहा वाक्यांशके योजक सदस्य हैं—जाता और रहा। लेकिन ये एक दूसरेका अर्थ नहीं दे सकते। इसके अतिरिक्त इनसे जो अर्थबोध होता है वह अर्थ परिवर्तनकी दृष्टिसे अर्थादेशमूलक कहलाएगा। इस प्रकारके वाक्यांशके पदोंमें अर्थ निहित नहीं रहता, यह उनके बाहर रहता है।

बाह्यकेन्द्रिक रचनामें अर्थकी नाभि अन्यत्र होती है जबकि अन्त केन्द्रिक रचनामें अर्थनाभि योजक-सदस्योंमें ही रहती है। इस तथ्यको सूत्रके द्वारा इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है—

अधीन अन्त केन्द्रिक रचना—क ख > क अथवा ख

सहयोगी अन्त केन्द्रिक रचना—क + ख > क ख

बाह्यकेन्द्रिक रचना—क ख > ग

केन्द्रिकता की दृष्टि से वाक्यांश रचना के चित्र प्रस्तुत हैं।

अधीन अन्त केन्द्रिक रचना—क ख >क अथवा ख

तुम्हारा सुन्दर सुशील होनहार लडका > लडका

ख^{4} ख^{3} ख^{2} ख^{1} क > क

तुम्हारा होनहार बडा लडका > लडका

क^{1} क^{2} क^{3} ख > ख

सहयोगी अन्तःकेन्द्रिक रचना—क+ख >क ख

मैं या तुम उसमें नहीं रहेंगे।

क +ख >कख

बाह्यकेन्द्रिक रचना—क ख ग

वह जाता रहा।

क ख >ग

अन्तःकेन्द्रिक एवं बाह्यकेन्द्रिक रचनाओंमें वचन एवं लिंगमूलक एकता रहती है। बाह्यकेन्द्रिक रचनाओंमें कालमूलक एकताका होना आवश्यक नहीं है। दो विभिन्न कालोंके पदों, अथवा भिन्न प्रकारके कृदन्तोंके योगसे भी इस प्रकारकी रचनाएँ हो सकती हैं।

लिंगमूलक एकता—(अन्तःकेन्द्रिक) बड़ा लड़का, बड़ी लड़की।

(बाह्यकेन्द्रिक) जाता रहा, जाती रही।

जाता हुआ, जाती हुई।

वचनमूलक एकता—(अन्तःकेन्द्रिक) बड़ा लड़का, बड़े लड़के।

बड़ी लड़की बड़ी लड़कियाँ।

(बाह्यकेन्द्रिक) जाता रहा जाते रहे।

जाती रही, जाती रहीं।

कालमूलक भिन्नता—(चाहने के लिए) जाना हुआ गाया रहता है।
कृदंतमूलक भिन्नता—(चाहने के लिए) जाता रहा, जाना होता।
जाकर देखता, आकर देगा।

निष्कर्ष रूपमें कहा जा सकता है कि वाक्यों की संरचनामें वाक्यांश महत्त्वपूर्ण इकाइयाँ हैं।

३ ६. प्रयोग एवं वाक्पद्धति (मुहावरा)

३ ६ १ वाक्पद्धति

भाषाका प्रारम्भिक रूप अभिधात्मक रहता है। धीरे धीरे भाषाका प्रयोग बढ़नेके साथ-साथ लक्षणा और व्यंजना शक्तियाँ भाषा समृद्धिको प्राप्त करती हैं। भाषाके प्रसार और सम्पन्नताके साथ ही वाक्पद्धतियोंका विकास होता है। जनसाधारणके भाव, विचार, अनुभव आदि सहज प्रयोगोंके रूपमें व्यक्त न होकर वाक्पद्धतियोंमें ढल जाते हैं। इनका अर्थ सामान्य भाषासे अधिक प्रभावशाली और बिम्बग्राह्य होता है। ये वाक्पद्धतियाँ भाषाको सजीवता, सूक्ष्मता, रोचकता एवं चुस्ती प्रदान करती हैं अतः शुद्ध विद्वत्तापूर्ण साहित्यकी अपेक्षा जनप्रिय रसात्मक साहित्य—उपन्यास, कहानी, नाटक आदिमें ही इनका अधिक प्रयोग होता है। कुछ अप्रासंगिक अनपेक्षित होनेपर भी विषयके स्पष्टीकरणके लिए यह परिचयात्मक भूमिका अनिवार्य थी।

वाक्य विवेचनकी दृष्टिसे वाक्पद्धतियाँ पद या वाक्यांशके रूपमें वाक्यमें आती हैं। किन्तु इन्हें सामान्य पद या वाक्यांशके रूपमें लेना सम्भव नहीं है क्योंकि इनके मूलमें छिपा अर्थ सामान्य पदों या वाक्यांशोंसे विशिष्ट होता है। **आँख लगना** वाक्यांशका अभिधात्मक अर्थ है किसी व्यक्तिके चेहरेपर आँख लगना किन्तु इस वाक्पद्धतिके दो अर्थ हैं—नींद आ जाना और प्रेम होना। वाक्पद्धतिमें पाई जानेवाली इस प्रकारकी अनेकार्थकता प्रसंग सापेक्ष होती है।

भाषामें कुछ प्रयोग होते हैं और कुछ वाक्पद्धतियाँ। इनमें प्रायः भ्रम हो जाता है किन्तु ये दोनों सर्वथा भिन्न प्रकारकी रचनाएँ हैं। सामान्यतया प्रयोगोंका अर्थ अभिधात्मक रहता है। **खोज-खाज, रोटी पानी, पचास साठ धन-दौलत कपड़ा-लत्ता जीवन-मरण, आबाल-वृद्ध** आदि प्रयोग हैं जिनका अर्थ अधिकांशतः अभिधात्मक है।

३ ६ २ प्रयोग

परम्परागत प्रयोगमें आए हुए शब्दों या वाक्यांशोंकी संज्ञा **प्रयोग** (यूसेज)

है। यह आवश्यक नहीं है कि प्रयोगमें व्याकरण और मीमांसाके सिद्धांतोंकी पुष्टि हो। कभी कभी प्रयोग यादृच्छिक भी होते हैं तथा उनकी संरचना और क्रमके सम्बन्धमें कोई नियम निश्चित करना संभव नहीं होता यथा दस-बीस, सौ-पचास, आसपास, खानपान, भूखा प्यासा, बीचों बीच, काम-काज, आदि प्रयोगोंकी तथा अन्य प्रयोगोंकी रचना इस प्रकार क्यों हुई है, इसका कोई उत्तर नहीं है। कुछ प्रयोगोंसे तुलनाका बोध होता है यथा समुद्रकी तरह गम्भीर, स्वप्नके समान मिथ्या कणकी तरह दानी, शिशुकी भांति सरल आदि। प्रयोगोंके अर्थ प्राय निश्चित होते हैं यथा बैठ गया का अर्थ बैठना और जाना नहीं है इससे बैठनेका निश्चय सूचित होता है। आ पहुंचा का अर्थ आना और पहुँचना नहीं है वरन आनेके प्रयत्न और आशाका सूचक है। हँस पड़ा और हँसने लगा में अन्तर यह है कि प्रथम प्रयोग अचानक हँसनेकी ओर संकेत कर रहा है और द्वितीय हँसनेकी प्रक्रियाके समारम्भ और उसकी निरन्तरताकी ओर। गाली देना, नकल मारना और हँसी उडाना के क्रमश अर्थ हैं—बुरा भला कहना एकदम नकल करना और उपहास करना। न गाली दी जाती है, न नकलका वध किया जाता है और न हँसीको उडा दिया जाता है।

इस प्रकार यह सिद्ध है कि प्रयोग और वाक्पद्धतिमें एक निश्चित अन्तर होता है। वे शब्द या वाक्यांश जिनमें लाक्षणिक सर्वथा वैशिष्ट्य न हो प्रयोग हैं वाक्पद्धति नहीं। इसके विपरीत वाक्पद्धतिमें शब्दोंके अभिधात्मक अर्थसे भिन्न अर्थ रहता है। वाक्पद्धतिके सम्बन्धमें दुनीचन्दजीकी निम्नलिखित परिभाषा सर्वथा संगत है।

'किसी भाषा का ऐसा प्रचलित शब्द अथवा वाक्यांश जो किसी विशेष ढंग से प्रयुक्त होकर अपने साधारण (अभिधेय) अर्थ से विलक्षण अर्थ प्रकट करता हो मुहावरा (या वाक्पद्धति) कहलाता है।'[1]

सामान्यतया वाक्पद्धतिकेलिये मुहावरा शब्द प्रचलित है। शैलीको प्रभाव, सौंदर्य शक्ति और प्रवाह प्रदान करनेकेलिए इनका प्रयोग किया जाता है। वाक्पद्धतिका अनुवाद दुस्साध्य कार्य है। इस प्रकारके प्रयासमें या अर्थ पूर्णरूपेण बदल जाता है या सर्वथा अस्पष्ट हो जाता है जैसे सिर खाना का अंग्रेजी अनुवाद टु ईट हैड निरर्थक है इसका अर्थ है परेशान करना। नौ दो ग्यारह होना का अंग्रेजी अनुवाद टु बी नाइन टू इलेविन किसी प्रकार भी भाग जाना अर्थ नहीं देता।

---

१ दुनीचन्द—हिन्दी व्याकरण पृष्ठ २६६।

३ ६ ३ रचनात्मक दृष्टिसे वाक्पद्धति

रचनाकी दृष्टिसे प्रत्येक वाक्पद्धतिका अन्तिम पद क्रियार्थक संज्ञा होता है। क्रियार्थक संज्ञा अकेली भी वाक्पद्धतिके रूपमें प्रयुक्त हो सकती है। प्रयोगके अनुसार वाक्यमें इस एक मात्र या अन्तिम पद क्रियार्थक संज्ञा का रूप परिवर्तित हो जाता है। इसका प्रयोग संज्ञा, विशेषण क्रियाविशेषण और क्रियाके रूपमें संभव है।

३ ६ ४ वाक्पद्धतियोंके आधार

वाक्पद्धतियोंके विभिन्न आधार हैं—मानव शरीर तत्कालीन वातावरण चेतन जगत अमूर्त पदार्थ स्वभाव रीति रिवाज और अंधविश्वास तथा इतिहास धर्म और परम्परा।

३ ६ ४ १ मानव शरीरपर आधारित वाक्पद्धतियाँ

आँख दिखाना (क्रोध व्यक्त करना)

हर समय आँख दिखाना अच्छा नहीं है।	(संज्ञा)
आँखें दिखानेवाले व्यक्तिसे सभी दूर रहते हैं।	(विशेषण)
जब चन्दरने आँख दिखाई बिन्नी घरमें चली गई।	(क्रिया)
अध्यापक छात्राको आँख दिखाते हुए चले गये।	(क्रियाविशेषण)

दिल दुखाना (दुखी करना)

गरीबका दिल दुखानेसे क्या मिलेगा।	(संज्ञा)
दिल दुखानेवाली बात न कहना ही अच्छा है।	(विशेषण)
यही कोशिश करता रहा कि किसीका दिल न दुखाऊं।	(क्रिया)
मना करनेपर भी दिल दुखाते हुए बोलता रहा।	(क्रियाविशेषण)

कानमें उँगली देना (न सुनना)

ऐसी बात होनेपर कानमें उंगली देना ही ठीक रहता है।	(संज्ञा)
ऐसे मौकेपर कानमें उंगली दिए रहनेकी बात कुछ समयमें नहीं आती।	(विशेषण)
जब उसको इच्छाके विपरीत सुनना पड़ता है तब वह कानमें उंगली दे लेता है।	

मैं बुरा भला कहता रहा, पर बालक उसकी दिए बैठा रहा।　　　　(क्रियाविशेषण)

हाथ धो बैठना (खो देना)

कभी-कभी अपने ही कारण मनुष्य हाथ धो बैठना पड़ता है।　　　　(संज्ञा)
उसके गवाँतिन हाथ धो बैठनेकी बात सही है।　　　　(विशेषण)
अपनी भूलके कारण वह बालक हाथ धो बैठा।　　　　(क्रिया)

मुँह फुलाना (गुस्सा होना)

बात बातमें मुँह फुलाना बच्चोंका विशेष गुण है।　　　　(संज्ञा)
यह भी कोई मुँह फुलानेकी बात है।　　　　(विशेषण)
इतनीसी बात पर मुँह फुला रहे हो।　　　　(क्रिया)
बहुत कोशिश की किन्तु एक भी शब्द नहीं बोला
मुँह फुलाए बैठा रहा।　　　　(क्रियाविशेषण)

पेट काटना (भूखा मरना)

जनता अब गरीबोंका पेट काटना बर्दाश्त नहीं करेगी।　　　　(संज्ञा)
इतना कम वेतन पेट काटनेकी बात ही है।　　　　(विशेषण)
पूँजीपति निरन्तर श्रमिकोंका पेट काटते हैं।　　　　(क्रिया)
सब बच्चोंको किसी प्रकार पेट काटकर पढ़ाया।　　　　(क्रियाविशेषण)

सिर आँखोंपर होना (आदरणीय होना)

उसका सबके सिर आँखोंपर होना मोहनको अच्छा नहीं लगता।　　　　(संज्ञा)
सबके सिर आँखोंपर होनेकी चर्चा सुनकर वह अचानक
सबतक आगया।　　　　(विशेषण)
आप मेरे सिर आँखोंपर हैं।　　　　(क्रिया)

३ ६ ४ २　तत्कालीन वातावरणपर आधारित वाग्पद्धतियाँ

गुड़ गोबर कर देना (काम बिगाड़ना)

अच्छे भले कामका गुड़ गोबर कर देना महामूर्खता है।　　　　(संज्ञा)

यदि उसने पिछला इन्तिहान गुप्त किया तो गुड गोबर
 कर देनेकी बात ही है। (विशेषण)

सारा काम ठीक-ठीक हो रहा था पर रामने झगडा करके
 गुड गोबर कर दिया। (क्रिया)

पहले दरसे आया फिर अपनी मूर्खतासे गुड गोबर करके चलता बना।
 (क्रियाविशेषण)

नमक मिर्च लगाना (बढ़ा-चढ़ाकर कहना)

कुछ व्यक्तियोंको नमक मिर्च लगाना खूब आता है। (संज्ञा)

नमक मिर्च लगानेवाली स्त्रियोंसे दूर रहना चाहिए। (विशेषण)

झगडेकी बात बताते हुए उसने खूब नमक मिर्च लगाई। (क्रिया)

वह सीधी सी बातको भी नमक मिर्च लगाकर कहता है। (क्रियाविशेषण)

मैदान मारना (जीतना)

इस युद्धमें मैदान मारना कठिन लगता है। (संज्ञा)

मैदान मारने वाली सेना दूसरी है इसमें तो शक्ति नहीं है। (विशेषण)

अब क्या मुश्किल है बस मैदान मार लिया। (क्रिया)

जलती आगमें पानी डालना (शान्ति स्थापित करना)

झगडा बढनेमें देर नहीं लगती जलती आगमें
 पानी डालना कठिन होता है। (संज्ञा)

रुपयेकेलिए होनेवाले झगडोंमें अशोकने रुपया देकर जलती
 आगमें पानी डालनेका काम किया। (विशेषण)

३ ६ ८ ३ चेतन जगतपर आधृत वाक्पद्धतियाँ

दुम दबाकर भागना (कायरतापूर्वक भागना)

अधिक शक्तिशालीके सामने दुम दबाकर भागना अच्छा नहीं है। (संज्ञा)

उनका कोई भरोसा नहीं दुम दबाकर भागनेवाले व्यक्ति है। (विशेषण)

सिपाहियोंको देखते ही चोर दुम दबाकर भाग गए। (क्रिया)

बिल्लीके आनेपर एक चूहा दुम दबाकर भागता हुआ दिखाई दिया।
 (क्रियाविशेषण)

कान खडे होना (सावधान हो जाना)

एक बार शक हानपर हमशा कान खडे होना गलत नही। (सज्ञा)
ऐसी स्थितिम कान खडे हानकी बात अनुचित नही। (विशेषण)
दरवाजेम खुसर फुसर सुनकर उसके कान खडे हो गए। (क्रिया)

उडती चिडिया पहचानना (दखत ही पहचान लेना)

उडती चिडिया पहचाननेकेलिए अनुभवी होना चाहिए। (सज्ञा)
उडती चिडिया पहचाननेवाला व्यक्ति धोखा नही खाता। (विशेषण)
वह तो उडती चिडिया पहचानता है। (क्रिया)
उडती चिडिया पहचानते हुए भी चुप रहा। (क्रियाविशेषण)

३ ६ ४ ४ अमूर्त पदार्थोपर आधृत वाक्पद्धतिया

हवा हो जाना (अदृश्य होना)

कहते ही हवा हो जाना कोई खेल नही है। (सज्ञा)
उसके हवा हो जानेकी बात विश्वासके लायक नही है। (विशेषण)
बातकी बातमे वह हवा हो गया। (क्रिया)

मीन मेख करना (दोष निकालना)

उसे केवल एक काम रह गया है मीन मेख करना। (सज्ञा)
हर समय मीन मेख करनकी आदत अच्छी नही है। (विशेषण)
तुम व्यर्थ ही दूसरके कामम मीन मेख कर रहे हो। (क्रिया)
उसने मीन मेख करके देख लिया कि इस कामम
कोई स्थायी लाभ नही है। (क्रियाविशेषण)

३ ६ ४ ५ स्वभाव, रीति-रिवाज और अधविश्वासपर आधृत वाक्पद्धतियाँ

अगर मगर करना (तर्क करना)

हर समय अगर मगर करना ठीक नही। (सज्ञा)
अगर मगर करनकी कोई बात नही। (विशेषण)
वह व्यर्थ ही अगर मगर करता रहा। (क्रिया)

इतनी सी बातपर अगर मगर करता थक गया। (क्रियाविशेषण)

चरण छूना (विशेष रूपसे सम्मानित करना)

मा बापके चरण छूने चाहिए। (सज्ञा)
शिवानी चरण छूने वाली लडकी नहीं है। (विशेषण)
मोहनने गुरुजीको देखतेही चरण छुए। (क्रिया)
गुरुजीके चरण छूकर कहा। (क्रियाविशेषण)

घीके दिए जलाना (खुशी मनाना)

शुभअवसर आनेपर घीके दिए जलाना जरूरी ही है। (सज्ञा)
किसीकी विपदामे दूसरेकी घीके दिए जलानेकी बात
अमानुषिक ही कही जाएगी। (विशेषण)
ख्रुश्चेवके पदच्युत होनेपर चीनमे घीके दिए जलाए गए। (क्रिया)

सिरसे कफन बाधना (मरनेकेलिए तयार रहना)

सिरसे कफन बाधना बहुत आसान है। (सज्ञा)
मैनिक सिरसे कफन बाधे बठा है। (विशेषण)
मैंने तो अब सिरसे कफनबाध लिया है। (क्रिया)
जिन्होने सिरसे कफन बाधकर देखा है वे मौतकी
हकीकतको जानते हैं। (क्रियाविशेषण)

ईदका चाद होना (दर्शनदुर्लभ व्यक्ति)

ईदका चाद होना क्या कोई शानकी बात है। (सज्ञा)
तुम्हारे ईदका चाद होनेकी बात सब दोस्तोकी
जबानपर मुद्दत तक चढी रही। (विशेषण)
अब तो वह ईदका चांद हो गया है। (क्रिया)
तुमने ईदका चाँद होकर देख लिया। (क्रियाविशेषण)

श्रीगणेश करना (शुभारम्भ करना)

आज नये व्यापारका श्रीगणेश करना ठीक नहीं है। (सज्ञा)
पुस्तकका श्रीगणेश करनेवाले दिन वह बहुत प्रसन्न था। (विशेषण)
मैंने कामका श्रीगणेश कर दिया है। (क्रिया)

गांधीजी व्यक्तित्वने इस सुन्दर वाक्यकी यों गणेश करके लिखा दिया है कि जहाँ गान्धी होता है वहाँ कुछ भी असम्भव नहीं है। (क्रियाविशेषण)

बीड़ा उठाना (प्रतिज्ञा करना)

अब मुझे काम समाप्त करनेका बीड़ा उठाना है। (संज्ञा)
भीषण कार्यके लिए बीड़ा उठानेकी प्रथा राजपूत क्षत्रियोंका उज्ज्वल पक्ष कही जायगी। (विशेषण)
मैंने शत्रुओंको हरानेका बीड़ा उठा लिया है। (क्रिया)
वस्तर वर्षकी आयुमें भी जानतेका बीड़ा उठाकर उसने यह सिद्ध कर दिया कि अभी उसमें पानी है। (क्रियाविशेषण)

३ ६ ४ ६ इतिहास कल्पना और परम्परापर आश्रित वाक्पद्धतियाँ

विभीषण होना (धोखेबाज होना)

देश भक्तोंकी भीड़में स्वार्थ विभीषण होना कोई अर्थ नहीं रखता। (संज्ञा)
हर स्थानपर विभीषण होते हैं उनसे सावधान रहिए। (क्रिया)

शेख चिल्ली होना (शेखी मारना)

शेखचिल्ली होनेसे काम नहीं हो जाएगा। (संज्ञा)
मणिक एकदम शेखचिल्ली हो गया है। (क्रिया)

३ ६ ४ ७ एकपदीय वाक्पद्धतियाँ

नाचना (हर्षित होना)

छोटीसी बातपर इतना नाचना अच्छा नहीं। (संज्ञा)
पास ही तो हुए हो इतनी नाचनेकी बात तो है नहीं। (विशेषण)
जरा सी सफलतापर इतना नाच रहे हो। (क्रिया)
हमने परीक्षामें उत्तीर्ण छात्रोंको बेहद नाचते हुए देखा। (क्रियाविशेषण)

गाँठना (स्थापित करना)

सभीसे दोस्ती गाँठना उचित नहीं है। (संज्ञा)
उसे केवल दोस्ती गाँठनेका काम आता है। (विशेषण)
जरूरत होती है तो हरएकसे दोस्ती गाँठता है। (क्रिया)

वाक्पद्धतिके उपयुक्त निर्वचनसे उनकी प्रयोगमूलक गतिका बोध हो जाता है। जितनी अर्थमूलक प्रभविष्णुता वाक्पद्धतियोंके द्वारा सम्भव है उतनी उनका व्याख्यापरक किसी भी सुगठित सरचनाके द्वारा सम्भव नहीं है।

३ ७ कहावतें या लोकोक्तियाँ

जनसाधारणकी विशेष अर्थमें रूढ अथवा परम्परागत उक्तियोंको कहावतें या लोकोक्तियाँ कहा जाता है। ये जनसाधारणके दैनिक अनुभवों और कार्य व्यापारोंपर आधृत होती हैं। इनके मूलमें कोई विशेष घटना या ठोस विचार रहता है। यदि कोई कहावत एकाधिक घटनाओं और स्थितियोंपर लागू हो सकती है तो निश्चय ही उसकी जीवनावधि चिरकालिक होती है। कहावतें भाषाका अंग बनकर उसे नई अभिव्यंजना और अर्थवत्ता प्रदान करती हैं। इन कहावतोंके अनेक प्रयोजन हैं—जैसे देना अचेतन पदार्थोंको चेतना प्रदान करना अमूर्त भावोंको मूर्त रूप देना और रूपकात्मक बोध जागृत करना।

निर्धारण और सामान्यीकरण कहावतोंकी मुख्य विशेषता है। निर्धारण द्वारा कहावतमें निश्चित सत्य अथवा तथ्य एवं निश्चयात्मक रूप ग्रहण करता है। यही निश्चयित रूप लोकमानसके सहज बोधसे सम्बद्ध होनेके कारण अनायास लोक स्वीकृति प्राप्त कर सामान्यीकृत हो जाता है। कहावतोंको चार वर्गोंमें रखा जा सकता है।

३ ७ १ धार्मिक-काल्पनिक और ऐतिहासिक तथ्योंकी ओर सकेत करनेवाली कहावतें

इस वर्गकी कहावतोंके मूलमें कोई कथा रहती है। कथा या इतिहासके ज्ञान के अभावमें कहावतका महत्त्व समझना असम्भव है। **घरका भेदी लंका ढाए** कहावतके मूलमें यह ऐतिहासिक तथ्य छिपा है कि रावणके बन्धु विभीषणने ही घरका रहस्य बताकर लंकाका सर्वनाश किया। सामान्य अर्थ निकला—अपनोंके द्वारा ही घरका नाश होता है। **अंगूर खट्टे हैं** कहावतके मूलमें लोमडीकी लघु कथा है। किस प्रकार अंगूर न पानेपर उन्हें खट्टे कहकर लोमडीने सन्तोष किया था। अर्थ हुआ—अप्राप्यको व्यर्थ एवं हानिकारक कहकर सन्तोष करना। **अंधेर नगरी चौपट राजा टके सेर भाजी टके सेर खाजा** कहावतके मूलमें भारतेन्दु हरिश्चन्द्रका एक नाटक है जो अन्याय और अज्ञानपूर्ण सरकारकी ओर संकेत करता है। सामान्य अर्थ हुआ—अन्याय एवं अज्ञानपूर्ण परिस्थितियोंमें सब उल्टा ही होता है। **आंखोंकी सुइयाँ रह गई** कहावतके मूलमें उस राजकुमारी

पोथा घना + बाज घना।
नई नई मुसलमानी + अल्लाह अल्लाह पुकार।

बाह्यन्द्रिय + मन केन्द्रिय
गा न नान + आँगन टेढा।

बाह्यन्द्रिय + बाह्यन्द्रिय
खोदा पहाड + निकली चुहिया।
घर मजदूरी + ना चूरी।

२७६२ वाक्यमूलक

साधारण वाक्य

देखिए ऊँट किस करवट बैठता है।
झूठके पाँव नही होते।
ताली एक हाथसे नही बजती।
पाँचो उगलियाँ बराबर नही होती।
तैराक ही डूबते है।
अकेला चना भाड नही फोड सकता।
अपने घरमे कुत्ता भी शेर होता है।
काठकी हडिया बार बार नही चढती।
खरबूजको देखकर खरबूजा रग बदलता है।
दूरके ढोल सुहावने होते है।
आखाकी सुइया रह गइ।
सावनके अधको हरा ही हरा सूझता है।

मिश्र वाक्य

जो गरजते है + सो बरसते नहा।
अब पछताय होत क्या + जब चिडिया चुग गइ खेत।
जहा भील होगी + वही पानी मरेगा।
कोयल होय न ऊजली + नौ मन साबुन लाय।
काम प्यारा है + चाम प्यारा नही।

जसी आग खाआगे+वसे अँगार उगलाग ।
पीतलकी नथनीप इतना गुमान+मानकी हानी चन्ती अममान ।

सयुक्त वाक्य

न नौमन तेल होगा+न राधा नाचेगी ।
सूप वाले सो वाले+छननी भी बोले+जिमम बहत्तर छेद ।
सच्चा जाए रोता जाए+झूठा जाए हसता आए ।
आसमानस गिरा+खजूरम अटका ।
न कुत्ता देखेगा+न भौंकेगा ।
मेरा पिया घर नहीं+मुझे किमीका डर नहीं ।
मेरा पेट हाऊ+मैं न दूगा काऊ ।

३७६३ वाक्याश+वाक्य

हाथ परका काहिली+मुहम मूछें जाए ।
चमगादडके मेहमान+मियाँ उल्टे ही लटकते हैं ।

३७६४ वाक्य+वाक्याश

गगाका आना था+भगीरथके सिर जस ।
हाथीके दाँत खानके और होते है+दिखानेके और ।

कहावताम एक निश्चित तारतमिक व्यवस्था होती है । सामान्यतया उ
दो अग होते हैं । दूसरा अग पहलका आश्रित अथवा पूरक अथवा व्याख
होता है ।

३८ उद्देश्य-विधेय

प्रत्यक वाक्यम प्रत्यक्ष या परोक्ष रूपमे उद्देश्य और विधेय विद्यमान रह
उद्देश्य वाक्यका आधार है विधेय उद्देश्यके बारेम किया गया कथन है ।

३८१ उद्देश्य

कारक-वाक्य विन्यास और वाच्य वाक्य विन्यास शीपकाके अतगत उ
और क्रियाके अन्वयका पर्याप्त विवेचन हो चुका है । प्रस्तुत विषयके विवे
लिए सक्षेपम कह सकते हैं कि कतृवाच्यम कर्ता उद्देश्य होता है कमव
कम वाक्यका उद्देश्य होता है । कतृकमवाच्यम कत भाव और कमभाव

तुम्हारे बोरत, क्या महँगे थे। (संज्ञा सर्वनाम)

कर्मवाच्य

मैंने लकड़ी रखी है यह। (संज्ञा, सर्वनाम)
उसने फल खाए हैं ये। (संज्ञा, सर्वनाम)

३.८.१३ एकाधिक पद—उद्देश्य

मुखकमलों के पास नयनभ्रमर मँडरा रहे थे।

उपर्युक्त उदाहरणोंमें रूपान्तरगत क्रम विपर्यय और वचनकी दृष्टिसे अन्तिम सदस्यका प्रभावित होना स्पष्ट है।

वाक्य विज्ञानमें क्रमका महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्राय सभी प्राचीन और अर्वाचीन अध्ययनोंमें इस दृष्टिसे वाक्यकी परीक्षा होती रही है। वास्तवमें क्रमका विवेचन भाषामें पाए जानेवाले व्यतिक्रमका विवेचन है। अत हम क्रमको वाक्यका व्यतिक्रममूलक अध्ययन ही मानते हैं।

४४ निकटस्थ अवयव

रूपान्तरणमूलक भाषाओंमें वाक्य विचारके लिए निकटस्थ अवयवमूलक अध्ययन अनिवार्य है। किसी निश्चित क्रममें स्वीकृत पद शृंखला मात्र वाक्य नहीं है। वाक्यमें परस्पर सम्बद्ध पद निकटस्थ भी हो सकते हैं और दूरस्थ भी। वाक्यकी अन्त संघटनाके बोधके लिए इन पदोंका निकटस्थ अवयवमूलक अध्ययन किया जा रहा है। भाषाके सहज प्रयोगोंमें व्याकरणिक नियमोंका उतना ध्यान नहीं रहता जितना यह प्रयास होता है कि अपने मन्तव्यको अधिक से अधिक बोधगम्य एवं प्रभावशाली बनाया जाय। इस प्रयासमें वाक्यका सामान्य स्वीकृत-क्रम भंग हो जाता है तथा निकटस्थ अवयव एक दूसरेसे इतने दूर जा पड़ते हैं कि बिना उनके परस्पर सम्बन्ध स्थापनके अर्थसंगतिका प्रश्न ही नहीं उठता। इस दृष्टिसे यह अध्ययन वाक्यकी सक्रिय इकाइयोंकी परस्पर-योजनापर बल देता है। भाषामें दो प्रकारके वाक्य पाये जाते हैं।

४४१ बीजवाक्य

भाषाके लघु और दीर्घ सभी वाक्योंमें यह व्यवस्था सक्रिय रहता है। बीज वाक्य विस्तार योजनाके द्वारा दीर्घ वाक्य बन जाते हैं तथा दीर्घ वाक्योंके विस्तार के निराकरणसे बीजवाक्यके रूपमें आ जाते हैं। इस प्रकार भाषाके सभी वाक्योंका निकटस्थ अवयवमूलक अध्ययन आन्तरिक-योजनाको स्पष्ट करता है।

४४२ अबीजवाक्य

अनुपातमें अबीजवाक्य बहुत कम होते हैं। ये सामान्यतया दो प्रकारके है। कुछ अबीजवाक्योंका संरचनात्मक अस्तित्व सर्वथा स्वतन्त्र होता है तथा इनसे बातचीतका प्रारम्भ होता है। ये वाक्य विस्मय बोधक होते हैं। लोकोक्तियाँ और मुहावरे भी इसी प्रकारके वाक्य है किन्तु इनमें कथनका प्रारम्भ नहीं होता। दूसरे प्रकारके अबीजवाक्य अपूर्ण या लोपमूलक वाक्य हैं। इनके विषयमें कहा जाता

है कि शेष-तत्त्व स्वयं ही समझे जा सकते है। इस प्रकारके वाक्य, वाक्य-योजनाके अन्तर्गत ही आते हैं पर इन्हें बीजवाक्योंके समान विस्तारमूलक प्रवृत्तिके प्रतिनिधि नहीं माना जा सकता। इन अबीजवाक्योंका अर्थ प्रसंगसे ही स्पष्ट हो पाता है, ये एकाकी रूपमें प्रयुक्त होनेपर निरर्थक सिद्ध होते हैं।

हाय राम।	(विस्मयमूलक)
आँख लगना।	(मुहावरा)
एक अनार सौ बीमार।	(लोकोक्ति)
क्या मैं ।	(अपूर्ण)
अच्छा ( ) लाओ।	(लोपमूलक)

उपर्युक्त सभी अबीजवाक्य किसी-न किसी प्रसंगकी अपेक्षा कर रहे है। न ये सार्थक हैं और न भाषाके आधारभूत बीजवाक्योंके समान विस्तार और सर्वाचकी इनमें कोई संभावना है। ये अबीजवाक्य पर्याप्त मात्रामें भाषामें प्रयुक्त होते हैं।

निकटस्थ अवयवमूलक अध्ययन वाक्यके आधारभूत अवयवों, पदोंके पारस्परिक सम्बन्धकी ओर संकेत करता है। वाक्य-योजनामें निकटस्थ अवयव तीन प्रकारके है।

४.४.४ तीन वर्ग

४.४.४.१ एकाधिक निकटस्थ अवयव

ये अवयव शब्द भेदकी दृष्टि से एक ही कोटिके होते है। इस प्रकारके अवयव भाषामें अपेक्षाकृत कम होते हैं।

राड साड सीढी-सन्यासी इनसे बचे तो सेवे कासी।

भूल गये रंग रास, भूल गये छकडी
तीन चीज याद रही नून तेल लकडी

४.४.४.२ विकीर्ण निकटस्थ अवयव

सामान्यतया एक ही क्रममें आनेवाले अवयवोंका संश्लेषणात्मक भाषाओंमें बाहुल्य होता है। हिन्दीमें विशेषण विशेष्य पूर्वापर क्रममें आते हैं। मुख्यक्रिया और सहायक क्रियाएँ पूर्वापर क्रममें आती हैं। ये भाषाके सकीर्ण निकटस्थ अवयव है। पर, भाषाओंमें विकीर्ण निकटस्थ अवयवोंका पूर्ण अभाव नहीं होता।

राम घर जा तो रहा है।
मोहन जा तो तेजी से रहा था।

इन उदाहरणोंमें जा ▭ रहा है, जा ▭ ▭ रहा था विकीर्ण निकटस्थ अवयव हैं।

८४४ ३ युगपत् निकटस्थ अवयव

कतिपय निकटस्थ अवयव साथ-साथ दिखाई देते हैं, लेकिन सुरकम या विराम-योजनाके कारण वे अलग अलग निकटस्थ अवयवमूलक रचनाओंकी सृष्टि कर सकते हैं। उदाहरणार्थ—देखो मत जाओ।

इस वाक्यको दो प्रकारसे रखा जा सकता है—

देखो मत जाओ।

देखो मत, जाओ।

पहले वाक्यमें मत जाओ निकटस्थ अवयव है, इसके विपरीत दूसरेमें देखो मत निकटस्थ अवयव है।

अनुकूल वर्गके वाक्योंमें कुछ संकेतक इकाइयाँ भी होती हैं। हिन्दीमें पाए जानेवाले समुच्चयबोधक अव्यय—यथा, और या, अथवा तथा आदि संकेतक हैं, जिनके योगमें सहयोगी निकटस्थ अवयवमूलक इकाइयोंका निर्माण होता है।

हिन्दी वाक्य विचारमें इस प्रकारके अध्ययन विधियोंका अत्यधिक महत्त्व है। आजकी वाक्य रचना भावों और विचारोंकी तीव्रता तथा उनकी सहजताकी तदनुरूप अभिव्यक्ति देनेकी ओर प्रयत्नशीला है। ऐसी स्थितिमें मनमतत्त्वके स्वाभाविक रूपकी रक्षाके लिए संकीर्ण व्याकरणिक पद्धतिका पालन संभव नहीं हो सकता। कभी कभी कर्ता अथवा उद्देश्य अपनी-अपनी क्रियाओं तथा अन्य अवयवोंसे बहुत दूर पड़ते हैं और क्रियाविशेषण क्रियाओंसे निरन्तर हटते चले जाते हैं। इस प्रकारकी विच्छेदात्मक प्रवृत्तियोंके कारण अध्ययनमें बड़ी कठिनाई होती है। निकटस्थ अवयवमूलक अध्ययन इस दृष्टिसे बहुत महत्त्वपूर्ण है। इस अध्ययनकी दो प्रविधियाँ संभव हैं। बीजवाक्य क्रमसे विस्तारको सकोचकर निकाला जाये तथा प्रस्तुत वाक्यमें निहित निकटस्थ अवयवोंकी सांसर्गिकताका निर्देश किया जाय। दूसरे प्रकारकी अध्ययन प्रविधि सबद्धभाषा योजनाको समझनेके लिए अधिक उपादेय है।

४४५ विधियाँ

८४५ १ प्रथम प्रविधि

पद-समूहको अवयवोंमें रखनेका मुख्य आधार संयोग (cohesion) है।

सयोगसे अभिप्राय है—पद समूहके लिए अनुकल्प रूप (substitute) एकाकी पद रखना। इस अनुकल्प विधानमे वाक्य रचना पूर्ववत अपरिवर्तित रहता है।

साहित्यका	विद्यार्थी	अनेयकी	पुस्तक	पढ़ता है।
विद्यार्थी		पुस्तक		पढ़ता है।
	विद्यार्थी			पढ़ता है।

साहित्यका विद्यार्थी का अनुकल्प विद्यार्थी है और प्रत्येककी पुस्तकें पढ़ता है का अनुकल्प है—पुस्तकें पढ़ता है पुन पुस्तकें पढ़ता है का अनुकल्प पढ़ता है—है। यही अनुकल्पन विधान है जिसके द्वारा बड से-बडे वाक्यको लघु बीजवाक्यो मे घटाया जाता है।

४४५ २ द्वितीय प्रविधि

इस पद्धतिमे निकटस्थ अवयवोकी सार्थिकताकी दिशाका निर्देश किया जाता है। अधीन सहयोगी वाह्यकेन्द्रक तथा असम्बद्धता सूचित करनेवाले चिह्न इस प्रकार है—

अधीनता > < सहयोगिता ⇌

वाह्यकेन्द्रिकता × असम्बद्धता ∟ ⌟

इस प्रविधिसे कुछ वाक्योका निकटस्थ अवयवमूलक अध्ययन प्रस्तुत किया जा रहा है।

४४६ सीमाए

इसकी भी अपनी सीमाए है। कही कही निकटस्थ अवयवमूलक वाक्य विश्लेषणात्मक योजनासे भी अर्थ स्पष्ट नही होता। उदाहरणकेलिए हम दो वाक्य लेते है—

सन् १९५५ से लडाई शुरु हुई।

पाकिस्तानसे लडाई शुरु हुई।

इस प्रकारके वाक्योमे निकटस्थ अवयवमूलक अध्ययन बहुत सहायक नहीं हो सकता क्योकि बीजवाक्य दोनो स्थितियोमे समान निकलता है। किन्तु अर्थकी दृष्टिसे ये दोनों वाक्य एकदम भिन्न है। प्रथम वाक्यमे स्पष्ट है कि सन १९६५से [illegible] वाचक क्रियाविशेषण है तथा उसमे सना लुप्त है। दूसरे वाक्यमे पाकिस्तानसे सेना है तथा अर्थ है कि पाकिस्तानके साथ युद्ध हुआ। इन दोनो वाक्योमे

बड़ी फीकी, बड़ी बेजान, बड़ी बनावटी लगती हैं ये कविताएं।
बड़ी फीकी
,
बड़ी बेजान
,
बड़ी बनावटी
लगती हैं
ये कविताएं
कुलीन घरानेका भव्य व्यक्तित्ववाला, हंसमुख, विनम्र और सभ्य लड़का आया।
कुलीन घरानेका
,
भव्य व्यक्तित्ववाला
,
हंसमुख
,
विनम्र
और
सभ्य
लड़का
आया

मेरा
भाई
प्रतिदिन
पेडकी
वेचता
है
पुस्तक
है

सन्नाटमे उस आसुरी गर्जिता प्रवाह बहुत देर तक अप्रतिरोध बहता रहा ।
पर अब स्वीकार करता हूँ मैंने तुम्हें प्यार किया है ।
मैने क्या अपराध किया चदर कि तुम्हारा स्नेह खो बैठी ।

घर पर ही म रहता है।
मैं घण्टेभर ही मे आ जाऊगा।
इसका यह अभिप्राय था कि परसर्गोंके प्रयोगके पूर्व नामपदोंकी अवस्थिति वाक्यकी सामान्य व्यवस्था है।

४ ५ ३ -ने परसर्ग

हिन्दीमें ने परसर्गयोगसे कर्मवाच्य तथा भाववाच्यमूलक वाक्य बनते हैं। इसके साथ सज्ञाओंके विकारी रूप ही आते हैं उत्तम और मध्यपुरुषवाचक सर्वनामोंमें हम तू तुम आप आदि अविकारी रूपों तथा अन्यपुरुष विकारी रूपोंके साथ ही ने का योग होता है। इन प्रयोगोंकी परसर्गमूलक स्थिति वाक्यके आदिमें होती है।
उसने पुस्तक पढ़ी।
लड़केने बात कही।
मैंने कहा।

४ ५ ४ परसर्गवत् प्रयोग

परसर्गवत प्रयुक्त अन्य प्रयोगोंके पूर्व के अथवा रे अनिवार्यत आते है।
उनके द्वारा काम हुआ।
तुम्हारे साथ चलता है।

४ ५ ५ क्रियापद

४ ५ ५ १ सयोगमूलक क्रियाएँ

परसर्गोंका सम्बन्ध केवल नामपदोंसे ही नहीं है आख्यातपद भी इससे शासित है। सयोगमूलक क्रियाओंमें सहायक क्रिया निश्चय ही मुख्य क्रियाके बाद आती है।
वह हँसता है।
हम पढ़ते हैं।

४ ५ ५ २ सयुक्त क्रियाएँ

इसी प्रकार सयुक्त क्रियाओंमें भी मुख्यक्रिया सहायकक्रियाके पूर्व रहती है।
मैं रोज पढा करता हूँ।
तुम हमेशा लड़ते रहते हो।

४ ५ ६   विशेषण+सज्ञा

विशेषण विशेष्यके पूव आता है पूरक और समानाधिकरण वादम ।
वह बडा आदमी है ।
उसने काला घोडा खरीदा ।

४ ५ ७   सज्ञा+विशेषण→पूरक

वह आदमी बडा है ।
घोडा काला है ।

४ ५ ८   सज्ञा+समानाधिकरण

महेन्द्र प्राध्यापक है ।

४ ५ ९   क्रियाविशेषण

क्रियाविशेषण निश्चय ही क्रियाके पूव रहता है ।
घोडा तेज दौडता है ।
बच्चा हसता हुआ जाता है ।

४ ५ १०   कृदन्त

जब कृदन्त क्रियाका काय करते हैं तब वे वाक्यके अन्तम आते हैं । सज्ञा आदि के पूव आनेपर ये विशेषण होते हैं और इनका स्थान विशेषण विशेष्य क्रमानुसार निश्चित होता है ।
यही आदमी खोया हुआ था ।
खोया हुआ आदमी यही था ।

४ ५ ११   मिश्रवाक्य

मिश्रवाक्योम प्रधान उपवाक्य अधीन उपवाक्यके पूव आता है और प्रधान तथा अधीन उपवाक्य प्राय कि अव्यय द्वारा जुडते हैं । यह स्थिति तभी बनती है जब प्रधान उपवाक्य या तो कथन होता है या किसी स्थितिविशेषका द्योतक ।
⌊ मैंने चाहा था ⌋ ⌊ कि काम जल्दी पूरा हो जाए । ⌋
⌊ जिसे लडको मैं देखती हूँ ⌋ ⌊ उसके तनाममे मेरा बराबरका साभा है । ⌋
यह ध्यातव्य है कि व्यवस्था कोई ऐसी पद्धति नहीं है जिसका व्यापक रूपसे

प्रत्यय प्रकारकी सम्भावनाए लक्ष्य किया जा रहा है।

४६ मैत्री

वाक्यमे व्यवस्था अनिवार्य है। इसी व्यवस्थाके फलस्वरूप पारस्परिक सम्बद्धता सम्भव होती है। प्रत्येक व्यवस्थाके लिए योजक-तत्वोमे मैत्रीकी अपेक्षा है। बिना मैत्रीके आन्तरिक व्यवस्था प्राप्त नहा हो सकती और बिना व्यवस्थाके व्यवस्थेयके सहज अस्तित्वका प्रश्न ही नही उठता। रूपान्तरणशीला भाषाओमे योजक-तत्वोके बीच इस प्रकारकी मैत्री पर्याप्त महत्त्वपूर्ण है। हिन्दीमे यह मैत्री जहाँ एक ओर विशेषण और सज्ञाओसे बने हुए वाक्याशोमे देखी जाती है वहाँ दूसरी ओर उद्देश्य और विधेयमे भी पाई जाती है।

आजकी हिन्दी भाषामे भावाभिव्यक्ति अथवा व्यक्ति स्वातन्त्र्यके नामपर जो अव्यवस्था दिखाई पड रही है वह कई दृष्टियोसे चिन्त्य है। सबसे बडी चिन्ता का विषय यह है कि मैत्री निर्वाहके अभावमे भाषाका सहज उद्देश्य ही धूमिल होता जा रहा है। 'शैली' नामपर अस्पष्टता और भ्रामकता फल रही है। हिन्दीकी व्याकरण-सम्मत मैत्रीका निरूपण करनेके उपरान्त आधुनिक गद्यमे पाए जाने वाले मैत्रीमूलक अभावोका सकेत करके तज्जनित भ्रान्तियो एव अस्पष्टताओ की ओर सकेत किया जा रहा है।

४६१ उद्देश्य—विधेय मैत्री

वाक्यान्तर्गत उद्देश्य और विधेयकी वचन लिंग-पुरुषपरक मैत्री होती है।

४६११ वचनपरक

एकवचन उद्देश्य—एकवचन क्रिया

⌞लडका⌟ ⌞जाता है।⌟

→

मैने ⌞उसका घोडा⌟ ⌞देखा है।⌟

→

⌞बहिन⌟ अपने भाईके साथ ⌞जाती है।⌟

→

⌞शिक्षक⌟ लडकोके साथ फिल्म ⌞देखता है।⌟

→

└जन समुदाय┘ └जा रहा है।┘
→

मैंने └भीड┘ └देखी है।┘
→

उनमेंसे └कोई┘ └नहीं जा रहा है।┘
→

भारतके धावकोंमेंसे └कोई भी┘ उल्लेख्य स्थान प्राप्त └न कर सका।┘
→

बहुवचन उद्देश्य—बहुवचन क्रिया

└घोडे┘ └दौडते हैं।┘
→

└राम, गोविन्द और मोहन┘ └जाते हैं।┘
→

तुमने राजाके └हाथी┘ └देखे हैं।┘
→

उनमेंसे └कुछ┘ हमारी ओर └हैं।┘
→

भारतीय सम्राटोंमेंसे └कुछके नाम┘ स्वर्णाक्षरोंमें └लिखे जाएंगे।┘
→

४ ६ १ २ लिंगपरक

पुल्लिंग उद्देश्य—पुल्लिंग क्रिया

└लडका┘ └जाता है।┘
→

└आदमी┘ └जाते हैं।┘
→

मैंने └भले आदमी┘ └देखे हैं।┘
→

राजाने └सुन्दर भवन┘ └बनवाया।┘
→

प्रत्येक प्रकारकी संरचनामें लक्ष्य किया जा सके।

४६ मैत्री

वाक्यमें व्यवस्था अनिवार्य है। इसी व्यवस्थाके फलस्वरूप पारस्परिक सम्बद्धता सम्भव होती है। प्रत्येक व्यवस्थाके लिए योजक-तत्वोंमें मैत्री अपेक्षा है। बिना मैत्रीके आन्तरिक व्यवस्था प्राप्त नहीं हो सकती और बिना व्यवस्थाके व्यवस्थेयके सहज अस्तित्वका प्रश्न ही नहीं उठता। रूपान्तरणशील भाषाओंमें योजक-तत्वोंके बीच इस प्रकारकी मैत्री पर्याप्त महत्वपूर्ण है। हिन्दीमें यह मैत्री जहाँ एक ओर विशेषणों और संज्ञाओंसे बने हुए वाक्यांशोंमें देखी जाती है वहाँ दूसरी ओर उद्देश्य और विधेयमें भी पाई जाती है।

आजकी हिन्दी भाषामें भावाभिव्यक्ति अथवा व्यक्ति स्वातन्त्र्यके नामपर जो अव्यवस्था दिखाई पड़ रही है वह कई दृष्टियोंसे चिन्त्य है। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि मैत्री निर्वाहके अभावमें भाषाका सहज उद्देश्य ही धूमिल होता जा रहा है। शैलीके नामपर अस्पष्टता और भ्रामकता फल रही है। हिन्दीकी व्याकरण-सम्मत मैत्रीका निरूपण करनेके उपरान्त आधुनिक गद्यमें पाए जाने वाले मैत्रीमूलक अभावोंका संकेत करके तज्जनित भ्रान्तियों एवं अस्पष्टताओं की ओर संकेत किया जा रहा है।

४६ १ उद्देश्य—विधेय मैत्री

वाक्यान्तर्गत उद्देश्य और विधेयकी वचन लिंग-पुरुषपरक मैत्री होती है।

४६ ११ वचनपरक

एकवचन उद्देश्य—एकवचन क्रिया

⌊बच्चा⌋ ⌊जाता है।⌋

→

मैंने ⌊उसका भाषण⌋ ⌊सुना है।⌋

→

⌊चन्द्रिका⌋ सदा मार्ग साथ ⌊जाता है।⌋

→

⌊शिकार⌋ सम्भवतः साथ शिष्य ⌊लाया है।⌋

→

⌊जन समुदाय⌋ ⌊जा रहा है।⌋
→

मैंने ⌊भीड़⌋ ⌊देखी है।⌋
→

उनमेंसे ⌊कोई⌋ ⌊नहीं जा रहा है।⌋
→

भारतके धावकोंमेंसे ⌊कोई भी⌋ उल्लेख्य स्थान प्राप्त ⌊न कर सका।⌋
→

बहुवचन उद्देश्य—बहुवचन क्रिया

⌊घोड़े⌋ ⌊दौड़ते हैं।⌋
→

⌊राम, गोविन्द और मोहन⌋ ⌊जाते हैं।⌋
→

तुमने राजाके ⌊हाथी⌋ ⌊देखे हैं।⌋
→

उनमेंसे ⌊कुछ⌋ हमारी ओर ⌊हैं।⌋
→

भारतीय सम्राटोंमेंसे ⌊कुछके नाम⌋ स्वर्णाक्षरोंमें ⌊लिखे जाएंगे।⌋
→

४६१२ लिंगपरक

पुल्लिंग उद्देश्य—पुल्लिंग क्रिया

⌊लड़का⌋ ⌊जाता है।⌋
→

⌊आदमी⌋ ⌊जाते हैं।⌋
→

मैंने ⌊मन आत्मा⌋ ⌊देखे हैं।⌋
→

राजाने ⌊सुन्दर भवन⌋ ⌊बनवाया।
→

स्त्रीलिंग उद्देश्य—स्त्रीलिंग क्रिया

⌊ छात्राएँ ⌋ ⌊ पढ़ती है। ⌋
→

मुगल सम्राटाने ⌊ लाल पत्थरका इमारतें ⌋ ⌊ बनवाइ ⌋
→

उसने ⌊ विदुषी महिलाएँ ⌋ ⌊ दखी ह। ⌋
→

४ ६ १ ३ पुरुषपरक

एकवचन

⌊ मैं ⌋ जाता ⌊ हूँ। ⌋
→

⌊ तू ⌋ जाता ⌊ है। ⌋
→

⌊ वह ⌋ जाता ⌊ है। ⌋
→

⌊ मैं ⌋ जा ⌊ ऊँ ⌋ गा।
→

⌊ तू ⌋ जा ⌊ ए ⌋ गा।
→

⌊ वह ⌋ जा ⌊ ए ⌋ गा।
→

बहुवचन

⌊ हम ⌋ जाते ⌊ हैं। ⌋
→

⌊ तुम ⌋ जाने ⌊ हो। ⌋
→

⌊ वे ⌋ जाने ⌊ है। ⌋
→

⌊ हम ⌋ जा ⌊ एँ ⌋ गे।
→

∟तुम⌋ जा∟ओ⌋ग। -ओ
→
∟वे⌋ जा∟एँ⌋गे। एँ
→
∟मैं और तुम⌋ जाते ∟है।⌋ एँ
→
∟वह और मैं⌋ जाते ∟हैं।⌋ एँ
→
∟हम और तू⌋ च∟लें⌋ग। एँ-
→

जब पुरुषवाची सर्वनाम पार्थक्यवाची या के साथ आते हैं, तब क्रिया पहले पुरुषवाची प्रयोगके अनुरूप होती है।

वह या ∟मैं⌋ जा∟ऊँ⌋गा। या तो वह या ∟मैं⌋ जा∟ऊ⌋गा।
→ →
मैं या ∟तुम⌋ जा∟ओ⌋ग। या तो मैं या ∟तुम⌋ जा∟ओ⌋ग।
→ →
हम या ∟तू⌋ जा∟ए⌋गा। या तो हम या ∟तू⌋ जा∟ए⌋गा।
→ →
तू या ∟हम⌋ जा∟एँ⌋ग। या तो तू या ∟हम⌋ जा∟एँ⌋ग।
→ →

या तो या वाले प्रयोगों में जब पूरे वाक्य आते हैं, तो अलग-अलग पुरुषों के अनुरूप क्रियाएँ आती हैं।

या तो ∟वह⌋ गलतीपर ∟है⌋ या ∟मैं⌋ गलतीपर ∟हूँ।⌋
→ →
या तो ∟हम⌋ गलतीपर ∟है⌋ या ∟तुम⌋ गलतीपर ∟हो।⌋
→ →

पुरुषवाची सर्वनामोंके साथ जब समानाधिकरण प्रयुक्त होता है तब क्रिया का लिंग अथवा वचन पुरुषके अनुरूप होता है।

∟मैं⌋ तुम्हारा स्वामी—आज्ञा ∟देता हूँ।⌋
→
∟हम⌋ तुम्हारे सेवक—अपनी सेवाएँ अर्पित ∟करते है।⌋
→

⌊ वह ⌋ तुम्हारी मा—वह ⌊ रही है । ⌋
→

४ ६ २ विधेयपूरक

विधेय पूरक लिंग और वचन उद्देश्य लिंग और वचनके अनुरूप रहते हैं। क्रियाके लिंग और वचन भी तद्वत् होते हैं।

⌊ लडके ⌋ ⌊ होनहार ⌋ ⌊ सिद्ध हो रहे है । ⌋
→ →

⌊ लडकियाँ ⌋ ⌊ अच्छी ⌋ ⌊ सिद्ध हो रही है । ⌋
→ →

⌊ वे सब ⌋ ⌊ प्रवीण ⌋ ⌊ लग रहे है । ⌋
→ →

४ ६ ३ विशेषण—विशेष्य मैत्री

वचन लिंगगत (अविकारी)

अच्छा लडका अच्छी लडकी
अच्छे लडके अच्छी लडकियाँ

वचन लिंगगत (विकारी)

अच्छे लडकेने अच्छी लडकीने
अच्छे लडकोने अच्छी लडकियोने

विशेष—विशेषण विशेष्यगत मैत्री तभी संभव है जब एकवचन विशेषण विशेष्यमे पुरुष विभक्ति आ तथा स्त्री विभक्ति ई का योग हो।

४ ६ ४ संज्ञा—क्रियाविशेषण मैत्री

⌊ लडकी ⌋ ⌊ दौडती हुई ⌋ आई ।
→

मैंने ⌊ पुस्तक ⌋ मेजपर ⌊ पडी ⌋ देखी ।
→

४ ६ ५ पद मैत्रीसे रहित प्रयोग

वह/यह करते है ।
वह/यह जाएग ।

वह और यह एकवचनमूलक सवनाम हैं। अत, नियमानुसार इनके साथ क्रिया भी तद्वत ही आनी चाहिए। लेकिन रचनाआम सवनाम तो एकवचनके रहते है, क्रियाएँ आदरार्थकके नामपर बहुवचनकी प्रयुक्त होती है जसा कि उपयुक्त उदाहरणोसे ज्ञात होता है। एसे प्रयोगोस हिन्दीकी व्याकरणिक व्यवस्थाका व्याघात पहुँचता है। यह त्रुटि उसी प्रकारकी है जसी अहिन्दी भाषियोस होती ह।

हम जाता है।

तुम जाता है।

अत व्यक्ति-स्वातन्त्र्य और अनुभूतिके नामपर इनकी उपक्षा नही की जानी चाहिय।

यद्यपि म वहा गया किन्तु मन किसीसे कुछ कहा नही।

हिन्दीम बडे बडे सिद्ध लखकोंकी रचनाआम इस प्रकारकी असमीचीन सरचनाए पाइ जाती है। यह भूल उसी प्रकारकी है जिस प्रकारकी अग्रेजीको Though और But की। यद्यपि के साथ तथापि या तो भी का प्रयोग होना चाहिय, क्योकि जो ध्वनि यद्यपि म रहती है, उसकी मैत्रीका तथापि तो भी म निर्वाह होता है, किन्तु परन्तु का प्रयोग समीचीन नही कहा जा सकता।

मैं तुमस क्षमा मागते मनाते गिडगिडाते हार गया हूँ।

इस वाक्यका अन्वय करनके उपरान्त इस तीन स्वतन्त्र वाक्योम रखकर व्याकरणिक दृष्टिस पाइ जानेवाली असंगतिकी ओर सकेत किया जा रहा है।

मैं तुमस क्षमा माँगते हार गया हूँ।

मैं तुमस मनाते हार गया हूँ।

मैं तुमसे गिडगिडाते हार गया हूँ।

सरचनाकी दृष्टिस तीनो वाक्योम दोष है। मत्री और व्यवस्थाकी दृष्टिस इनक रूप इस प्रकार होन चाहिए।

मैं तुमसे क्षमा मागता () हार गया हूँ।

मैं तुम्ह मनाता () हार गया हूँ।

मैं तुम्हारे सामने गिडगिडाता () हार गया हूँ।

सूत्र रूपम कह सकत है।

माँगत (अशुद्ध) माँगता ( ) (शुद्ध)

तुमसे मनाते (अशुद्ध) तुम्ह मनाता ( ) (शुद्ध)

तुमस गिडगिडाते (अशुद्ध तुम्हारे सामने गिडगिडाता ( ) (शुद्ध)

पति-पत्नी अनायास एक-दूसरेके प्रति कुछ थोडा-सा विरक्त हो जाते हैं।

पति-पत्नी एक-दूसरेके प्रति कुछ थोडा-सा विरक्त हो जाते हैं।

पति पत्नी एक दूसरेके प्रति थोड़ा-सा विरक्त हो जाते हैं।
पति पत्नी एक दूसरेके प्रति थोड़ा सा विरक्त हैं।
पति-पत्नी थोड़ा सा विरक्त हैं।

उपयुक्त उदाहरणमें थोड़ा सा चिन्त्य प्रयोग है। हिन्दीमें आकारान्त विशेषण बहुवचनमूलक अविकारी विशेष्य अथवा एकवचनमूलक विशेष्यके साथ आकारान्तके स्थानपर एकारान्त हो जाते हैं। विरक्त अकारान्त है, इसलिए इसके एकवचन और बहुवचन रूपमें कोई अन्तर नहीं आयेगा लेकिन बहुवचनकी क्रिया होनेके नाते तथा उद्देश्य (पति-पत्नी)के साथ सम्बद्ध होनेके कारण विरक्त बहुवचनका प्रयोग है, इसलिए विशेषण (अकारान्त) का लिंग वचन-परिवर्तन हिन्दीके नियमानुसार थोड़े से होना चाहिए न कि थोड़ा सा।

हम उस रूमालको हिला रहे थे और चप्पल बीच हवामें ऊपर नीचे झूलती थी।

उपयुक्त संयुक्त वाक्यमें एक ही प्रसंग है। रूमालमें चप्पलें बंधी हुई हैं चप्पलें हवामें झूल रही हैं। यदि रूमाल हिलनेमें निरन्तरता है तो चप्पलोंके झूलनेमें भी नैरन्तर्य होना चाहिए। प्रस्तुत उदाहरणमें पहले उपवाक्यसे कार्यके भूतकालमें नैरन्तर्यका बोध हो रहा है जब कि दूसरे उपवाक्यमें कार्यकी समाप्ति ध्वनित होती है यह काल-सम्बन्धी असंगति है। वास्तवमें प्रयोग यह होना चाहिए था—

हम उस रूमालको हिला रहे थे और चप्पलें बीच हवामें ऊपर नीचे झूल रही थीं।

सूत्र रूपमें कहा जा सकता है।

∟ हिला रहे थे ⌟	∟ झूलती थी। ⌟ (अशुद्ध)
∟ हिला रहे थे ⌟	∟ झूल रही थी। ⌟ (शुद्ध)

व्याकरणिक व्यवस्थासे मुक्त प्रयोग वहीं स्वीकार्य हो सकते हैं जहाँ वे तर्क पर आधृत हों तथा भाषाकी जीवन्तताको बनानेमें सहायक हों। इसके अतिरिक्त नवीन प्रयोगोंके लिए कोई अवकाश नहीं है।

वाक्यकी सन्निध इकाइयोंकी मैत्री अनिवार्य है चाहे वे पद हों चाहे वाक्यांश या उपवाक्य। मैत्री वाक्य-योजनाकी दृष्टिसे निश्चय ही अनिवार्य है।

४७ पदसक्रियतामूलक वाक्य-रचना

हिन्दी वाक्यका विवेचन विश्लेषण परम्परागत व्याकरणकी मान्यताओंके अनुरूप होता रहा है। वाक्यान्तर्गत पदोंकी सापेक्ष व्याख्या होती रही है। पद वा व्याख्यामें पदोंकी स्थिति-सापेक्ष नामोंका उल्लेख कर दिया जाता रहा है।

भाषाविज्ञानसे प्रभावित होकर क्रम, मन्त्री व्यवस्था निकटस्थ अवयव आदि पद्धतियासे भी अध्ययन हुआ है। ये सब व्याकरणिक और भाषावैज्ञानिक पद्धतिया एक दूसरेकी पूरक है। किन्तु भाषाकी जीवन्तताका इनमेसे किसी भी पद्धतिमे महत्त्व नही मिला। भाषामे प्रयुक्त पद, वाक्याश उपवाक्य आदि निष्क्रिय एव निष्प्राण तत्त्व नही है। इन सबमे अलग-अलग और एक साथ मिलकर एक सजीवता एव सक्रियता रहती है।

परम्परासे अलग वाक्यकी आवश्यकताका महत्त्व सिद्ध करनेके लिए निम्नलिखित प्रयोग लिए जा रहे है। इनसे भाषाकी जीवन्तताके रहस्यका कुछ सकेत मिल सकता है।

धनसे ही कलाका आरम्भ होता है।

भौतिकता प्रधान इस युगमे धन ही सर्वोपरि शक्ति है।

उसने अपना सब धन नगर की शिक्षा-सस्थाओको दे दिया।

परम्परागत व्याकरणकी दृष्टिसे धन सज्ञा है। उपर्युक्त तीनो वाक्यामे भी यह सज्ञाकी ही भाति प्रयुक्त है। प्रथम वाक्यमे धन करण है द्वितीयमे उद्देश्य तथा तृतीयमे मुख्य-कर्म। इस प्रकार धन एक अधीन प्रयोग है तथा विभिन्न सक्रियता मूलक तत्त्वोपर अवलम्बित है। अत परम्परासे अलग सक्रियताके आधारपर वाक्यका अध्ययन नितान्त अपेक्षित हो गया है। हिन्दी वाक्यका प्रस्तुत अध्ययन इसी दृष्टिसे किया जा रहा है।

४ ७ १ सक्रियता

इस दृष्टिसे वाक्यका आधार उसकी योजक इकाइया हैं जिन्हे स्वतन्त्र और परतन्त्र दो वर्गोमे रखा जा सकता है। इन इकाइयोके अतिरिक्त सक्रिय तत्त्वोका परीक्षण भी इस अध्ययन प्रविधिके अन्तर्गत अनिवार्य है।

४ ७ १ १ स्वतन्त्र इकाइयाँ

भाषावैज्ञानिक दृष्टिसे स्वतन्त्र इकाइयाँ वे हैं जो वाक्यमे आदि मध्य आदि अवस्थाओमे कही भी आ सकती हैं। वाक्यान्तर्गत स्थान ग्रहणकी इस स्वतन्त्रतासे वाक्यके मौलिक अर्थमे किसी प्रकारका अन्तर नही आता।

मैं कल अपना काम समाप्त कर लूँगा।

कल मैं अपना काम समाप्त कर लूगा।

अपना काम मैं कल समाप्त कर लूगा।

मैं अपना काम कल समाप्त कर लूगा।

उपर्युक्त चारों वाक्योंमें कलके स्थानान्तरणके उपरान्त भी अर्थमें कोई अन्तर नहीं आया है। आज, कल, सदैव, नित्य आदि अनेक ऐसे तत्त्व है, जिन्हें हम स्वतन्त्र इकाई कह सकते हैं।

इनके अतिरिक्त अविकारी एवं विकारी पुरुषवाचक सर्वनाम भी स्वतन्त्र इकाइयोंके समान प्रयुक्त होते हैं।

वह आज यात्रा करेगा।
आज वह यात्रा करेगा।
तुम एक घण्टेमें लौट आना।
एक घण्टेमें तुम लौट आना।
उससे मुझे कोई लाभ नहीं।
मुझे उससे कोई लाभ नहीं।

४७१२ परतन्त्र इकाइयाँ

परतन्त्र इकाइयाँ एकाकी प्रयुक्त नहीं हो सकती। इनके प्रयोग हेतु किसी न किसी सक्रिय इकाईकी आवश्यकता पड़ती है।

गाँवमें एक बुड्ढा आदमी रहता था।

उपर्युक्त प्रयोगमें गाँव परतन्त्र इकाई है क्योंकि सक्रिय इकाई मेंके अभावमें इसके इस विशिष्ट प्रयोगकी सम्भावना ही नहीं हो सकती। हम यह नहीं कह सकते कि गाँव एक बुड्ढा आदमी रहता था। स्पष्ट है कि सक्रिय इकाइयोंके प्रयोग बिना पदसिद्धि नहीं हो सकती।

जब परतन्त्र इकाई सक्रिय इकाईके योगसे प्रयोगके योग्य बनती है तब वह समूची सिद्धि स्वतन्त्र इकाइयोंके रूपमें परिणत हो जाती है। इसका उल्लेख स्वतन्त्र इकाई शीर्षक अन्तर्गत किया जा चुका है।

४७२ सक्रिय इकाइयाँ

हिन्दी वाक्य रचनामें सक्रिय इकाइयाँ वे हैं जो परतन्त्र इकाइयोंको प्रयोगार्ह योग्य बनाती हैं तथा वाक्योंके निर्माणमें सहायक होकर उन्हें स्वतन्त्र इकाई बनानेमें योग देती हैं। [illegible] सभी परसर्ग सक्रिय इकाइयाँ हैं। [illegible] [illegible], -आ-ईआ, आदि [illegible] अधिकारवाची [illegible] का निर्माण होता है। ये सक्रिय इकाइयाँ आसन्न वाला कड़ियाँ हैं।

राजाकी राजधानी दिल्ली था।
दिल्ली राजाकी राजधानी था।

तुम्हारे घरमें चार कमरे हैं।
चार कमरे तुम्हारे घरमें हैं।
वह अपना काम कर रहा है।
अपना काम वह कर रहा है।
मेजके पास घड़ी रखी है।
घड़ी मेजके पास रखी है।

४७३ शून्य रूपान्तर

सक्रिय इकाइयाँ शून्य रूपान्तरकी भाँति भी प्रयुक्त होती हैं।
वह स्कूल जाता है।
मैं अपनी पुस्तक पढ़ता हूँ।

उपर्युक्त प्रयोगोंमें स्कूल और पुस्तकमें शून्य रूपान्तरोंका योग है। व्याख्याकी दृष्टिसे यह कहा जा सकता है कि स्कूल—स्कूलको तथा पुस्तक—पुस्तकको समझना चाहिए।

स्वतन्त्र और परतन्त्र इकाइयोंके सम्बन्धमें यह भी जानना है कि वाक्यांशमें सक्रिय इकाईके अतिरिक्त जो पद होता है वह अलगसे विचार करनेपर परतन्त्र प्रतीत होता है लेकिन जब वाक्यांश एक स्वतन्त्र इकाईके रूपमें रखा जाता है तब पूरा वाक्यांश ही स्वशासित हो जाता है। जब हम किसी बड़े वाक्यमें आनेवाले छोटे वाक्योंको एक स्वतन्त्र इकाईके रूपमें स्वीकार करते हैं तो निश्चय ही वाक्यगत वाक्यांश भी स्वतन्त्र इकाई है। इस प्रकार परतन्त्र और स्वतन्त्र इकाइयाँ सापेक्ष हैं निरपेक्ष नहीं। अन्तर यही है कि कुछ सदा स्वतन्त्र हैं और कुछ इकाइयोंकी कोटिका निर्णय सन्दर्भसे होता है।

४८ रूपान्तरण

हिन्दीमें रूपान्तरण दो प्रकारसे सम्भव है—संरचनात्मक और अर्थमूलक। संरचनात्मक रूपान्तरणमें अभिप्रेत अपरिवर्तित रहता है, लेकिन अर्थमूलकमें संरचनात्मक प्रकृति तो अपरिवर्तित रहती है किन्तु अर्थ बदल जाता है। प्रत्यक्ष-कथन संरचनात्मक रूपान्तरणके निदर्शन हैं।

४८११ ऋजु

(सामान्य) —उसने मुझसे कहा— तुम मूर्ख हो।
वह सोच रहा था— मैं नाटकोंकी दुनियासे लौट रहा हूं।
(प्रश्न) —उसने मुझसे पूछा— तुम क्या चाहते हो ?
(इच्छा) —मैंने उससे कहा— तुम्हें यह काम कर लेना चाहिये।
(विस्मय) —मैंने उससे पूछा— अच्छा ! तुम जा रहे हो।
(आदेश) — मैंने तुमसे कहा— तुम अभी चले जाओ।
(निषेध) —मैंने उससे कहा— तुम अभी मत जाओ।

उपर्युक्त सभी उदाहरणोंमें सूचक और सूचित दो अलग अलग वाक्योंकी भांति प्रयुक्त हैं। इस प्रकारकी स्वतन्त्र रचनाओंका अध्ययन पर्याप्त विस्तारके साथ किया जा चुका है। लेकिन वक्रकथनमें कुछ संरचनात्मक परिवर्तन होते हैं। वक्रकथनमें या तो वक्ता स्वयं अपने पूर्वकथनको यथावत प्रस्तुत न करता हुआ इसपद्धतिका प्रयोग करता है या कोई अन्य व्यक्ति सूचितांशको वक्रकथनके रूपमें प्रस्तुत करता है। हिन्दी भाषामें वक्रकथन पद्धति उसी प्रकारकी नहीं है जिस प्रकारकी अंग्रेजीमें है। अंग्रेजीमें सूचक कथनमें सम्बोधित पुरुषकी छायामें सूचित कथनका पुरुष निश्चित होता है। साथ ही सूचक कथनका काल सूचित कथनके कालका निश्चय करता है। हिन्दीमें यह सब नहीं होता। इसमें तो केवल सूचक और सूचित कथन कि अव्ययके द्वारा जुड़ जाते हैं तथा इस प्रकार सूचित कथन अपना स्वतन्त्र अस्तित्व छोड़कर सूचक कथनका आश्रित बन जाता है। सामान्यतया यह संज्ञाउपवाक्यका रूप ग्रहण कर लेता है। यह रूपान्तरण पद्धति सभी प्रकारके वाक्योंपर समान रूपसे लागू होती है।

४८१२ वक्र

(सामान्य कथन) उसने मुझसे कहा कि तुम मूर्ख हो।
वह सोच रहा था कि मैं नाटकोंकी दुनियासे लौट रहा हूं।
(प्रश्न) उसने मुझसे पूछा कि तुम क्या चाहते हो ?
(इच्छा) मैंने उससे कहा कि तुम्हें यह काम कर लेना चाहिए।
(विस्मय) मैंने उससे विस्मयके साथ पूछा कि क्या वह जा रहा है।
(आदेश) मैंने उससे कहा कि तुम अभी जाओ।
(निषेध) मैंने उससे कहा कि तुम अभी मत जाओ।

कभी कभी ऐसा भी होता है कि अंग्रेजी रचनाके प्रभावानुसार सूचक कथनमें

सम्बोधित पुरुष ही सूचित कथाका पुरुष हो जाता है।

उसे अनुभव हो रहा था कि मैं नाटककी दुनियासे लौट रहा हूँ।

(हिन्दी-रचना-पद्धति)

उसे अनुभव हो रहा था कि वह नाटककी दुनियासे लौट रहा है।

(अंग्रेजी हिन्दी रचना-पद्धति)

अंग्रेजी प्रभाव हिन्दीपर पुरुष परिवर्तन तक ही सीमित है। क्रियामें जो परिवर्तन होता है वह पुरुषके अनुरूप ही होता है। उपर्युक्त उदाहरणोंमें 'मैं हूँ' का प्रयोग है दूसरे में 'वह है' का प्रयोग है। इसीलिए इस रूपान्तरण को अंग्रेजी हिन्दी रचना-पद्धतिपर स्वीकार किया गया है। निश्चित रूपसे रचनामें सूचित कथाका वक्र रचनाओंमें वही रहता है जो ऋजु रचनाओंका होता है।

८ ८ १ ३ सीमान्तिक विराम

ऋजुकथनाके दो स्वतन्त्र वाक्योंके बीच सीमान्तिक विराम होता है। इसे दो खड़ी रेखा (॥) के द्वारा दिखाया जा रहा है। वक्रकथनामें विराम अपेक्षाकृत कम लम्बा होता है। इसे कि के पूर्व एक खड़ी रेखा (।) के द्वारा अंकित किया जा रहा है।

ऋजु ⌊उसे अनुभव हो रहा था⌋[1] ⌊ मैं नाटककी दुनियासे लौट रहा हूँ। ⌋

= ⌊१⌋ ॥ ⌊२⌋ #

वक्र ⌊उसे अनुभव हो रहा था⌋[1] ⌊(कि) वह नाटककी दुनियासे लौट रहा है।⌋[2]

= ⌊१⌋ । ⌊२⌋ #

⌊उसे अनुभव हो रहा था⌋[1] ⌊(कि) मैं नाटककी दुनियासे लौट रहा हूँ।⌋[2]

= ⌊१⌋ । ⌊२⌋ #

४ ८ २ अर्थमूलक

हिन्दीमें अर्थमूलक रूपान्तरण क्रियाके विस्तारसे सम्बद्ध है। जहाँ यह विस्तार संयुक्तवाक्य योगसे होता है वहीं वह मुक्त रूपतत्त्वके योगसे। इस प्रकारके विस्तारमें वही मुख्य क्रिया निष्पन्न होता है जो संयुक्त क्रिया और वही मुख्य अथवा संयुक्त क्रियाका क्रियाविशेषणमूलक विस्तार होता है।

४८२१ पद्धति

सामान्यतया हिन्दीमें अथमूलक रूपान्तरण निम्नलिखित पद्धतिपर होता है।
सामान्य विधान सूचना विस्मय → रह + ता है।
प्रश्न → रह + ता है ? (क्या कब कौन कहाँ क्या कैसे आदि)
निषेध → रह + ता है। (नहीं)
इच्छा, आज्ञा, सुझाव → रह + ए।
संकेत → रह + ता तो होता।
चेतावनी ध्यानाकर्षण → रह + ना चाहिए।
सन्देह → रह + आ हो/होगा।
निम्नलिखित वाक्यमें अथमूलक रूपान्तरण दिखाया जा रहा है।
सामान्य—वह लक्ष्य प्राप्तिके हेतु कार्य संलग्न रहता है।
सूचना—वह लक्ष्य प्राप्तिके हेतु कार्य-संलग्न रहता है।
विधान—वह लक्ष्य प्राप्तिके हेतु कार्य संलग्न रहता है। (प्रसंगसे ज्ञात)
विस्मय—वह लक्ष्य प्राप्तिके हेतु कार्य संलग्न रहता है।
प्रश्न—(क्या) वह लक्ष्य प्राप्तिके हेतु कार्य-संलग्न रहता है?
निषेध—वह लक्ष्य प्राप्तिके हेतु कार्य-संलग्न नहीं रहता है।
इच्छा—वह लक्ष्य प्राप्तिके हेतु कार्य संलग्न रहे।
आज्ञा—वह लक्ष्य प्राप्तिके हेतु कार्य संलग्न रहे।
सुझाव—वह लक्ष्य प्राप्तिके हेतु कार्य संलग्न रहे।
संकेत—वह लक्ष्य प्राप्तिके हेतु कार्य-संलग्न रहता तो अच्छा होता।
चेतावनी या ध्यानाकर्षण—उसे लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्य संलग्न रहना चाहिये।
सन्देह—वह लक्ष्य प्राप्तिके हेतु कार्य संलग्न रहा हो/होगा।

अथमूलक रूपान्तरणमें भाव अथवा प्रयोजनमें महत्त्वपूर्ण अन्तर आ जाता है। यह बात निश्चित पद्धतिका अध्ययन करनेसे स्पष्ट हो जाता है। भाव अथवा प्रयोजनको व्यक्त करनेका कोई सामान्य विधान लेखन प्रक्रियामें नहीं है। जब इनका श्रोतासे उच्चारण होता है तब वक्ता अतिखंडीय अथमूलक ध्वनियोंका प्रयोग करता है।

४६ रूपान्तरणमूलक पद्धति

बीजवाक्य और निकटस्थ अवयव शीर्षकके अन्तर्गत यह स्पष्ट किया जा चुका है कि भाषामें कुछ आधारभूत बीजवाक्य और कुछ अबीजवाक्य पाए जाते हैं। अबीजवाक्य मात्रामें कम होते हैं तथा प्रयोक्ता अपने परिवेशमें प्रचुर प्रयोगसे स्वयं ही अबीजवाक्योंकी बारीकियां जान लेता है।

बीजवाक्य भाषाके आधार हैं। भाषा शिक्षणमें इनका योगदान सर्वाधिक है। ये वाक्योंकी संरचनाको स्पष्ट करते हैं। इन बीजवाक्योंका विस्तार भी हो सकता है और इनका रूपान्तरण भी सम्भव है। सामान्य कथनमूलक बीजवाक्य कुछ खण्डीय अथवा अतिखण्डीय तत्त्वोंके योगसे निषेधमूलक प्रश्नमूलक विस्मयमूलक आदि अनेक प्रकारके वाक्योंमें रूपान्तरित हो जाते हैं।

राम वहां जाता है।

राम वहां नहीं जाता।

राम वहां जाता है ?

राम वहां जाता है !

प्रस्तुत वाक्योंमें प्रथम वाक्य एक सामान्य कथनमूलक बीजवाक्य है। नहीं, ?, ! आदि खण्डीय और अतिखण्डीय तत्त्वोंके योगसे यह बीजवाक्य निषेध प्रश्न और विस्मयसूचक वाक्योंमें रूपान्तरित हो गया है।

प्रत्येक बीजवाक्यमें संज्ञावाक्यांश और क्रियावाक्यांश अनिवार्य हैं। संज्ञा वाक्यांशोंमें कर्ता मुख्य कर्म गौण कर्म करण अपादान, अधिकरणसूचक सक्रिय इकाइयां आती हैं तथा क्रियावाक्यांशोंमें क्रियाएं तथा क्रियाविशेषण आते हैं। सर्व प्रथम वाक्यांशोंके आधारपर संक्षिप्त और दीर्घ साधारण वाक्योंका विवेचन किया जा रहा है (४६१)। इसके बाद मिश्र (४६२) और संयुक्त-वाक्योंका (४६३) विश्लेषण है।

प्रारम्भिक अवस्थामें वक्ता साधारण वाक्योंमें ही अपना मन्तव्य व्यक्त करता है। धीरे धीरे प्रयोग क्षमता बढ़नेके साथ-साथ मिश्र एवं संयुक्त वाक्योंका प्रयोग भी बढ़ जाता है। निस्सन्देह एकाधिक साधारण वाक्योंकी अपेक्षा मिश्र या संयुक्त वाक्यमें कही हुई बातका प्रभाव अधिक होता है। इस बात को ध्यानमें रखकर साधारण वाक्य→मिश्रवाक्य (४६४) तथा साधारण वाक्य→संयुक्त वाक्य (४६५) उपशीर्षकोंके अन्तर्गत पहले एकाधिक साधारण वाक्योंका अलग अलग विश्लेषण किया गया है। इसके बाद उन्हीं साधारण वाक्योंके मिश्र या संयुक्तमें रूपान्तरित हो जानेके बाद उस पूर्ण अर्थवानके मिश्र या संयुक्त वाक्यका

विश्लेषण दिखाया गया है। इस विश्लेषणसे यह स्पष्ट हो जाता है कि कोई भी मन्तव्य एकाधिक साधारण वाक्योंमें बटकर व्यक्त होनेपर उतना पूर्ण और प्रभाव शाली नहीं रहता जितना एक मिश्र या संयुक्त वाक्यमें। साधारण वाक्यके बाद आनेवाला विराम अभिव्यंजना क्षमता और वक्तव्यकी तीव्रतापर भी एक विराम लगा देता है जिससे प्रभाव निश्चय ही घट जाता है।

इस विश्लेषणमें अन्तिम वाक्य (४६६) एकाधिक मिश्र तथा संयुक्त वाक्यों से मिलकर बना है। यह वाक्य उन दीर्घ वाक्योंका सूचक है जो अपनी तीव्रता और प्रभावकी रक्षा हेतु विराम-योजनासे दूर रहते है। यदि यह वाक्य छ साधारण वाक्योंमें लिख दिया जाए तो वक्ताका अभिप्राय स्पष्ट नहीं हो पाएगा। उसके वक्तव्यका प्रभाव और तीव्रता समाप्त हो जाएगी तथा श्रोताका प्रमुख उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। वक्ताका अभिप्राय अपेक्षित रूपमें प्रेषित नहीं हो पाएगा।

४६१ साधारण वाक्य

आदमियोंको बहुत पीटा गया।
वा०
क्रियांश
क्रिवि०
बहुत
पीटा गया
१
२
3
रामने रावणको मारा।
वा०
क्रियांश
क्रि०
मारा
१
२
३

आत्मरक्षाका कोई अस्त्र या कवच नहीं है।

\# वा० #

सवांश — विधांश

क

वि० वि० स० — विवि० वि०

आत्मरक्षाका | कोई | अस्त्र या कवच | नहीं | है

१ २ ३ ४ ५

दूसरी बात एक दूसरे प्रयोगसे नेपालमें मालूम हो सकी।

सितार दौरान भरा ज्यादा भुलाव भागाआवी और था।

रोशनीकी किरणें दस पाँच आँगनमें आ गई हैं।

रोशनीकी किरणें दबे पाँव आँगनमें आ गई है।
वा०
सर्वांश
क्रियांश
क
ख
सवांश
क्रियांश
वि०
स०
स०
वि०
स०
संयुक्रि०
सहाक्रि०
रोशनीकी
१
किरणें
२
आँगनमें
३
दबे
४
पाँव
५
आ गई
६
है
७

४६२ मिश्र वाक्य

कोई समय था जब वनानिकोंकी बोलती भी इन प्रश्नोंसे बन्द हो जाती थी।

\# वा० ∨ वा० #

सवाश क्रिवाश — सवाश क्रिवाश

वि० स० क्रि० — वि० सवाश — वि० स० — संयुक्रि० सहाक्रि०

कोई	समय	था	जब	वनानिकोंकी	बोलती भी	इन	प्रश्नोंसे	बन्द हो जाती	थी
१	२	३	∨	४	५	६	७	८	९

४६३ संयुक्त वाक्य

ऊपर आसमानमें तारे हैं और नीचे दूर तक समुद्र दिखाई पड़ता है।

४६४ साधारण वाक्य→मिश्रवाक्य

४६५ साधारणवाक्य→संयुक्तवाक्य

उसने पाठशालामें जाकर अध्यापकसे प्रार्थना की थी।

वह पाठशालामें गया और उसने अध्यापकसे प्रार्थना की थी।

वे देहली गए हैं। वहाँ वे चार दिन ठहरेंगे।

वे देहली गए हैं, जहाँ वे चार दिन ठहरेंगे।

४.६.६ संयुक्तवाक्य (एकाधिक

साधारण एवं मिश्रवाक्य)

करवट लेकर ज्यादा देर लेट नहीं पाता क्योंकि

वा०

सवांश क्रियांश

सर्व० सवांश क्रिवि० क्रिवि० मुक्रि० क्रिवि० सहाक्रि०

( ) | करवट लेकर | ज्यादा | देर | लेट | नहीं | पाता | क्योंकि

कूल्हे की हड्डी दर्द देकर गड़ती है।

५.११ सुर विधान

हिन्दीका सुर विधान, स्वर-नियमोंमें पाई जानेवाली विभिन्नताकी दृष्टिसे १ से लेकर ४ तक अवस्थित रहता है। यदि स्तरकी स्थितिको २ के द्वारा व्यक्त किया जाए तो ३ और ४ को आरोहमूलक और १ को अवरोहमूलक कहना समीचीन होगा।

५.१२ सीमान्तिक रेखाएँ

सीमान्तिक रेखाएँ सुर-योजनाके अनुरूप निर्मित होती हैं। एक ही प्रकारकी संरचनाओंमें प्रयोजनकी दृष्टिसे सुर-योजना भिन्न होनेपर भिन्न सुर रेखाएं बनती हैं। तू चला वाक्यको लेकर सीमान्तिक रेखाओंकी परिवर्तनमूलक निर्मितियां अंकित किया जा रहा है।

२ २
तू चला। (सामान्य कथन) — — = #

२ ३
तू चला? (प्रश्न) — — + #

३ २
तू चला (विस्मय) — — + #

२ ३
तू चला (खेद) — — + #

दूसरे और चौथे वाक्योंकी सामान्तिक रेखाओंमें स्थूल दृष्टिसे कोई भेद नहीं है। लेकिन सूक्ष्म दृष्टिसे देखनेपर इनमें परिणतिमूलक भेद देखा जा सकता है। दूसरा वाक्य प्रयोजनकी दृष्टिसे प्रश्नमूलक है चौथा खेदमूलक। दूसरेमें सुर २ से ३ पर पहुँचकर कुछ रुककर विरामकी स्थितिपर पहुँचा है, चौथेमें भी सुर २ से ३ पर पहुँचा है। लेकिन यहाँ ३ की स्थिति देर तक बनी रहकर विरामकी स्थितिपर पहुँची है। विरामकी स्थितिसे पूर्व ठहरावकी स्थिति अन्तमें अवरोहमूला हो गई है जिसे योगके चिह्न (+) के बाद ऋणके चिह्न (—) के द्वारा अंकित किया गया है।

सुरमूलक दृष्टिसे

प्रथम / २→२=#
द्वितीय / २→३+#
तृतीय / ३→२+#
चतुर्थ / २→३+—#

नीचे कतिपय अन्य उदाहरण लेकर निदीम सुरकी स्थितिको देखनका प्रयत्न किया जा रहा है।

२ २ ३ ४
हरि घर गया ?

—— + #

संरचनात्मक रूपमें यह वाक्य कथनमूलक है, लेकिन प्रयोजनकी दृष्टिसे यह वाक्य प्रश्नमूलक है। ऐसी स्थितियोंको विशिष्ट ही माना जा सकता है सामान्य नहीं। प्रस्तुत उदाहरणमें स्तरीय दृष्टि घर तक है अर्थात सुरकी दृष्टिसे हरि और घर समान स्तरपर है, गया क्षिप्रतर सुर है। इस प्रकार उक्त उदाहरणमें हरि और घर सुरात्मक दृष्टिसे एक परिवृत्तमें है, गया दूसरेमें।

२ ३ ४ १
हरि घर गया ?

इस उदाहरणमें हरिपर स्तरीय सुर है। यह वाक्य आरोही सुरमूलक है हरिकी अपेक्षा घरपर सुर क्षिप्रतर और गयाके ग पर क्षिप्रतम है। या तक पहुँच कर सुर अवरोहमूली होकर परिणतिके समय १ पर पहुँच गया है। इस वाक्यमें विस्मय-समन्वित प्रश्न है।

२ ३ २ १ १ १ १ १ १
'मैं करता हूँ', मोहनने कहा।

—||—————#

इस उदाहरणमे पहले उपवाक्यका अन्तिम सुर-स्तर ही अगले उपवाक्यमे अवरोहमूलक हो गया है।

२ २२ ३ २ २ ३ २ १
मोहनने कहा "मैं करता हूँ।"

—— —— —— ¯¯ ——|| —— ¯¯ —— —— #

इस वाक्यमे पहले उपवाक्यका अन्तिम सुर-स्तर दूसरे वाक्यके प्रथम सुर-स्वर तक प्रसरित है। आगे उसमे अपेक्षाकृत अधिक क्षिप्रता आ गई है, जो तुरन्त अवरोही होकर अन्तमे १ पर आकर परिणतिको पहुच गई है।

२ २ ३ २ ३ ३ २ १ ४ ३ २ २ १
तुम्हारेलिये ! जी चाहता है सब कुछ कर डालू।

इस उदाहरणमे भावावेशमूलक विभिन्न स्थितियाँ हैं। वाक्याशो और उपवाक्योकी इस सरचनामे प्रथम वाक्याशमे स्नेहमूलक सम्बोधन है। इसमे लिए के आदि भागपर अपेक्षाकृत क्षिप्रतर सुर है जो अपेक्षित उतारके कारण स्तरीय सुर पर आ गया है। दूसरे उपवाक्यमे एकाक्षरी पद जी पर सुर फिर क्षिप्रतर होकर चाहता के आदि भाग चाह तक जाकर स्तरपर आ गया है। है तक पहुँचते-पहुँचते यह अवरोही होकर स्तरीय-सुरसे भी नीचे पहुँच गया है। तीसरे वाक्याश सब कुछ मे सब पर सुर क्षिप्रतम हो गया है, तदुपरान्त कुछ पर अवरोही होता हुआ अन्तिम वाक्याशके कर पर स्तरीय होकर डालू के आदि भाग तक प्रसरित होता हुआ लूँ पर पहुँचकर स्तरसे भी नीचे पहुँच परिणतिको प्राप्त होकर समाप्त हो गया है। सुर की विभिन्न सापेक्षिक स्थितियाँ और क्षेत्रगत वविध्यको दिखानेकेलिए ही यह वाक्य लिया गया है। हिन्दी भाषामे ऐसी अनेक स्थितियाँ सम्भव है। सुर परिवर्तन क्षेत्र अनुभूति एव विचारणाका अनेकताके कारण विविधतापूर्ण है लेकिन क्षिप्रतम स्थिति ४ तककी ही सम्भावित है। गिरते गिरते वह १ तक भी आ जाती है।

विचारणीय बात यह है कि सामान्यतया सुर स्तरसे शुरू होते हैं। ये मध्यम क्षिप्रतर अथवा क्षिप्रतम विशिष्ट स्थितियाम ही सम्भव हैं। उपान्त्यम क्षिप्रतर अथवा क्षिप्रतम स्थिति सम्भव बनी रहती है। सहायक क्रियाओ तक पहुँचते पहुँचते सुरकी स्थिति स्तरसे भी नीचे चली जाती है। यदि वह १ तक नही पहुँचती है तो अवरोहमूला हो परिणतिको प्राप्त अवश्य हो जाती है। उक्तिके अन्तम दीर्घ स्वरमूलक अक्षर प्राय अवरोही हो जाते हैं। प्रश्न अथवा विस्मय अथवा तीक्ष्ण सन्देहकी स्थितिम ही इसके विपरीत स्थिति देखनेको मिलती है।

५२ हिन्दी-वाक्य और बलाघात

बलाघात भी एक अतिखडीय औद्भूति है। वक्ताके अभिप्रायसे अनुप्राणित होकर बलाघात सामान्य भाषाम एक नया अर्थ भर देता है।

हिन्दीमे बलाघात दो प्रकारका पाया जाता है—**शब्दान्तर्गत अक्षरमूलक, वाक्यान्तर्गत शब्दमूलक।** प्रस्तुत अध्ययन हिन्दी वाक्यसे सम्बद्ध है, अत यहा वाक्योंमे पाए जानेवाले बलाघातपर विचार करना ही अभिप्रेत है।

५२१ सुर और बलाघात

सुर और बलाघातम अत्यन्त सूक्ष्म अन्तर है। सुरम आरोह अवरोहमूलक सम्बन्ध निर्वाहपर विशेष बल दिया जाता है, बलाघातमे शब्द विशेषपर अधिक बल दिया जाता है अर्थात बलाघातम स्वर-तन्त्रियोम खिचाव आ जाता है। सुरमूलक स्थितिम स्वर-तन्त्रियोम उदात्त, अनुदात्त स्वरितके अनुरूप लचीलापन रहता है। उदाहरण देकर मन्तव्यको स्पष्ट किया जा रहा है।

रा́म सडकपर जा रहा है।

इस वाक्यम **राम** पर बलाघात होनेसे **सडकपर कौन जा रहा है** ?—प्रश्नका उत्तर मिल रहा है। इसके विपरीत यदि हम बल जा रहा पर दें तो—**राम सडक पर क्या कर रहा है** ? प्रश्नका उत्तर मिलेगा—

राम सडकपर जा रहा́ है।

५२२ वाक्यान्तर्गत बलाघात

हिन्दीम **वाक्यान्तर्गत बलाघात** तीन प्रकारके पाए जाते हैं—**प्राथमिक' द्वितीय तृतीय।**

हिन्दीम प्राथमिक बलाघात प्राय दो उपवाक्योंके संयोजक-तत्त्वोम पाया

जाता है।

रामने जाते ही कहा कि मैं नहीं जाऊँगा।

गोविन्दसे कह दो कि वह इधर न आए।

राम जानेको तैयार बैठा है पर जा ही नहीं सकता।

सामान्यतया हिन्दीमें बलाघात संज्ञापद और क्रियापदपर रहता है। संयोजक तत्त्वोंपर पाया जानेवाला यह बलाघात विशेष स्थितिमूलक है।

५ २ ३ एकपदीय वाक्य

बलाघात एक शब्द वाले वाक्योंमें भी पाया जाता है।

राम।

ठहरो।

५ २ ४ नाटकीय सम्वाद

नाटकोंमें जब कथन उत्तेजनात्मक होता है तब बलाघातका पर्याप्त महत्त्वपूर्ण स्थान रहता है।

अम्बिका ग्रामके लोग उसे उतना नहीं जानते जितना मैं जानती हूँ।

मैं उससे घृणा करती हूँ।

मल्लिका माँ।
अम्बिका कैसी विचक्षणता है!

निक्षेप विचक्षणता?

ऐसी स्थितिमें बलाघात प्राथमिक रहता है क्योंकि द्वितीय अथवा तृतीयके साथ किसी प्रकारकी सापेक्षताका प्रश्न नहीं रहता।

वाक्यके प्रथम बलाघातसे निश्चय ही एक विशेषता आ जाती है। भाषाकी

यह विशेष औत्भूति बोलनेमें ही नहीं, लिखित भाषामें भी बलाघात चिह्न देकर स्पष्ट की जा सकती है।

५.३ हिन्दी-वाक्य और सुरक्रम

सुरक्रम एक वाग्मूला औदभूति है। वक्ता और रचनाके बीच एक सापेक्षिक सम्बन्ध होता है। किसी भी एक रचनाको वक्ताकी मन स्थितिके अनुरूप वाणीके माध्यमसे विभिन्न प्रकारसे प्रस्तुत किया जा सकता है। इस विविध प्रस्तुतीकरणमें सुरक्रमका विशिष्ट महत्त्व होता है। अर्थमूलक होनेके नाते वाक्य विचारान्तर्गत इसका अपना महत्त्व है।

५.३.१ सुरक्रमके प्रकार

क्रम पर विचार करते हुए कहा जा चुका है कि वाक्य अथवा वाक्यांशमें पदका स्थान अर्थसापेक्ष होता है। यदि क्रममें ही परिवर्तन हो जाए, तो बिना भिन्न मन स्थितिके ही पद-योजनामें सुरक्रममूलक अन्तर आ जाता है। इस प्रकार हिन्दीमें दो प्रकारका सुरक्रम पाया जाता है। एकका सम्बन्ध वक्ताकी बदलती हुई मन स्थितिसे होता है। इस स्थितिमें क्रमम परिवर्तन अथवा अपरिवर्तनसे कोई अन्तर नहीं आता। दूसरेका सम्बन्ध क्रमान्तरसे होता है। इसमें वक्ताकी मन स्थितिका महत्त्व गौण होता है क्रम स्वयं निर्णायक होता है। हम दोनों प्रकारके उदाहरण लेकर हिन्दीकी इस महत्त्वपूर्ण औदभूतिका चित्रित करनेका प्रयास कर रहे हैं।

५.३.१.१ क्रमान्तर और सुरक्रम

आप पुस्तक पढ़ लें। #

पुस्तक आप पढ़ लें। #

क्या करोगे ?। #

करोगे क्या ? #

५ ३ १ २ वक्ताकी मन स्थिति और सुरक्रम

वक्ताकी मन स्थितिके अनुसार कुछ वाक्योंमें अर्थाश्रित सुरक्रमसूचक भिन्नता

पाई जाती है।

आइय पधारिय ! (प्रार्थनामूलक)

काम करिय। (आदेशमूलक)

गधका बच्चा। (अपशब्द)

उसका बुरा हो। (अभिशापमूलक)

खुश रहो। (वरदानमूलक)

५ ३ २: एकपदीय वाक्य

एकपदीय वाक्योंमे भी सुरक्रमके द्वारा विभिन्न अर्थोंकी योजना सम्भव हो सकती है।

अच्छा (सहज स्वीकृति)

अच्छा (सन्देह)

अच्छा? (प्रश्न)

अच्छा! (विस्मय)

हिन्दीमे पाई जानेवाली सुरक्रममूलक भौदृमुद्रिकी ओर संकेत करनेके

पश्चात् यह कहना समीचीन प्रतीत होता है कि हिन्दी भाषा इस दृष्टिसे बड़ी समृद्ध है। अर्थ विच्छित्तिकी दृष्टिसे गुरुत्वमूलक अर्थभेदोंके पाने जानेवाले अर्थ वैविध्यके मूल्यांकनके लिए हिन्दीमें बहुत अवकाश है।

५ ४ हिन्दी वाक्य और विराम

वाक्यके अन्तर्गत अर्थ-बोधमूलक सीमान्तों अथवा संकेतोंका होना अनिवार्य है। ये सीमान्त अथवा संकेत ध्वनि-सापेक्ष होते हैं। वस्तुत ये सीमान्त अथवा संकेत ही विराम हैं। विराम दो प्रकारके होते हैं—सीमान्तिक और योगमूलक।

५ ४ १ सीमान्तिक विराम

स्थूल रूपसे सीमान्तिक विराम तीन प्रकारके होते हैं—स्तरीय निम्नाभिमुख और उच्चाभिमुख। स्तरीय विरामसे अपूर्ण कथनका बोध होता है इसके बाद लगता है कि कुछ कथ्य शेष है। निम्नाभिमुख विरामके पश्चात निरन्तर हल्की होती हुई ध्वनि प्रसंगके एक पूर्ण अंशकी समाप्तिका बोध कराती है। उच्चाभिमुख विराममें निरन्तर तेज होती हुई ध्वनिसे प्रसंगके एक अंशकी परिसमाप्तिका बोध होता है।

५ ४ १ १ स्तरीय विराम

स्तरीय विरामके चार भेद हो सकते हैं—वाक्यके भीतर किसी पद अथवा वाक्यांशके समानाधिकरण अथवा व्याख्यापरक वाक्यांशसे पूर्व आनेवाला अल्प विराम, दो समकक्षीय अथवा समान स्तरवाले वाक्यों अथवा उपवाक्योंके बीचमें आनेवाला अपेक्षाकृत दीर्घविराम पूर्ववर्ती वाक्यमें स्पष्ट न होनेवाले अर्थको विस्तारके साथ अभिव्यक्त करनेवाले वाक्य अथवा उपवाक्यसे पूर्व आनेवाला अपेक्षाकृत दीर्घतर विराम भावावेशके चरमपर पहुँचकर व्याकरणिक दृष्टिसे अपूर्ण वाक्यके बाद आनेवाला विराम। पहला स्तरीय सीमान्तिक विराम लिखित भाषामें ( ) के द्वारा दूसरा ( ) के द्वारा तीसरा ( ) के द्वारा और चौथा (—या—) के द्वारा व्यक्त किए जाते हैं। इस प्रसंगमें द्रष्टव्य यह है कि इन सब प्रकारके स्तरीय सीमान्तिक विरामोंके पश्चात प्रसंगगत पूर्णताकी दृष्टिसे अर्थकी आकांक्षा बनी रहती है।

विरामोंको निम्नांकित रूपोंमें सूचित किया जा रहा है—

(,)=।, (,)=।।, ( )=।।।, (—या—)=।।।।, ( )=v

स्तरीय विराम

⌊पुतपर एक दीया था⌋¹, ⌊पर यहां तो ठीक है⌋।¹ १।२#
⌊शेखरको एक ओर पहरा देनेकेलिए नियुक्त किया गया⌋¹
⌊युवकको दूसरी ओर⌋।¹ १।।२#
⌊आप कहते⌋¹ ⌊बनता है⌋¹, ⌊जमा रहा है⌋¹,
⌊फिर या शरमानेसे लाभ भी कुछ नहीं था⌋।¹ १।।२।३।४#
⌊दिन छिपे तक लौट आऊँगा⌋¹—⌊घबराना मत⌋।¹ १।।।२ #
⌊स्वीकार तो अब भी नहीं किया⌋¹—⌊पर आज
समझ गई⌋¹ ⌊मैं⌋³ ⌊क्लासें आगे चली गई हूँ⌋¹ ।
१।।।२v३v४v #

५ ४ १ २ निम्नाभिमुख विराम

निम्नाभिमुख विराम प्रश्नमूलक अथवा विस्मयमूलक वाक्योंको छोड़कर अन्य सब प्रकारके वाक्योंकी परिसमाप्तिपर पाया जाता है। इस विरामकी उपस्थितिपर वाक्यकी अन्तिम ध्वनि निरन्तर धीमी होते होते विलीन हो जाती है।

⌊मेरे विचारमें बहुत बड़ी तृप्ति मिलती है⌋।¹
(सामान्य कथन) १# ↘
⌊वह चार-पांच दिन घरसे नहीं निकला⌋।¹ (निषेधमूलक) १# ↘
⌊अभी यह काम समाप्त करना होगा⌋।¹ (आदेशमूलक) १# ↘
⌊मैं जीवित रह सकूंगा⌋।¹ (सन्देहमूलक) १# ↘
⌊मैं चाहता हूँ⌋¹ कि ⌊तुम एक महिमामयी (इच्छामूलक)
विदूषी बनो।⌋।² १/२# ↘

५ ४ १ ३ उच्चाभिमुख विराम

उच्चाभिमुख विराम सामान्यतया दो प्रकारके वाक्योंमें पाया जाता है—प्रश्नमूलक एवं विस्मयमूलक। इस विरामकी उपस्थितिपर अन्तिम ध्वनि उच्चसे उच्चतर होती हुई विलीन हो जाती है।

⌊इस प्रशान्तिमें⌋¹, ⌊सिमटे हुए आलोकमें भी⌋¹
⌊चीत्कार है⌋?¹ ⌊क्या क्रन्दन है⌋¹ १।२।।३।४# ↗
⌊बहुत ऊँची कल्पना है!⌋¹ ⌊लिख चुके क्या⌋?¹ १# ↗ २# ↗

५४२ योगमूलक विराम

योगमूलक विराम वाक्यांशकी सीमाओंके भीतर आते हैं। इस प्रकारके विरामोंका अर्थ-बोधकी दृष्टिसे वही महत्त्व है जो वाक्यांशोंका वाक्यमें होता है। इस विरामके कारण पद विच्छिन्न होकर विकारी पदका अभिधान ग्रहण कर लेते हैं। योगमूलक विराम चिह्न + है।

पद	विकारीपद	
नलकी	└नल┘' + └की┘' →	१ + २
पालकी	└पाल┘' + └की┘' →	१ + २
ढोलकी	└ढोल┘' + └की┘' →	१ + २
धोखा	└धो┘' + └खा┘' →	१ + २

५४३ अनुच्छेदमूलक विराम

वाक्य पूर्णकी आंशिक पूर्ण इकाई है। इन आंशिक पूर्ण इकाइयोंके योगसे वृहद अंश अनुच्छेदकी संरचना होती है। इन वृहद अंशोंके योगसे पूर्णकी रचना संभव होती है। पूर्णके नियोजक इन वृहदंशोंके बीच भी विराम होता है। वाक्यके भीतर जिस प्रकार आकांक्षामूलक विराम होता है उसी प्रकारका विराम अनुच्छेदोंके बीच होता है। कालक्षेपकी दृष्टिसे अनुच्छेदोंके बीच आया हुआ यह विराम वाक्यके भीतर आए हुए विरामसे अपेक्षाकृत दीर्घकालिक होता है। अर्थकी दृष्टिसे यह स्तरीय, निम्नाभिमुख एवं उच्चाभिमुख हो सकता है। विचारक्रम जब विस्मय और प्रश्नमूलक नहीं होता तब यह प्रकृत्या स्तरीय होता है। जहाँ निष्कर्ष अपेक्षित होता है वहाँ निम्नाभिमुख होता है और जब विस्मय एवं प्रश्नकी संभावनाएँ होती हैं तब उच्चाभिमुख होता है। इन विरामोंको हम निम्नलिखित चिह्नों द्वारा अंकित कर रहे हैं।

अनुच्छेदमूलक स्तरीय (॥)

अनुच्छेदमूलक निम्नाभिमुख

अनुच्छेदमूलक उच्चाभिमुख

५ ४ ३ १ अनुच्छेदमूलक स्तरीय विराम

└ मुझे इनको देखकर उन नेताओंकी बात याद आती है जो इसी प्रकार जमानेका रुख नहीं पहचानते और जब तक नई पीढ़ीके लोग उन्हें धक्का मारकर निकाल नहीं देते तब तक जमे रहते हैं ┘।[1]

└ मैं सोचता हूँ कि पुरानोंकी यह अधिकारलिप्सा क्यों नहीं समय रहते साव धान हो जाती। ┘[1]

५ ४ ३ २ अनुच्छेदमूलक उच्चाभिमुख

└ शिरीषकी मस्तीको देखो। लेकिन अनुभवने मुझे बताया है कि कोई किसीकी नहीं सुनता! मरने दो! ┘[1]

└ कालिदास वजन ठीक रख सके थे क्योंकि वे अनासक्त योगीकी स्थिर प्रज्ञता और विदग्ध प्रेमीका हृदय पा चुके थे। ┘[1]

└ तब यह सोचकर कि दादियके विनोद भाव भी जानकर वह तो मैं ही लिया जाएगा उसने कह दिया था, 'अभी काफ़ी है।' किन्तु नानीने फिर वही

प्रश्न पूछनेपर उसने कहा था— क्या ? ⌋[१]

⌊ 'आप आगे पढ़ेंगे नहीं ?" ⌋[२]

⌊ क्या स्वाधीनता दी थी निणयकी ? क्या दाना सूक्तामें महानुभूतिका वचन दिया था ? ⌋[१]

⌊ उसे याद आया कि उसने क्या लिखा था यह मामला शशिका है शशिके अतिरिक्त किसीका भी नहीं और इसमें परामर्श भी किसीका ग्राह्य नहीं है ⌋।[१]

५ ४ ३ ३ अनुच्छेदमूलक निम्नाभिमुख

⌊ फूल हो या पेड़ वह अपने आपमें समाप्त नहीं है वह किसी अन्य व्यक्तिको दिखानेके लिए उठी हुई अंगुली है वह इशारा है। ⌋[१]

⌊ शिरीष तरु सचमुच पक्के अवधूतकी भाँति मेरे मनमें एसी तरंग जगा देता है जो ऊपरकी ओर उठती रहती है। शिरीष वायुमण्डलसे रस खींचकर इतना कोमल और इतना कठोर हो सका था। मैं जब जब शिरीषकी ओर देखता हूं तब तब हूक उठती है—हाय, वह अवधूत आज कहाँ है। ⌋[२]

⌊ यह सिलसिला मैं कभी नहीं तोड़ सकता क्योंकि मैं उनकी कद्र किया करता हूँ, और इससे मुझे प्रेरणा हिम्मत और हौसला मिलता है। मेरी रम

आकांक्षाकी पुष्टिके लिए और भारतकी संस्कृतिको श्रद्धांजलि भेंट करनेके लिए मैं यह दरख्वास्त करता हूँ कि मेरी भस्मकी एक मुट्ठी इलाहाबादके पास गंगामें डाल दी जाए, जिससे कि वह उस महासागरमें पहुँचे जो हिन्दुस्तानको घेरे हुए है।⌋¹

⌊मेरी भस्मके बाकी हिस्सेका क्या किया जाए? मैं चाहता हूँ कि इसे हवाई-जहाजमें ऊँचाईपर ले जाकर बिखेर दिया जाए उन खेतोंपर जहाँ भारतके किसान मेहनत करते हैं ताकि वह भारतकी मिट्टीमें मिल जाए और उसीका अंग बन जाए।⌋²

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि विराम भाषाकी एक महत्त्वपूर्ण अनुभूति है। भाषाकी सब इकाइयोंमें इसकी सत्ता विद्यमान है।

६
हिंदी सरचनामे अर्थ

व्याकरणोम जो शब्द भेद सम्बन्धी विभाजन है,
एव उपयोगी नही है क्योकि प्रसग भेदसे शब्दोके धम
किसी निश्चित भेदके रूपम स्वीकार करना समीचीन
सज्ञा और क्रिया सर्वाधिक महत्त्वपूण है। इनके
सम्बन्ध तथा पारस्परिक सम्बन्ध अथकी दष्टिसे
उपवाक्य आदिम जो प्रसगानुरूप अथ विच्छित्ति '
विश्लेषणकी दष्टिस उल्लेख्य है। पदासे लेकर वा
अथ नही होते जो उनके अलग अलग कोषगत अथ

६ १ निजी और सार्व

मैं आपस मिलता हूँ।

मैं आपसे चार बजे मिल रहा हूँ।

उपयुक्त दोनो वाक्योम मिल का प्रयोग हुआ
दूसरा सावजनिक।

शिक्षकोके शिष्ट मण्डलने प्रधानमन्त्रीसे भेंट की

यह लेखनी मुझे भेंटमे मिली है।

दवीको भेंट चढानी है।

यहाँ भेंट के तीन प्रयोग है पहले प्रयोगम भेंट
और तीसरे प्रयोगोम भेंट का प्रयोग सवथा निजी अ

वह इस मकानम रहा है।

वह उस मकानम जा रहा है।

वह जा रहा है।

